✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक



पटना विश्वविद्यालय के नवनिर्मित भवन का निरीक्षण करते सीएम नीतीश कुमार

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 301 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, मंगलवार, 31 मार्च 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com

# नीतीश कुमार ने विधान परिषद एवं नितिन नवीन ने बिहार विधान सभा की सदस्यता से दिया इस्तीफा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार की राजनीति में आज एक युग का अंत और एक नए अध्याय का आगाज हो गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार विधान परिषद की सदस्यता से जबकि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने बांकीपुर निर्वाचन क्षेत्र के विधायक पद से आधिकारिक तौर पर इस्तीफा दे दिया है। 16 मार्च 2026 को राज्यसभा के लिए निर्विरोध चुने जाने के बाद नीतीश कुमार ने उच्च सदन जाने का फैसला किया है। नीतीश कुमार का यह कदम भारतीय राजनीति के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज हो गया है क्योंकि अब वे उन राजनेताओं की सूची में शामिल हो गए हैं जिन्होंने लोकतंत्र के चारों सदनों का प्रतिनिधित्व किया है। नीतीश कुमार का विधायी सफर किसी फिल्मी पटकथा से कम नहीं है। उन्होंने अपने संसदीय जीवन की शुरुआत 1985 में नालंदा की हरनौत विधानसभा सीट से विधायक बनकर की थी। इसके बाद 1989 में वे पहली बार नौवीं लोकसभा के सदस्य बने और केंद्र में अपनी धमक दिखाई। साल 2006 से वे लगातार बिहार विधान परिषद के सदस्य के रूप में राज्य की कमान संभाल रहे थे। अब 2026 में राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ लेने के साथ ही उनके नाम वह दुर्लभ गौरव जुड़ गया है, जिसमें नेता लोकसभा, राज्यसभा, विधानसभा और विधान परिषद–इन चारों सदनों का हिस्सा रह चुका हो। इस्तीफा देने से ठीक पहले मुख्यमंत्री आवास पर जदयू के वरिष्ठ नेताओं की अहम बैठक हुई। इसमें केंद्रीय मंत्री ललन सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा, विजय कुमार चौधरी और अशोक चौधरी समेत कई बड़े नेता मौजूद रहे। बैठक में आने वाले समय की राजनीतिक रणनीति पर चर्चा हुई, जिससे साफ है कि यह फैसला आगे की बड़ी सियासी तैयारी का हिस्सा है। नीतीश कुमार की पहचान एक ऐसे नेता के रूप में है जिन्होंने बिहार को अराजकता से निकालकर विकास की पटरी पर खड़ा किया। केंद्र में रेल मंत्री रहते हुए उन्होंने रेलवे में जो क्रांतिकारी सुधार किए, उन्हें आज भी याद किया जाता है। बिहार के मुख्यमंत्री के तौर पर शराबबंदी, छात्राओं के लिए साइकिल योजना और पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं को 50% आरक्षण देने जैसे उनके फैसलों ने देश के अन्य राज्यों के लिए रोल मॉडल का काम किया। अब राज्यसभा में उनकी उपस्थिति राष्ट्रीय राजनीति के समीकरणों को प्रभावित करने वाली साबित होगी।





# बिहार में एक करोड़ गरीबों को मिलेगा पक्का घर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में अब उन गरीब परिवारों का पक्का घर का सपना जल्द पूरा होने वाला है, जो अब तक प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाइ-जी) से वंचित थे। ग्रामीण विकास विभाग ने आवास प्लस 2.0 के तहत नए लाभार्थियों का सर्वे और वेरिफिकेशन पूरा कर लिया है। अब सरकार जल्द ही प्राथमिक सूची तैयार कर लोगों को घर देने की प्रक्रिया शुरू करेगी। जैसे ही केंद्र सरकार से पैसा आएगा, लाभार्थियों को इसका फायदा मिलने लगेगा। इस बार करीब एक करोड़ 4 लाख परिवारों को वेटिंग लिस्ट में शामिल किया गया है। इन सभी का वेरिफिकेशन भी पूरा हो चुका है। अब इन्हें प्राथमिकता के आधार पर घर दिए जाएंगे। इससे पहले भी बिहार इस योजना में अच्छा प्रदर्शन कर चुका है। 2016-17 से 2021-22 के बीच राज्य ने 36 लाख 61 हजार गरीब परिवारों को पक्का घर देकर देश में पहला स्थान हासिल किया था। इसके बाद 2021-22 से 2025-26 तक करीब 2 लाख 88 हजार 743 परिवारों को घर मिला। इस तरह अब तक कुल मिलाकर लगभग 39 लाख 49 हजार 743 परिवारों को पक्का मकान मिल चुका है। इस योजना पर अब तक करीब 53 हजार 952 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं। सरकार का कहना है कि इस योजना ने गरीबों की जिंदगी में बड़ा बदलाव लाया है। इस योजना के तहत लाभार्थियों को तीन किस्तों में कुल 1 लाख 54 हजार 950 रुपये की सहायता दी जाती है। इसमें घर बनाने के लिए 1.20 लाख रुपये, मनरेगा के तहत मजदूरी के रूप में 22950 रुपये और शौचालय के लिए 12 हजार रुपये शामिल हैं। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि सूची केंद्र को भेज दी गई है और मंजूरी मिलते ही आगे प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम नीतीश कुमार ने दी महावीर जयंती की बधाई

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महावीर जयंती पर भगवान महावीर को नमन करते हुये राज्य एवं देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि भगवान महावीर का संदेश सत्य और अहिंसा का है। हम सब भगवान महावीर द्वारा बताये गये अहिंसा के मार्ग को अपनाने का संकल्प लें। सत्य और अहिंसा के रास्ते पर चलकर राज्य एवं देश में शान्ति, सद्भाव एवं विश्वास के रिश्ते को मजबूत करें।

### घूस लेते दारोगा रंगे हाथ गिरफ्तार

**हाजीपुर(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार में भ्रष्टाचार के खिलाफ निगरानी विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। वैशाली जिले के पातेपुर थाना में तैनात सब-इंस्पेक्टर अखिलेश सिंह को 15 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। इस मामले की शिकायत परिवादी चंदन कुमार ने निगरानी विभाग में लिखित रूप में दर्ज कराई थी। शिकायत में कहा गया कि पातेपुर थाना कांड संख्या 84/26 और 85/26 में केस डायरी लिखने और मामले को रफा-दफा करने के बदले दारोगा अखिलेश सिंह 15 हजार रुपये रिश्वत मांग रहे हैं।

### बिहार कैडर के चार आइपीएस अफसरों को मिली प्रोन्नति

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** नीतीश सरकार ने भारतीय पुलिस सेवा के चार अधिकारियों को प्रोन्नति दी है। इस संबंध में गृह विभाग की तरफ से अधिसूचना जारी कर दी गई है। चारो आईपीएस अधिकारियों को डीजी रैंक में प्रमोशन दिया गया है। केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर गए 1994 बैच के आईपीएस अधिकारी अमित कुमार और अनुपमा नीलेकर चंद्रा को अपर पुलिस महानिदेशक कोटि से पुलिस महानिदेशक कोटी में प्रोफार्मा प्रोन्नति दी गई है। इन्हें वेतनमान स्तर-16 में प्रमोट किया गया है। वहीं बिहार में पदस्थापित भारतीय पुलिस सेवा के 1994 बैच के दो अफसर को भी प्रोन्नति दी गई है। इनमें डॉक्टर परेश सक्सेना और निर्मल कुमार आजाद शामिल हैं।

### दिनदहाड़े कारोबारी की गोली मारकर हत्या

**मुजफ्फरपुर (नबिटा ब्यूरो)।** अहियापुर थाना क्षेत्र के व्यस्त बाजार समिति रोड पर बाइक सवार बदमाशों ने गिट्टी-बालू और जमीन से जुड़े कारोबारी की गोली मारकर हत्या कर दी। इस घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और लोगों में दहशत का माहौल है। मृतक की पहचान गायघाट के बेरुआ गांव के प्रभाकर सिंह के रूप में हुई है। सोमवार को वह सड़क से गुजर रहे थे, तभी पहले से घात लगाए बाइक सवार अपराधियों ने उन्हें ओवरटेक किया, इसके बाद पीछे से ताबड़तोड़ गोली चला दी। वारदात को अंजाम देने के बाद अपराधी हथियार लहराते हुए फरार हो गए।

# औरंगाबाद कांग्रेस को मिला नया नेतृत्व, पूर्व विधायक आनंद शंकर सिंह बने जिलाध्यक्ष

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** औरंगाबाद के पूर्व विधायक आनंद शंकर सिंह को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का औरंगाबाद जिलाध्यक्ष बनाया गया है। उनको जिलाध्यक्ष मनोनीत किए जाने के बाद जिले की सियासत में हलचल तेज हो गई है। उनके मनोनयन से पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है और संगठन में नई ऊर्जा का संचार देखा जा रहा है। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष आनंद शंकर सिंह ने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने उन पर जो भरोसा जताया है, उस पर वे पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। इसके लिए बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को सक्रिय किया जाएगा और हर वर्ग के लोगों को पार्टी से जोड़ने के लिए अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जनता से जुड़े मुद्दों जैसे रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाओं को प्रमुखता से उठाया जाएगा। कांग्रेस की नीतियों और विचारधारा को गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा ताकि पार्टी को मजबूती मिल सके।

मुख्यमंत्री ने पटना विवि के नवनिर्मित प्रशासनिक एवं शैक्षणिक भवन का किया उद्घाटन

# छात्रों को मिलेगा गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक माहौल : नीतीश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को 147.29 करोड़ रूपये की लागत से पटना विश्वविद्यालय के नवनिर्मित प्रशासनिक एवं शैक्षणिक भवन (कला संकाय) का शिलापट्ट अनावरण कर एवं फीता काटकर उद्घाटन किया। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने पटना विश्वविद्यालय के नवनिर्मित प्रशासनिक एवं शैक्षणिक भवन (कला संकाय) का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं एवं सुविधाओं की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्वविद्यालय के शैक्षणिक बुनियादी ढांचे के मजबूत होने से यहां की शिक्षा प्रणाली को और बेहतर बनाने तथा प्रशासनिक कार्यों का सुव्यवस्थित ढंग से संचालन करने में सहूलियत होगी। साथ ही विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक माहौल और सुविधाएं मिल सकेंगी। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, उच्च शिक्षा, शिक्षा तथा विज्ञान प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री सुनील कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. चन्द्रशेखर सिंह, उच्च शिक्षा विभाग के सचिव राजीव रौशन, पटना विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजय कुमार सिंह, जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम, बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड की प्रबंध निदेशक इनायत खान, वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के. शर्मा आदि उपस्थित थे।

# सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी और कानूनगो को मिलेगा सीओ का प्रभार

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** डीएसएलआर पद पर पदोन्नति सहित अन्य मांगों को लेकर सीओ और राजस्व अधिकारी अनिश्चितकालीन सामूहिक अवकाश पर हैं। सीओ और आरओ के हड़ताल ने राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री से लेकर आला अधिकारियों की टेंशन बढ़ा दी है। विभागीय मंत्री सह राज्य के डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा के आदेश पर विभाग के प्रधान सचिव सीके अनिल ने अब नया आदेश जारी किया है। जिसमें जिलाधिकारी को लिखे पत्र में प्रधान सचिव ने कहा है कि सीओ और राजस्व पदाधिकारी के सामूहिक अवकाश के दौरान राजस्व कार्यों के सुचारू संचालन के लिए बिहार राजस्व सेवा में कार्यरत पदाधिकारी को अंचल का अतिरिक्त प्रभार देने का आदेश दिया है।

# बिहार के विकास के लिए हमेशा करूंगा काम : नितिन नवीन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने बांकीपुर निर्वाचन क्षेत्र के विधायक पद से इस्तीफा दे दिया है। इसका ऐलान उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर किया। साथ ही उन्होंने विधायक रहते हुए अपना एक्सपीरियंस शेयर करते हुए इमोशनल पोस्ट भी लिखा। इसके अलावा उन्होंने कुछ तस्वीरें भी शेयर की। नितिन नवीन ने लिखा कि आज मैं बिहार विधानसभा के बांकीपुर निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचित सदस्य पद से इस्तीफा दे रहा हूं। पार्टी ने मुझे जो नई भूमिका दी है, उसके माध्यम से भी मैं अपने क्षेत्र और बिहार के विकास के लिए सदैव तत्पर और संकल्पित रहूंगा। मेरे कार्यकर्ताओं और बिहार की जनता के साथ मेरा जो अटूट संबंध है, वह सदैव बना रहेगा और मुझे हमेशा नई ऊर्ज़ा, प्रेरणा और मार्गदर्शन देता रहेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में 2047 के विकसित भारत और विकसित बिहार बनाने के सपने को साकार करने की दिशा में मैं निरंतर प्रयासरत रहूंगा। एक्स पर नितिन नवीन ने बताया कि जनवरी 2006 में उनके पिता के निधन के बाद बीजेपी ने उन पर भरोसा जताते हुए पटना पश्चिम से उपचुनाव लड़ने का अवसर दिया। 27 अप्रैल 2006 को उन्होंने पहली बार पटना पश्चिम क्षेत्र से निर्वाचित होकर सामाजिक और राजनीतिक जीवन की शुरुआत की। मैंने सदैव अपने क्षेत्र और बिहार के विकास के लिए समर्पित भाव से कार्य किया। इसी का प्रतिफल है कि यहां की जनता ने मुझे लगातार पांच बार सदन में अपना प्रतिनिधि चुनकर सेवा का सौभाग्य प्रदान किया। सदन के अंदर हो या सदन के बाहर, दोनों ही स्थानों का उपयोग मैंने अपने क्षेत्र और बिहार की जनता की आवाज उठाने और उनकी समस्याओं के समाधान का मार्ग निकालने के लिए किया। एक्स पोस्ट के जरिए ही नितिन नवीन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को धन्यवाद कहा। साथ ही पटना और बिहार की जनता को उन्होंने आश्वासन दिया कि बिहार के लिए वे हमेशा काम करते रहेंगे।

दाउदनगर अनुमंडल के स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं



प्रमोद चंद्रवंशी
पूर्व सदस्य
बिहार राज्य अति पिछड़ा आयोग
प्रदेश संयोजक : भाजपा (अति पिछड़ा प्रकोष्ठ)
पूर्व प्रत्याशी, ओबरा विधानसभा क्षेत्र

# बिहार में अब 24 घंटे में मिलेगा मृत्यु प्रमाण पत्र

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार में नई व्यवस्था के तहत 24 घंटे में ही ई-मेल, व्हाट्सएप या फिर एप के जरिए मृत्यु प्रमाण पत्र मिल जाएगा। बिहार के गांवों में इस व्यवस्था से लोगों को सहूलियत मिल सकेगी। इस व्यवस्था को इसलिए लाया गया है ताकि पारदर्शी और समय पर मृत्यु के रजिस्ट्रेशन और सर्टिफ़िकेट को जारी किया जा सके। पंचायती राज विभाग की ओर से वार्ड सदस्य को जिम्मेदारी सौंपी गई है। कब्रिस्तान, श्मशान घाट, मोक्ष धाम, शवदाह गृह का प्रभारी वार्ड सदस्य को बनाया गया है। अंत्येष्टि के बाद वार्ड सदस्य प्रारूप (डेटा) पंचायत सचिव-सह-रजिस्ट्रार को देंगे। बिहार के गांव इलाके में लोगों को मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए काफी परेशानी झेलनी पड़ती थी लेकिन अब उन्हें ऑफिस के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। जानकारी के मुताबिक, अगर किसी का निधन गांव में ही हुआ है तो पंचायत सचिव ही सर्टिफिकेट दे देंगे। लेकिन किसी का निधन पंचायत क्षेत्र से बाहर हुआ है तो सर्टिफिकेट के लिए पंचायत नहीं बल्कि जिला ऑफिस जाना पड़ेगा। मृतक के परिजन अगर चाहते हैं तो डेथ सर्टिफिकेट की हार्ड कॉपी पंचायत ऑफिस में भी जाकर ले सकते हैं।

# घूस लेते लिपिक और स्टेनो गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**भागलपुर।** बिहार सरकार की भ्रष्टाचार विरोधी मुहिम के तहत निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने सोमवार को भागलपुर में बड़ी कार्रवाई की है। सदर अनुमंडल पदाधिकारी कार्यालय में छापेमारी कर टीम ने लिपिक मयंक कुमार और स्टेनो प्रेम कुमार को 70 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। जानकारी के अनुसार नाथनगर आपूर्ति कार्यालय में तैनात अभिजीत कुमार से उनकी सेवा संपुष्टि के बदले आरोपियों ने मोटी रकम की मांग की थी। परेशान होकर पीड़ित ने इसकी शिकायत पटना स्थित निगरानी विभाग से की। शिकायत की पुष्टि होने के बाद विभाग ने जाल बिछाया। निगरानी डीएसपी विद्यांचल प्रसाद के नेतृत्व में 9 सदस्यीय टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया। जैसे ही पीड़ित ने पैसे दिए, सादे लिबास में मौजूद टीम ने दोनों को दबोच लिया। गिरफ्तारी के बाद प्रशासनिक गलियारों में हड़कंप मच गया है। निगरानी की टीम दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पटना रवाना हो गई है, जहां उन्हें विशेष अदालत में पेश किया जाएगा। डीएसपी ने स्पष्ट किया कि भ्रष्टाचार के खिलाफ यह जीरो टॉलरेंस की नीति आगे भी जारी रहेगी।



बिहार सरकार

मुख्यमंत्री
बिहार

संदेश

विश्व को "अहिंसा परमो धर्मः" का पाठ पढ़ाने वाले जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर के संदेश आज भी मानवता के लिए प्रकाश स्तम्भ हैं। अज्ञानता के अंधकार में जब मनुष्य भटक कर अपने पथ से विचलित होने लगता है, तब इनकी अमृतवाणी मानवता को सही मार्ग दिखाती है।

आज भगवान महावीर जयंती का दिन उनके त्याग और तपस्या को याद करने का दिन है। अहिंसा के संदेशवाहक भगवान महावीर का जीवन दर्शन हम सभी के लिए प्रेरणादायी है। लोगों से मेरी अपील है कि आज के दिन को निरामिष दिवस के रूप में मनायें एवं भगवान महावीर के उपदेशों को आत्मसात् करें।

मेरी ओर से समस्त बिहारवासियों को महावीर जयंती की हार्दिक शुभकामनाएँ।

नीतीश कुमार

PR No.- 027206 (Home)D. 2025-26

# जनता दरबार में गूंजी फरियादियों की आवाज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुनने और उनके त्वरित समाधान के उद्देश्य से सोमवार को पुलिस कार्यालय डिहरी में जनता दरबार में पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे फरियादियों की शिकायतों को सीधे सुना। जनता दरबार में बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने जमीन विवाद, आपसी रंजिश, मारपीट सहित विभिन्न सामाजिक समस्याओं से जुड़े मामलों को एसपी के समक्ष रखा। पुलिस अधीक्षक ने हर एक मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसपी रौशन कुमार ने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निष्पक्ष और समयबद्ध निष्पादन हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या टालमटोल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान फरियादियों ने अपनी समस्याएं सीधे उच्च अधिकारी तक पहुंचने पर संतोष व्यक्त किया और इस पहल की सराहना की। जनता दरबार के माध्यम से एक बार फिर यह संदेश गया कि रोहतास पुलिस आम जनता की सुरक्षा और न्याय दिलाने के लिए पूरी तरह संवेदनशील और प्रतिबद्ध है।

## 'सबका सम्मान-जीवन आसान' के तहत एसडीएम ने किया जनता दरबार आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल पदाधिकारी, बिक्रमगंज द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में सोमवार को आयोजित 'सबका सम्मान-जीवन आसान' के तहत जनता दरबार का आयोजन किया गया जिसमें अनुमंडल क्षेत्र के आम नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने लोगों की समस्याएं सुनीं और उनके निपटारे के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जनता दरबार में भूमि विवाद से संबंधित 17 मामले सामने आए जिनमें लोगों ने अपनी जमीन के विवादों को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी के समक्ष अपनी बात रखी। इसके अलावा राशन कार्ड से संबंधित 43 मामले भी आए जिनमें लोगों ने राशन कार्ड बनवाने, सुधार करवाने या अन्य समस्याओं को लेकर अपनी बात कही। इसके अलावा अन्य 10 मामले भी आए जिनमें लोगों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी से गुहार लगाई। अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी आवेदन पत्रों को शीघ्र निष्पादन के लिए संबंधित कार्यालयों और पदाधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंचाने के लिए यह जनता दरबार आयोजित किया गया है और लोगों की समस्याओं का समाधान करना उनकी प्राथमिकता है। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि सरकार की ओर से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है और उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता दरबार के माध्यम से लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान किया जा रहा है और आगे भी यह प्रक्रिया जारी रहेगी।

# कैमूर में गैस आपूर्ति सामान्य, प्रशासन सतर्क

## जिले में 2620 सिलेंडर उपलब्ध, वितरण जारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भभुआ।** कैमूर जिले में रसोई गैस (एलपीजी) की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है। एचपीसीएल, बीपीसीएल और आईओसीएल की कुल 19 गैस एजेंसियों के माध्यम से सुचारू वितरण हो रहा है। जिलाधिकारी ने प्रेस वार्ता कर बताया कि आज की स्थिति में जिले में कुल 3877 गैस सिलेंडर उपलब्ध थे जिनमें से 1257 का वितरण पहले ही कर दिया गया है। अभी भी 2620 सिलेंडर स्टॉक में हैं। वर्तमान में कुल बुकिंग 15239 है जिसे अगले दो-तीन दिनों में पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। जिला प्रशासन ने गैस समस्या के समाधान के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है। इसका नंबर 06189-222080 है। 14 मार्च से अब तक कुल 273 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें से 164 का निराकरण हो चुका है। शेष शिकायतों को 24 घंटे के अंदर निपटाने का प्रयास जारी है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी एवं अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा सभी गैस एजेंसियों और 105 व्यावसायिक प्रतिष्ठानों (होटल, रेस्टोरेंट आदि) पर छापेमारी की गई। जांच में किसी भी व्यावसायिक जगह पर घरेलू सिलेंडर का दुरुपयोग नहीं पाया गया। व्यावसायिक उपयोग के लिए कोयला, लकड़ी, इंडक्शन व डीजल का इस्तेमाल किया जा रहा है। शहरी क्षेत्रों में 25 दिनों और ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिनों पर ऑनलाइन बुकिंग की जा रही है। अनुमंडल पदाधिकारी, भभुआ/मोहनियां द्वारा सुचारू वितरण के लिए दंडाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि अफवाहों पर ध्यान न दें और नियंत्रण कक्ष पर संपर्क करें। कालाबाजारी या जमाखोरी करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिस निरीक्षक ने किया दावथ थाना में लंबित कांडों का निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल क्षेत्र के पुलिस निरीक्षक, विक्रमगंज शेर सिंह यादव ने दावथ थाना में लंबित कांडों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना क्षेत्र में लंबित मामलों की अद्यतन प्रगति की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पुलिस निरीक्षक ने मामलों के त्वरित एवं निष्पक्ष निष्पादन को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को उचित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पुलिस का मुख्य उद्देश्य अपराध को रोकना और पीड़ितों को न्याय दिलाना है और इस दिशा में सभी



आवश्यक कदम उठाए जाने चाहिए। पुलिस निरीक्षक ने थाना के अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिया कि वे लंबित मामलों का जल्द से जल्द निपटारा करें और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि पुलिस की कार्यशैली में पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखना आवश्यक है। ताकि आम जनता का विश्वास पुलिस पर बना रहे। इस अवसर पर थानाध्यक्ष मनीष कुमार पंजियारा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## मैट्रिक में फेल होने पर छत से कूदा, अस्पताल जाते समय तोड़ा दम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** बिहार मैट्रिक के रिजल्ट जारी होने के बाद एक छात्र ने आत्महत्या कर ली। छात्र की बॉडी छत के नीचे गिरी हुई मिली। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल की जांच शुरू कर दी है। घटना शिवसागर थाना क्षेत्र के चंदवा गांव की है। मृतक छात्र की पहचान सत्येंद्र पासवान के 17 वर्षीय बेटे हरिओम उर्फ प्रियांशु कुमार के रूप में हुई है। वह पहले भी 4 बार मैट्रिक एग्जाम दे चुका है, लेकिन सफल नहीं हो पाया। दरिगांव थाना अध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में है और पुलिस सभी पहलुओं से जांच कर रही है। हरिओम रविवार को दरिगांव थाना क्षेत्र के फजलगंज स्थित अपने नए मकान पर आया था। छत से गिरने के बाद उसे घायल अवस्था में प्राथमिक उपचार दिया गया। इलाज के लिए वाराणसी ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों के अनुसार हरिओम ने इस बार मैट्रिक की परीक्षा दी थी और खराब परिणाम आने के बाद उसने यह कदम उठाया। लोगों ने यह भी कहा कि हरिओम पिछले 4 सालों से मैट्रिक में पास होने की ट्राई कर रहा था। लोगों का यह भी कहना है कि हरिओम ने पिछले वर्ष सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा दी थी, लेकिन वहां भी वह सफल नहीं हो सका। इस बार उसने फिर से बिहार बोर्ड मैट्रिक की परीक्षा दी थी, लेकिन इस बार भी वह फेल हो गया। हालांकि इस पूरे मामले में आधिकारिक तौर पर अभी कुछ भी स्पष्ट नहीं हो सका है। परिजनों द्वारा भी कोई जानकारी नहीं दी गई है।

# डिहरी नगर थाना का शाहाबाद प्रक्षेत्र के डीआइजी ने किया निरीक्षण, दिए निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** शाहाबाद प्रक्षेत्र के डीआईजी डा. सत्यप्रकाश ने डिहरी पुलिस अंचल कार्यालय का सोमवार को निरीक्षण किया। थाना पहुंचने पर जिला पुलिस के जवानों ने गार्ड आफ होनर दिया। डीआईजी ने लंबित कांडों के अनुसंधान की गति बढ़ाने, फरार अपराधियों की गिरफ्तारी, नियमित वाहन जांच, गलियों तक गश्त बढ़ाने व सूखा नशा व शराबबंदी को सख्ती से लागू करने का निर्देश दिया। डीआईजी के अनुसार थाना के कांडों की समीक्षा की और लंबित कांडों के निष्पादन में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने गुंडा




पंजी समेत सभी पंजियों को अपडेट करने का निर्देश दिया। उन्होंने पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष द्वारा अनुसंधान व गश्ती में लारवाही बरतने वाले पुलिसकर्मी पर कार्रवाई की अनुशंसा की भी जांच की। मौके पर एसपी रौशन कुमार, प्रभारी एसडीपीओ सह साइबर डीएसपी गौरव कुमार यादव समेत आधे दर्जन थानों के पुलिस अधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

# काजल कुमारी ने प्राप्त किया जिले में पांचवां स्थान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने हाल ही में मैट्रिक (10वीं) का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है और इसमें काजल कुमारी ने शानदार प्रदर्शन किया है। काजल ने प्रोजेक्ट बालिका +2 उच्च विद्यालय, काराकाट से 478 अंक प्राप्त कर जिले में पांचवां स्थान हासिल किया है। काजल के पिता संग्राम पाण्डेय और माता पूनम देवी ने उनकी शिक्षा के लिए हर संभव समर्थन दिया जिसका परिणाम आज सबके सामने है। अपनी ज्यादातर अध्ययन उसने ऑनलाइन स्टडी के माध्यम से ही कि टारगेट बोर्ड संस्था और आर्दश कोचिंग सेन्टर ने भी उनकी शिक्षा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। विद्यालय के शिक्षकों के अनुसार काजल हमेशा से एक मेहनती और प्रतिभाशाली छात्रा रही है और उसकी इस उपलब्धि ने विद्यालय का नाम रोशन किया है। काजल ने अपने माता-पिता, शिक्षकों और टारगेट बोर्ड संस्था को धन्यवाद दिया है



जिनके समर्थन और मार्गदर्शन से वह इस मुकाम तक पहुंच पाई है। काजल की इस सफलता ने अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणा का काम किया है जो अपने सपनों को पूरा करने के लिए मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित होंगे। इनके सफलता पर चेयरमैन राधिका कुमारी वाइस चेयरमैन रविश रंजन प्रतिनिधि मुन्ना भारती वीरेंद्र तिवारी शिक्षक अनिल कुमार पासवान, अरुण पांडे, रजनीश पांडे, दीपक पांडे उपेंद्र पांडे सुधीर पांडे, विवेक पांडे सहित आसपास के लोगों ने बधाइयां दी।

# महात्मा फुले मेडिकल कॉलेज में निःशुल्क चिकित्सा शिविर एवं सम्मान समारोह आयोजित

## महात्मा फुले मेडिकल कॉलेज भविष्य में विशाल संस्थान के रूप में विकसित होगा: डॉ निर्मल कुशवाहा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** महात्मा फुले मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल,जगरोपन नगर बुध मार्ग, मुरादाबाद उचितपुर सासाराम में 28 मार्च से 30 मार्च तक तीन दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसे 'मानव कल्याण महायज्ञ6 का नाम दिया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। कार्यक्रम का उद्घाटन वरिष्ठ चिकित्सक डॉ निर्मल कुशवाहा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने जमीन दानदाताओं एवं मेडिकल कॉलेज के सहयोगियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया और सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह मेडिकल कॉलेज भविष्य में एक




विशाल संस्थान के रूप में विकसित होगा। उन्होंने निःशुल्क आंख जांच एवं दवा वितरण को सराहनीय पहल बताया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के अध्यक्ष धर्मेन्द्र कुशवाहा ने की जबकि स्वागत भाषण सचिव कामेश्वर सिंह ने दिया। इस अवसर पर कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे जिनमें निर्भय कुमार सिंह, जगरोपन सिंह, टेंगर पासवान, दीनानाथ साहब, राजेश्वर सिंह, विपिन बिहारी सिंह, डॉ रामेश्वर सिंह, रामलाल सिंह, रविंद्र प्रसाद सिंह, मिथिलेश सिंह, रामावतार साह एवं शांति देवी सहित कई अन्य लोग शामिल हुए।

इसके अलावा शिवकुमार सिंह, बाबू चंद्र सिंह, विनय कुमार सिंह, दिनेश्वर तिवारी, राजदेव कुशवाहा, मनोज कुशवाहा, रतन कुशवाहा, देवनी कुशवाहा एवं अमरदेव सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला-पुरुष उपस्थित रहे। शिविर के दौरान मरीजों की निःशुल्क जांच, विशेषकर आंखों की जांच तथा दवाओं का वितरण किया गया। कार्यक्रम के अंत में महात्मा फुले मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल परिवार की ओर से भंडारे का भी आयोजन किया गया जिसमें सभी उपस्थित लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। यह आयोजन क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है।

# वार्ड पार्षद पति की करंट से मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** रोहतास जिले के चेनारी प्रखंड में रविवार रात एक हादसा हुआ। डिहरियां पंचायत के खैरा गांव के वार्ड पार्षद 8 सुनीता देवी के पति की सदानंद तिवारी की बिजली का करंट लगने से मौत हो गई। वह खैरा गांव निवासी गोवर्धन तिवारी के पुत्र थे। बताया गया कि सदानंद तिवारी गांव के कुछ लोगों के साथ रविवार रात करीब आठ बजे बिजली के खंभे पर तार ठीक करने गए थे। लाइट कटी हुई थी, लेकिन खंभे पर चढ़ते ही अचानक तार में करंट आ गया। सदानंद तिवारी की मौके पर ही झुलसकर मौत हो गई। उनके साथ गए लोग घटना के बाद फरार हो गए। ग्रामीणों के अनुसार ट्रांसफार्मर और तार में खराबी को लेकर बिजली विभाग को कई बार सूचना दी गई थी। हालांकि विभाग के कर्मचारी नहीं पहुंचे जिसके बाद गांव के कुछ लोग खुद ही तार दुरुस्त करने गए थे। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय पर मरम्मत हो जाती तो यह हादसा टाला जा सकता था। घटना की सूचना मिलते ही सदर अनुमंडल पदाधिकारी डॉ. नेहा कुमारी, सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिलीप कुमार, चेनारी थानाध्यक्ष और प्रखंड विकास पदाधिकारी मौके पर पहुंचे। एसडीएम ने बिजली विभाग के अधिकारियों और कर्मियों को फटकार लगाते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# रामनवमी पर अमित पटेल ने किया अखाड़ों के जुलूस का स्वागत, गाजे-बाजे के साथ प्रतिमा विसर्जन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** रामनवमी के पावन अवसर पर शहर में आस्था और उत्साह का अद्भुत नजारा देखने को मिला। इस अवसर पर समाजसेवी अमित पटेल द्वारा श्रीराम की प्रतिमा का विधि-विधान के साथ विसर्जन किया गया। साथ ही शहर में निकल रहे विभिन्न अखाड़ों के जुलूस का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन कर उन्होंने धार्मिक सौहार्द और सामाजिक एकता का संदेश दिया। भाजपा युवा नेता अमित पटेल ने कार्यक्रम के दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं एवं गणमान्य लोगों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इस पहल की लोगों ने सराहना करते हुए इसे सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने



वाला कदम बताया। प्रतिमा विसर्जन से पूर्व इंद्रपुरी में हवन-पूजन का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान श्रीराम से सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद गाजे-बाजे और जय श्रीराम के उद्घोष के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई और श्रद्धा के साथ प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इस मौके पर दीपू मद्धेशिया, छोटू मद्धेशिया, प्रेम प्रकाश (पीपी), सत्येंद्र सिंह, संदीप गुप्ता, राजू सिंह, प्रमोद कुमार, अभिषेक, सोनू सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। पूरे आयोजन के दौरान माहौल भक्तिमय बना रहा और शहर राममय हो उठा।

# आलोक कुमार सिंह की मानवीय पहल: अग्नि पीड़ित को वेतन से दिया सहयोग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल क्षेत्र के भानस थाना क्षेत्र के खैरहीं कला गांव में हुई अगलगी की घटना ने एक परिवार को पूरी तरह से बर्बाद कर दिया था। टेंट गोदाम में लगी आग ने लाखों रुपये की संपत्ति को राख में बदल दिया जिसमें टेंट की सामग्री, साउंड सिस्टम, बाइक, कुर्सियां, टेबल, सोफा, बर्तन सेट और अन्य सजावटी सामान शामिल थे। इस घटना से प्रभावित हरेराम चौधरी को जब अपनी आपबीती बताने का मौका मिला तो दिनारा विधायक आलोक कुमार सिंह ने तुरंत एक्शन लिया और अपने निजी वेतन से आर्थिक सहायता प्रदान की। जनता दरबार में पीड़ित हरेराम चौधरी को चेक सौंपते हुए विधायक आलोक कुमार सिंह ने कहा जनता की सेवा ही मेरा प्रमुख धर्म है और संकट के समय हर संभव मदद करना मेरी जिम्मेदारी है। उन्होंने इस सहयोग को व्यक्तिगत स्तर की



सहायता बताते हुए कहा कि जरूरतमंदों के साथ खड़ा रहना ही सच्ची जनसेवा है। विधायक की इस पहल को लेकर क्षेत्र में सराहना की जा रही है। स्थानीय लोगों ने इसे एक जिम्मेदार जनप्रतिनिधि के कर्तव्यनिष्ठ और संवेदनशील व्यवहार का उदाहरण बताया है। लोगों का कहना है कि आलोक कुमार सिंह ने साबित कर दिया है कि वे अपने क्षेत्र की जनता के साथ हमेशा खड़े रहते हैं। हरेराम चौधरी ने विधायक का आभार व्यक्त करते हुए कहा विधायक ने मेरी मदद के लिए जो कदम उठाया है उसे मैं कभी नहीं भूल सकता। उनकी इस पहल ने मेरे परिवार को एक नई उम्मीद दी है। इस घटना ने एक बार फिर से साबित कर दिया है कि जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी सिर्फ कानून बनाना नहीं है, बल्कि संकट के समय अपने क्षेत्र की जनता के साथ खड़े रहना भी है। दिनारा विधायक आलोक कुमार सिंह ने इस घटना के माध्यम से यह संदेश दिया है कि वे अपने क्षेत्र की जनता के साथ हमेशा खड़े रहेंगे और उनकी हर संभव मदद करेंगे।

# चोरी के तेल मामले में दो आरोपियों सहित तीन गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** मोहनपुर पुलिस ने चोरी का तेल लेने मामले में दो आरोपी सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के मैरोखाप गांव के समीप डंपर वाहन से तेल लेने मामले में तिलैया गांव से संदीप कुमार, मुंशीचक से टुनटुन यादव को गिरफ्तार किया गया। संबंधित मामले में वाहन मालिक की ओर से शिकायत दर्ज किया गया था। वहीं, मारपीट मामले में जालही गांव के अशोक यादव को भी गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए लोगों से आवश्यक पूछताछ के बाद उन्हें जेल भेज दिया गया।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. : ईएल-06-26, दिनांक 27.03.2026,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य), पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन-713301 द्वारा ख्यातिप्राप्त निविदाकारों जिनके पास वैध विद्युत ठेकेदार का लाइसेंस है एवं निम्नलिखित कार्य को पूरा करने में वित्तीय रूप से सक्षम हैं, से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम एवं इसका स्थान:** आसनसोल मंडल-आसनसोल मंडल में पुराने वाटर पंपों को बदलना एवं स्टैंडबाई पंपों की व्यवस्था। **निविदा मूल्य :** रु. 1,68,64,830/- **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **बयाना राशि :** रु. 3,37,300/-, **कार्य के लिए समापन अवधि :** 12 माह। **बंद होने एवं खुलने की तिथि और समय :** दिनांक 20.04.2026 को 11.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है।

ASN-411/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# गयाजी में रामनवमी का झंडा उखाड़ने पर सख्त कार्रवाई

## पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपित को पकड़ा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** गयाजी में सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश को पुलिस ने समय रहते नाकाम कर दिया। पानी टंकी पर लगे रामनवमी के झंडे को उखाड़ने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। घटना छकरबंधा थाना क्षेत्र के छकरबंधा गांव की है। 28 मार्च को गांव के स्कूल के पास पानी टंकी पर लगा झंडा किसी ने उखाड़ दिया है। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस को देखते ही एक व्यक्ति भागने लगा। जवानों ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। पकड़े गए व्यक्ति ने पूछताछ में अपना नाम समतुलह अंसारी बताया। वह छकरबंधा का ही रहने वाला है। इस मामले में वादी के लिखित आवेदन पर छकरबंधा थाना में कांड संख्या 08/26 दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि धार्मिक उन्माद फैलाने और माहौल खराब करने की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# 'वर्तमान परिदृश्य में वंदे मातरम की प्रासंगिकता' पर व्याख्यान माला आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** प्रज्ञा प्रवाह रोहतास के तत्वावधान में शहर स्थित अवधूत भगवान राम महाविद्यालय में सोमवार को मासिक व्याख्यान माला सह स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय 'वर्तमान परिदृश्य में वंदे मातरम की प्रासंगिकता' रहा जिसमें विद्यालय के लगभग 50 शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मियों के साथ करीब 200 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।




कार्यक्रम की शुरुआत प्रयोगशाला सहायक डॉ. ओमप्रकाश सिंह द्वारा प्रस्तुत 'वंदे मातरम' गीत से हुई जिसे सभी अतिथियों एवं छात्र-छात्राओं ने सामूहिक रूप से दोहराया। इसके पश्चात प्रज्ञा प्रवाह के सहसंयोजक शशिकांत चौबे ने संगठन का गीत प्रस्तुत कर संस्था के उद्देश्यों से सभी को अवगत कराया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार सिंह ने 'वंदे मातरम' की ऐतिहासिक एवं वर्तमान संदर्भ में प्रासंगिकता पर अपने विचार रखते हुए कहा कि यह गीत केवल देशभक्ति का प्रतीक नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति समर्पण और एकता का भाव जगाने वाला है। उनके विचारों को उपस्थित लोगों ने सराहा। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचार प्रमुख गिरिजेश जी ने भी 'वंदे मातरम' के महत्व पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का समापन शांति मंत्र के साथ किया गया। इस अवसर पर शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता ने आयोजन को सफल बनाया।

# जय श्रीराम के नारों से गूंजा वारिसलीगंज बाजार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वारिसलीगंज (नवादा)** । विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के संयुक्त नेतृत्व में सोमवार को वारिसलीगंज बाजार में श्रीरामनवमी शोभा यात्रा में श्रीराम दरबार की झांकी निकाली गई। जय श्री राम, जय हनुमान के जयघोष से सम्पूर्ण वारिसलीगंज क्षेत्र गुंजायमान होते रहा। वाहनों का आवागमन नगर के बाईपास सड़क से होकर हुई। शोभायात्रा जैसे जैसे शहर की सड़कों पर बढ़ती गई, रामभक्तों का कारवा बढ़ता गया। इस क्रम में पारंपारिक ढोल बाजे, ताशा पार्टी के विभिन्न वाहनों पर सवार श्रीराम दरवार, भोले शंकर समेत माता काली की झांकी आकर्षक का केंद्र रही।ताशा पार्टी के वादकों ने खूब मनोरंजन किया। पुलिस की चाक चौवंद व्यवस्था का नेतृत्व बीडीओ अमित कुमार, थानाध्यक्ष पंकज कुमार सैनी तथा पुलिस बल संभाल रहे थे।नगर के गुमटी से शुरू हुई शोभायात्रा जय प्रकाश चौक होकर मेन रोड, सिमरी गली,उत्तर बाजार,देवी स्थान, कोइरी टोला, संगतपर होते स्टेशन रोड होकर,पुरानी बैंक रोड,सब्जी मंडी होते पुनः मेन रोड के पंचमुखी हनुमान मंदिर,थाना चौक, मुड़लाचक, दरियापुर रोड, शहीद चंदन चौक वायपास, सिमरीडीह से आरओवी होकर नप के बलवापर बरबीघा बस स्टैंड से पुनः गुमटी रोड दुर्गा स्थान पहुंचकर सम्पन्न हुआ।

**पुलिस प्रशासन की रही चाक चौबंद व्यवस्थाः** जिले के वरीय पुलिस अधिकारी के साथ ही पुलिस निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार, शाहपुर ओपी, काशीचक, पकरीबरावां थाने की पुलिस के साथ ही स्थानीय व जिला पुलिस बलों को बड़ी संख्या में ड्यूटी में लगाया गया। उपद्रवियों पर नजर रखने के लिए ड्रोन कैमरा भी चलाया जा रहा था। शांति और सौहार्दपूर्ण पूर्वक शोभायात्रा सम्पन्न करवाने को ले विभिन्न चौक चौराहों पर पुलिस बलों की तैनाती देखी गई।

**कलाकारों ने बांधा समाः** करीब एक दर्जन से अधिक कलाकारों के दल में से एक हनुमान का आकर्षक स्वरूप में एक खुले वाहन पर जय श्रीराम का जयघोष लगा लोगों का खूब मनोरंजन किया। जबकि आधा दर्जन युवक शिव एवं शिष्य परिवार का रूप धारण किए। ताशा पार्टी ने करतब दिखाते हुए विभिन्न गीतों की धुन पर नृत्य किया। इस बीच शहर के विभिन्न स्थानों पर बाजार के व्यवसाइयों द्वारा ठंडा पानी, शीतल पेय, खीरा, तरबूज आदि की व्यवस्था कर रामभक्तों का स्वागत किया। कलाकारों द्वारा राम दरबार की झांकिया सजाई गई। जिसमें भगवान राम, माता सीता, लक्ष्मण, गुरु विस्वामित्र के साथ ही राम भक्त हनुमान एवं औधड वनी भगवान शंकर की झांकी काफी दर्शनीय रहा। राम दरबार के ऊपर फूलों की आकर्षक छतरी लगी थी। जिस पर शहर में जगह-जगह पुष्ण की वर्षा होते दिखाई गई थी। मौके पर विहिप बजरंग दल के कार्यकर्ता राम प्रवेश सिंह,बजरंग दल के नगर संयोजक आदित्य वर्मा,मनोज कुमार,अनुराग कुमार के अलावे अन्य कार्यकर्ता काफी दम खम के साथ शामिल रहे।

**इस बार बाजार में राम भक्तों के लिए खुब रही खाने पीने की व्यवस्था**

शहर के गुमटी रोड से जुलूस निकलते ही बाजार भ्रमण करते हुए राम भक्तों के लिए एनडीए के कार्यकर्ताओं द्वारा मेन रोड में जनता पुस्तक भंडार के पास खीरा,तारबूज, कोल्ड्रिंक्स, पानी, पिलाते दिखे।उसके बाद उत्तर बाजार के कोयरी टोला के युवाओं द्वारा रामभक्तो को खीरा खिलाकर शर्बत पिलाया गया। जबकि कड़ी धूप और गर्मी से बचाव को ले नगर के विभिन्न पथों पर लोगों द्वारा शीतल पेयजल की व्यवस्था की गई थी। बाजार वासियों द्वारा कई स्थानों पर छतों से शोभायात्रा के काफिले पर पुष्प वर्षा की गई। इस बार फिर से वारिसलीगंज में शांति व्यवस्था में शोभा यात्रा संपन्न हुई।

## रामनवमी जुलूस की पूरी हुई तैयारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। रामनवमी पर नवादा नगर में भव्य, ऐतिहासिक एवं श्रद्धा-भक्ति से ओत-प्रोत शोभायात्रा का आयोजन किया जा रहा है। नगर के विभिन्न क्षेत्रों से निकलने वाली ये शोभायात्राएं आस्था, परंपरा और सामाजिक समरसता का अद्भुत संगम प्रस्तुत करेंगी। नवादा की सबसे प्राचीन शोभायात्रा पुरानी बाजार से प्रारंभ होती है, जिसके अध्यक्ष रंजीत कुमार हैं। वहीं रेलवे गुमटी, बजरंग नगर (तेली टोला) की शोभायात्रा वर्ष 2003 से निरंतर निकाली जा रही है, जिसकी शुरुआत तत्कालीन बजरंग दल जिला संयोजक जितेंद्र प्रताप 'जीतू' जी द्वारा की गई थी। उनके ही नेतृत्व में सद्भावना चौक की शोभायात्रा का भी शुभारंभ हुआ, जिसके अध्यक्ष चिरंजीवी पांडे हैं। देवी स्थान (गया रोड) की शोभायात्रा, जिसके अध्यक्ष सतेंद्र साहू हैं, सहित अन्य प्रमुख शोभायात्राएं वर्षों से नगर की धार्मिक गरिमा को बढ़ा रही हैं। समय के साथ न्यू एरिया (अध्यक्षः अंशुमान शर्मा), मिर्जापुर (अध्यक्षः अमन बजरंगी), इंदिरा चौक (अध्यक्षः जितेंद्र साहू), अस्पताल रोड अगिया बेताल मंदिर (अध्यक्षः संतोष सिंह), हनुमान हाट (अध्यक्षः पंकज कुमार) एवं रामनगर (अध्यक्षः प्रभाकर कुमार) सहित विभिन्न क्षेत्रों में भी शोभायात्राओं का विस्तार हुआ है।

## महावीर जयंती पर शोभायात्रा, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़





**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। महावीर जयंती के पावन अवसर पर जैन समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिला और पुरुष श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। धार्मिक आस्था और भक्ति से ओत-प्रोत यह शोभायात्रा शहर के जैन मंदिर से प्रारंभ होकर विभिन्न प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः जैन मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई।

शोभायात्रा जैन मंदिर से निकलकर अस्पताल रोड, कचहरी रोड, विजय बाजार, भगत सिंह चौक, प्रसाद बीघा, मेन रोड, सोनार पट्टी और स्टेशन रोड होते हुए पुनः जैन मंदिर पहुंची। पूरे मार्ग में श्रद्धालु भगवान महावीर के उपदेशों का स्मरण करते हुए भक्ति गीतों और नारों के साथ आगे बढ़ते रहे। जगह-जगह लोगों ने शोभायात्रा का स्वागत किया, जिससे माहौल और भी भक्तिमय हो गया।

इस अवसर पर जैन समाज नवादा के प्रमुख सदस्य विजय जैन, संदीप जैन, विनोद जैन, संजय जैन, मनोज जैन, मुकेश जैन, अनिल जैन, ज्ञानचंद जैन, अवधेश जैन, महेश जैन और सुनील जैन सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। वहीं जैन महिला मिलन की चंद जैन, ममता जैन, राजुल जैन, विनीता जैन, मंजू जैन, रीता जैन, कंचन जैन, मीना जैन और सीमा जैन ने भी बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई।

इसके अलावा जैन बहू मिलन की मेघा जैन, नीमा जैन, पूर्वी जैन, श्रद्धा जैन, काजल जैन और सोनल जैन ने भी शोभायात्रा को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। जैन युवा संगठन के निर्भय जैन, ऋषभ जैन, राज जैन, मोनू जैन, अशोक जैन, आयुष जैन, अमन जैन, मनीष जैन, अरिहंत जैन और नितेश जैन सहित अन्य युवाओं की सक्रिय भागीदारी भी देखने को मिली।

पूरे आयोजन में अनुशासन और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। यह शोभायात्रा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बनी, बल्कि समाज में एकता, सद्भाव और अहिंसा के संदेश को भी मजबूती से प्रस्तुत किया।

## डॉ अनुज के वाहन को बदमाशों ने किया क्षतिग्रस्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज, नवादा**। थाना क्षेत्र के सिरपतिया गांव में आयोजित दुर्गा पूजा में बतौर मुख्य अतिथि मार्डन शैक्षणिक समूह (नवादा) के निदेशक अनुज कुमार के वाहन को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। घटना बीते रात रविवार को है। इस बाबत निदेशक अनुज कुमार ने नारदीगंज थाना में मामला दर्ज कराया है। थानाध्यक्ष आदित्य कुमार ने बताया दर्ज मामले में कहा गया सिरपतिया गांव में दुर्गा पूजा कार्यक्रम था। इस कार्यक्रम में ग्रामीणों के द्वारा उन्हें आमंत्रित किया गया था। वहां कार्यक्रम में शामिल हुए। गांव के कुछ बदमाश लोग वाहन पर ईंट चलाया। जिससे वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। इस मामले में चार नामजद और 10 -15 अज्ञात लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज कराया गया है। कांड संख्या 118/26 है। वही दूसरे पक्ष के द्वारा मामला दर्ज कराया गया है।

## रेलवे कंस्ट्रक्शन कंपनियों से बैटरी व सरिया चुराने वाला गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली**। रजौली थाना क्षेत्र के हरदिया पंचायत स्थित परतौनिया गांव से पुलिस बलों ने रेलवे कंस्ट्रक्शन कंपनियों से बैटरी, छड़, मशीनरी सामग्री चुराने वाले को गिरफ्तार किया साथ ही चोरी के पांच बैटरी एवं 25 क्विंटल छड़ के साथ अन्य सामग्रियों को भी जब्त किया है। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि निर्माणाधीन तिलैया-कोडरमा रेलखंड में जुटे आदित्य कंस्ट्रक्शन के प्रोजेक्ट मैनेजर राजेश कुमार सिंह द्वारा सूचना दिया गया कि उनके कार्यस्थल एवं आसपास से लगातार कीमती सामग्रियों की चोरी किया जा रहा है। साथ ही बताया कि टनल संख्या चार से अलग-अलग वाहनों के सात बैटरियों की चोरी बीते 25 मार्च को हो गई। इससे पूर्व भी 12 बैटरियों, पीवीसी ड्राम, भारी मात्रा में छड़ के साथ अन्य सामग्रियों की चोरी असामाजिक तत्वों द्वारा की जा चुकी थी। चोरी की घटनाओं से परेशान होकर प्रोजेक्ट मैनेजर ने थाना को सूचित किया। सूचना पर थाने में पदस्थापित एसआई सचिन कुमार, एएसआई संजय कुमार यादव एवं एएसआई अमित कुमार वर्मा के साथ पुलिस बलों के द्वारा परतौनिया गांव में छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान परतौनिया गांव से पुलिस बलों ने रामेश्वर भुइयां के पुत्र विनोद भुइयां के आवासीय परिसर से चोरी के सात बैटरियों में से पांच एवं 25 क्विंटल छड़ के साथ अन्य सामग्रियों को बरामद किया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार चोर द्वारा जरूरी पूछताछ के बाद सोमवार को मेडिकल जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

## पत्नी पर साजिश का आरोप, मुन्ना यादव हत्याकांड का खुलासा




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली**। सीतामढ़ी थाना क्षेत्र में हुए मुन्ना कुमार यादव हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा करने का दावा किया है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गुलशन कुमार के नेतृत्व में हुई कार्रवाई में एक आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार, तकनीकी साक्ष्यों और डीआईयू टीम की मदद से धनबाद निवासी शेखर यादव को पकड़ा गया, जिसने पूछताछ में अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। घटना 7 मार्च 2026 की है, जब मुन्ना घर से निकला और लापता हो गया। 9 मार्च को सीतामढ़ी जंगल की पहाड़ियों में उसका शव बरामद हुआ। मृतक की मां लक्ष्मीनिया देवी ने गला दबाकर हत्या कर शव छिपाने का आरोप लगाया है। मामले में मृतक की पत्नी राखी देवी पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। परिजनों के अनुसार, पति-पत्नी के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था, जिसके चलते साजिश रची गई। पुलिस जांच में मोबाइल लोकेशन और कॉल डिटेल्स से अहम सुराग मिले। एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी के बयान के आधार पर अन्य 5-6 संदिग्धों की पहचान हुई है। उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी जारी है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जाएगा।

## अत्याचार निवारण मामलों की समीक्षा, 224 पीड़ितों को मिला मुआवजा




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। समाहरणालय सभाकक्ष में सोमवार को जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में अनुसूचित जाति/जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत जिला स्तरीय सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में विगत बैठक की कार्यवाही के अनुपालन की समीक्षा करते हुए विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। जिला कल्याण पदाधिकारी श्री प्रकाश प्रियरंजन ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में 28 मार्च 2026 तक कुल 270 कांड दर्ज किए गए, जिनमें 261 मामलों में स्वीकृति प्रदान की गई है तथा 224 मामलों में मुआवजा राशि का भुगतान किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि तीन मामलों में पीड़ितों ने मुआवजा लेने से इंकार किया है, जबकि दो पीड़ित घर से बाहर हैं। पेंशन के तहत 51 लाभार्थियों को फरवरी माह तक भुगतान किया जा चुका है। वहीं 73 पीड़ितों को यात्रा भत्ता एवं दैनिक भरण-पोषण की राशि उनके खातों में भेजी गई है। विभागीय पोर्टल के अनुसार 28 मार्च 2026 तक कुल 1627 कांड दर्ज हैं, जिनमें 1574 मामलों में पीड़ितों एवं आश्रितों को प्रथम किस्त की अनुतोष राशि का भुगतान किया जा चुका है। बैठक में मैनुअल स्कैवेंजर रोजगार निषेध एवं पुनर्वास अधिनियम के अंतर्गत गठित जिला स्तरीय निगरानी समिति की भी समीक्षा की गई। जिला कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि सीवरेज वर्करों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराया जा रहा है। जिलाधिकारी ने नगर परिषद नवादा, वारिसलीगंज, हिसुआ एवं नगर पंचायत रजौली के कार्यपालक पदाधिकारियों को समय-समय पर चिकित्सीय जांच सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। साथ ही बताया गया कि इन नगर निकायों में सीवर टैंक की सफाई के लिए एक-एक वाहन उपलब्ध कराया गया है। जरूरत के अनुसार अतिरिक्त वाहनों की व्यवस्था करने का भी निर्देश दिया गया। बैठक में अपर समाहर्त्ता, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), रजौली विधायक के प्रतिनिधि, अनुसूचित जाति/जनजाति थाना नवादा के थानाध्यक्ष, सामाजिक कार्यकर्ता एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## दिनदहाड़े लूट की कोशिश, स्टाफ की बहादुरी से बदमाश बाइक और हथियार छोड़कर भागा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। लहेरी थाना क्षेत्र के काशी तकिया गली की है। ज्वेलर्स के कर्मचारी किसी काम से बस पकड़ने के लिए बस स्टैंड जा रहे थे। इसी दौरान एक बाइक पर सवार तीन हथियारबंद बदमाशों ने ओवरटेक कर उनका बैग छीनने की कोशिश की। कर्मचारियों ने हिम्मत दिखाते हुए बदमाशों का मुकाबला किया और उन्हें पकड़ने की कोशिश की। खुद को घिरता देख एक बदमाश ने पिस्टल तानकर गोली चलाने की कोशिश की, लेकिन तभी स्थानीय लोग जुटने लगे। हालात बिगड़ते देख तीनों अपराधी अपनी बाइक, एक कट्टा और कारतूस मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। मुन्नालाल महेशलाल आर्य ज्वेलर्स के डायरेक्टर सुभाष कुमार ने बताया कि कर्मचारियों को बैंक और निजी कार्य से पटना भेजा जा रहा था। बदमाशों को शक था कि बैग में बड़ी मात्रा में नकदी या जेवरात है। जबकि उसमें सिर्फ जरूरी कागजात ही थे। उन्होंने शहर में बढ़ते अपराध को लेकर नाराजगी जताते हुए कहा कि अब व्यापारी खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

लहेरी थानाध्यक्ष रंजीत कुमार रजक ने बताया कि घटना में बदमाशों द्वारा बैग छीनने का प्रयास किया गया था। मौके से उनकी बाइक और हथियार (कट्टा व कारतूस) बरामद कर लिए गए हैं। वाहन नंबर के आधार पर अपराधियों की पहचान कर ली गई है और उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

## हरनौत नगर पंचायत का 71.72 करोड़ का बजट पारित



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। हरनौत नगर पंचायत के समग्र विकास को लेकर सोमवार को नगर पंचायत कार्यालय में बोर्ड की अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य पार्षद बबीता देवी ने की, जिसमें वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 71 करोड़ 72 लाख रुपए के बजट प्राक्कलन को सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। बैठक में कार्यपालक पदाधिकारी सौरव सुमन ने बजट का विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि इस बजट का मुख्य उद्देश्य नगर पंचायत क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करना और नागरिकों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराना है। पारित बजट के तहत सड़क निर्माण और कचरा डंपिंग यार्ड के लिए 7 करोड़ रुपए, पार्क निर्माण के लिए 5 करोड़, लाइब्रेरी व सम्राट भवन के लिए 1.5 करोड़, सामुदायिक भवन, सार्वजनिक शौचालय, वेंडिंग जोन एवं स्ट्रीट लाइट के लिए 1 करोड़ रुपए निर्धारित किए गए हैं। इसके अलावा रैन बसेरा के लिए 50 लाख, बहुमंजिला इमारत के लिए 3 करोड़, नाला एवं गली निर्माण के लिए 5 करोड़, वाटर एटीएम मशीन के लिए 50 लाख, फॉगिंग के लिए 30 लाख तथा प्रत्येक वार्ड में वार्ड कक्ष निर्माण के लिए 70 लाख रुपए का प्रावधान किया गया है। अन्य योजनाओं को मिलाकर कुल 71 करोड़ 72 लाख रुपए का बजट स्वीकृत किया गया है। हालांकि इस वर्ष का बजट पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में लगभग 7 करोड़ रुपए कम है बजट पारित होने के बाद मुख्य पार्षद प्रतिनिधि धीरज कुमार उर्फ पल्लू सिंह और उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि सुरेश सिंह ने कहा कि यह बजट हरनौत को अधिक आधुनिक और सुविधायुक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इससे विकास योजनाओं को गति मिलेगी और स्थानीय नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

## जनसुनवाई के माध्यम से आमजनों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के सातवें संकल्प "सबका सम्मान-जीवन आसान" का मुख्य उद्देश्य राज्य के नागरिकों के दैनिक जीवन में आने वाली समस्याओं को कम कर उन्हें सरल, सहज और सम्मानजनक जीवन प्रदान करना है। इस योजना के तहत यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि आम लोगों को सरकारी कार्यालयों में अपने कार्यों के निष्पादन में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए प्रत्येक सप्ताह सोमवार एवं शुक्रवार को जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में नियमित रूप से जनसुनवाई का आयोजन किया जा रहा है। जिलाधिकारी रवि प्रकाश के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तर पर जनसुनवाई आयोजित कर आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना जा रहा है तथा उनके त्वरित समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। जिला स्तर पर आयोजित जनसुनवाई की अध्यक्षता जिलाधिकारी रवि प्रकाश ने अपने कार्यालय कक्ष में की। इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों द्वारा कुल 14 शिकायतें दर्ज कराई गईं। इनमें से कई मामलों का ऑन-द-स्पॉट निष्पादन किया गया, जबकि शेष मामलों को जांचोपरांत आवश्यक कार्रवाई हेतु संबंधित विभागों को भेज दिया गया। पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को सभी मामलों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं नियमसम्मत निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

## एक नजर

### जिला चित्रांश संगठन ने लगाया सेवा शिविर

**नवादा**। जिला चित्रांश एसोसिएशन नवादा के तत्वाधान में रविवार को प्रजातंत्र चौक पर एक सेवा शिविर का आयोजन किया गया। यह सेवा शिविर में रामनवमी के अवसर पर आज निकले वाले शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को शीतल पेय पिलाया गया। विदित हो कि यह सेवा शिविर प्रत्येक साल एसोसिएशन द्वारा लगाया जाता है आज की सेवा शिविर एसोसिएशन के सचिव सतीश चंद्र सिंहा के नेतृत्व में लगाया गया।

इस शिविर में एसोसिएशन के अध्यक्ष संतोष कुमार सिन्हा अधिवक्ता, अधिवक्ता रितेश कुमार मंशु, अनूप सिंहा अधिवक्ता शिवनारायण सिंहा, प्रोफेसर प्रकाश वीर कुंवर, अमित सिंहा, सत्येंद्र सिंहा, अनिल कुमार बल्लू, गोपाल जी, कचन सिंहा, प्रभात कुमार, रवि सिंहा, प्रिय शंकर सिन्हा, डॉ पंकज कुमार सिंहा, डॉ राकेश सिन्हा ,इंजीनियर संतोष कुमार सिंहा, अधिवक्ता राजीव नयन, ईन्दू सिंहा, सहित दर्जनों चित्रांश सदस्यों ने श्रद्धालुओं को सरवत पिलाकर अपनी अपनी सेवा दी।

### शिक्षकों को दिया गया औपबंधिक नियुक्ति पत्र

**पकरीबरावां**। सोमवार को प्रखण्ड मुख्यालय स्थित इंटर विद्यालय पकरीबरावां में सक्षमता उतीर्ण शिक्षकों को औपबंधिक नियुक्ति पत्र दिया गया। प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी राहुल रंजन एवं इंटर विद्यालय पकरीबरावां के प्रधानाध्यापक शिव कुमार के हाथों शिक्षकों को औपबंधिक नियुक्ति पत्र दिया गया। बताया गया सक्षमता तीन के अंतर्गत कुल आठ शिक्षकों को एवं सक्षमता चार के तहत कुल चार चार शिक्षकों को औपबंधिक नियुक्ति पत्र दिया गया। औपबंधिक नियुक्ति पत्र पाकर शिक्षक अभिजीत कुमार सहित अन्य ने खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर शिक्षक सुबोध कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

### बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चे हुए पुरस्कृत

**पकरीबरावां**। सोमवार को प्राथमिक विद्यालय सुदनपुर उर्दू में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के बच्चों विक्रम, हबीबा, शांति, रूही प्रवीण, सोनम कुमारी, दिलखुश कुमार, रितेश कुमार, शुभम, तंजीला प्रवीण, अमृता कुमारी, सलोनी कुमारी एवं अंजली कुमारी को पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के प्रधान शिक्षक डॉ.मुकेश कुमार सिन्हा, विद्यालय शिक्षा समिति की सचिव रूही आफरीन, शिक्षक मो.अख्तर, फरहत जहां, सोहराब कुरैशी, अभिजीत कुमार एवं अजय कुमार विश्वकर्मा ने बच्चों ने पुरस्कृत किया। इसके पूर्व अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी आयोजित की गई। संगोष्ठी में प्रधान शिक्षक ने बच्चों की प्रगति, अप्रैल माह से शुरू हो रहे नामांकन अभियान, विद्यालय में उपलब्ध संसाधनों आदि की जानकारी दी। सभी अभिभावकों ने एक स्वर में कहा कि विद्यालय में शिक्षा का माहौल काफी बेहतर हुआ है। इस बीच अभिभावकों ने प्रधान शिक्षक डॉ. मुकेश कुमार सिन्हा को उत्कृष्ट शिक्षक का सम्मान मिलने पर खुशी जाहिर किया है। अभिभावकों ने कहा कि विद्यालय में इसी तरह का शैक्षणिक माहौल बना रहे। इस अवसर पर ममता देवी, रुको देवी, सुनील यादव, दशरथ यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

### सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मौत

**कौआकोल**। सड़क दुर्घटना में बुरी तरह घायल कौआकोल थाना क्षेत्र के केवाली पंचायत अंतर्गत ढाब गांव निवासी मोहम्मद असगर अली के 25 वर्षीय पुत्र बादशाह की मौत सोमवार को पटना में ईलाज के दौरान हो गई। मृतक युवक का शव पहुंचते ही गांव का माहौल गमगीन हो गया। बताया जाता है कि 26 मार्च को युवक अपने भांजा के साथ घर से नवादा जाने के लिए निकला था, तभी पकरीबरावां थाना अंतर्गत कचना मोड़ से पहले पॉवर ग्रिड के पास उसकी बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिससे दोनों घायल हो गए। गम्भीर रूप से घायल युवक का ईलाज पटना के किसी अस्पताल में चल रहा था। जहाँ ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### सेवानिवृत्ति पर आशा कुमारी सिन्हा को भावभीनी विदाई



**नवादा**। जिला जनसंपर्क कार्यालय, नवादा में सोमवार को सेवानिवृत्ति के अवसर पर परिचारी आशा कुमारी सिन्हा को भावभीनी विदाई दी गई। बताया जाता है कि श्रीमती सिन्हा की नियुक्ति 17 मई 2019 को जिला जनसंपर्क कार्यालय में हुई थी। उन्होंने लगभग 6 वर्ष 10 माह तक पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए कार्यालय को महत्वपूर्ण सेवाएँ प्रदान कीं। विदाई समारोह को संबोधित करते हुए प्रभारी जिला जनसंपर्क पदाधिकारी अमरनाथ कुमार ने कहा कि श्रीमती सिन्हा ने अपने सेवाकाल में अनुशासन, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। उनके कार्यों ने कार्यालय की कार्यप्रणाली को सुदृढ़ किया और उनके सरल व सहयोगी स्वभाव ने सभी के बीच उन्हें विशेष स्थान दिलाया। हेमन्त कुमार ने उनके कर्तव्यनिष्ठ आचरण एवं विनम्र व्यवहार की सराहना करते हुए कहा कि प्रत्येक कार्यालय को ऐसे समर्पित कर्मियों की आवश्यकता होती है। उन्होंने उनके उज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर शशि कुमार, हेमन्त कुमार, रजनी कुमारी, कमलेश कुमार सिंह, फोटोग्राफर/वीडियोग्राफर श्री सत्यम कुमार, वाहन चालक रणवीर कुमार सहित कार्यालय के अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

### हिसुआ में नामजद आरोपित गिरफ्तार

**नवादा**। जिले के हिसुआ थाना क्षेत्र में दर्ज कांड संख्या 180/26, दिनांक 29 मार्च 2026 के तहत नामजद आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103(1), 238, 61(2) एवं 3(5) के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। गिरफ्तार आरोपित की पहचान दिनेश कुमार उर्फ प्रिंस यादव (उम्र करीब 21 वर्ष) के रूप में हुई है, जो रविन्द्र यादव उर्फ कारू यादव का पुत्र है और राजबीघा, थाना हिसुआ, जिला नवादा का निवासी बताया जाता है। पुलिस के अनुसार, घटना के बाद से ही आरोपी की तलाश की जा रही थी। गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए हिसुआ थाना पुलिस ने उसे पकड़ने में सफलता हासिल की। गिरफ्तारी के बाद आरोपी से पूछताछ की जा रही है ताकि मामले से जुड़े अन्य पहलुओं का खुलासा किया जा सके। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले में विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है और आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया जारी है।

### उच्च माध्यमिक विद्यालय केवाली की छात्राओं ने लहराया परचम



**कौआकोल**। प्रखण्ड के उच्च माध्यमिक विद्यालय केवाली के छात्राओं ने इस वर्ष घोषित मैट्रिक की परीक्षा में परचम लहराया है। विद्यालय के वरीय शिक्षक प्रीतम कुमार ने बताया कि मैट्रिक बोर्ड परीक्षा में विद्यालय की छात्रा व करमा गांव निवासी अनुज प्रसाद की पुत्री नन्दनी कुमारी ने 469 अंक लाकर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का टॉपर बनीं। वहीं इसी गांव की अरुण प्रसाद की पुत्री ज्योति कुमारी ने 461 अंक लाकर विद्यालय का नाम रोशन किया। इसके अलावे कई अन्य विद्यार्थियों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। सफल हुए विद्यार्थियों ने बताया कि विद्यालय के शिक्षक प्रीतम सर,सुमन पांडेय,बबिता कुमारी,अनुज सर,गौरव पटेल,अशोक,सत्येन्द्र आदि शिक्षकों के मार्गदर्शन में कड़ी मेहनत व सही ढंग से हुई तैयारी के बदौलत बेहतर परिणाम हासिल हुई।

# गया नगर में विकास कार्यों ने पकड़ी रफ्तार, 32 योजनाएं पूर्ण : डॉ. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**गया।** बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री शहरी समग्र विकास योजना 2024-25 के अंतर्गत गया नगर क्षेत्र में विकास कार्य तेजी से संचालित किए जा रहे हैं। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना के तहत कुल 78 योजनाओं का चयन किया गया था जिनमें से 32 योजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं, 37 योजनाएं प्रगति पर हैं जबकि 9 योजनाएं प्रक्रियाधीन हैं। डॉ. प्रेम कुमार ने बताया कि नगर क्षेत्र में आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने की दिशा में कई महत्वपूर्ण कार्य किए गए हैं। इसके तहत 26 पथ एवं नाली निर्माण कार्य पूर्ण किए जा चुके हैं। साथ ही शहर के सौंदर्यीकरण एवं नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से चार पार्कों का निर्माण एवं जीर्णोद्धार कराया गया है। इनमें वार्ड संख्या 33 मोहन नगर में 54.78 लाख रुपये की लागत से पार्क निर्माण, वार्ड संख्या 30 साकेत पुरी कटारी रोड में 76.85 लाख रुपये की लागत से पार्क का जीर्णोद्धार, वार्ड संख्या 45 दंडी बाग झारखंडेश्वर घाट के समीप 15.79 लाख रुपये की लागत से पार्क निर्माण तथा वार्ड संख्या 14 रानी घाट फोरलेन पुल के पास 25.30 लाख रुपये की लागत से पार्क निर्माण शामिल है। उन्होंने आगे बताया कि धार्मिक एवं सामाजिक महत्व को ध्यान में रखते हुए वार्ड संख्या 45 झारखंडेश्वर घाट का 27.67 लाख रुपये की लागत से जीर्णोद्धार तथा चौधरी घाट का 33.49 लाख रुपये की लागत से पुनरुद्धार कराया जा रहा है जिससे स्थानीय लोगों एवं श्रद्धालुओं को सुविधा मिलेगी। अंत में डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि राज्य सरकार शहरी क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है और योजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा कराने के लिए लगातार निगरानी की जा रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि इन कार्यों के पूर्ण होने से गया नगर क्षेत्र की आधारभूत संरचना में व्यापक सुधार होगा और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं प्राप्त होंगी।

# साहित्य का तुलनात्मक अध्ययन अति आवश्यक : प्रो. रहमत जहां

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**गया।** मिर्जा गालिब कॉलेज में शैक्षणिक गतिविधियों की निरंतरता के तहत अंग्रेजी विभाग द्वारा एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान का विषय 'कंपैरेटिव लिटरेचर थ्रू द स्पेक्ट्रम ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' रखा गया था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि वक्ता के रूप में मगध विश्वविद्यालय की पूर्व अध्यक्ष (अंग्रेजी विभाग) एवं मानविकी संकाय की पूर्व संकायाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) रहमत जहां उपस्थित रहीं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि अंग्रेजी साहित्य और भारतीय भाषाओं के साहित्य में कई समानताएं देखने को मिलती हैं, इसलिए साहित्य का तुलनात्मक अध्ययन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने यह भी बताया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से साहित्य को नए दृष्टिकोण से समझने के अवसर मिल रहे हैं। साथ ही उन्होंने एआई के सकारात्मक और नकारात्मक दोनों पक्षों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मो. अली हुसैन ने की। उन्होंने अतिथि वक्ता का पौधा भेंटकर स्वागत किया। कार्यक्रम में वक्ता का परिचय अंग्रेजी विभाग की अध्यक्ष डॉ. सरवत शमसी ने कराया एवं संचालन भी उन्होंने ही किया। विषय की प्रस्तावना पूर्व अध्यक्ष डॉ. मो. आफताब आलम ने प्रस्तुत की जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ. नैयर आजम ने किया। शासी निकाय के सचिव शबी आरफीन शमसी ने अनुपस्थित रहते हुए भी कार्यक्रम के लिए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कीं और भविष्य में ऐसे आयोजनों को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अध्यक्ष, प्राध्यापकगण, शिक्षकेतर कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## अपहरण कांड का खुलासा, युवती बरामद, आरोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खिजरसराय।** थाना क्षेत्र में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अपहरण के एक मामले का खुलासा किया है। पुलिस ने न केवल अपहृता को सकुशल बरामद कर लिया है, बल्कि इस घटना के मुख्य आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। खिजरसराय थाना में दर्ज कांड संख्या 120/26 (27/03/26) के तहत पुलिस एक युवती की तलाश कर रही थी। मामला भारतीय न्याय संहिता की धारा 96/3(5) के तहत दर्ज किया गया था। शिकायत मिलने के बाद से ही पुलिस टीम लगातार छापेमारी कर रही थी। पुलिस ने तकनीकी अनुसंधान और गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए प्राथमिक अभियुक्त को धर दबोचा। गिरफ्तार आरोपी की पहचान राशिद आलम (21 वर्ष) पिता-मो. नासो मियां निवासी-ग्राम- पंचमहला, थाना- खिजरसराय, जिला- गया है। थाना अध्यक्ष दिनेश कुमार महतो ने पुष्टि करते हुए बताया कि अपहृता को सुरक्षित बरामद कर लिया गया है। उन्होंने कहा कांड की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम सक्रिय थी। आरोपी राशिद आलम को विधिवत गिरफ्तार कर लिया गया है।

## शिक्षा के क्षेत्र में अनुशासन, अपनत्व और विचारात्मक सोच अत्यंत आवश्यक : डॉ धीरज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गया जी।** गया जिले के फतेहपुर प्रखण्ड मुख्यालय स्थित सीपीएस प्लस टू स्कूल के वार्षिक समारोह का आयोजन उत्साह और उल्लास के साथ किया गया है। इसमें शिक्षा, अनुशासन और नैतिक मूल्यों पर विशेष चर्चा हुई। कार्यक्रम में गया कॉलेज बीएड विभागाध्यक्ष धीरज सिंह, धनंजय धीरज ने मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में अनुशासन, अपनत्व और विचारात्मक सोच अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि केवल किताबी ज्ञान ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों को मानवीय मूल्यों और सामाजिक जिम्मेदारियों को भी समझना चाहिए। इस अवसर पर कोडरमा आरपीएफ इंस्पेक्टर दीपक कुमार ने शिक्षा की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए रेलवे के नियमों और सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक किया। उन्होंने विद्यार्थियों को जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा दी है। इस कार्यक्रम में सामाजिक नेता एवं शिक्षाविद संजय कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा के साथ अनुशासन का समन्वय ही व्यक्ति को सफलता की ओर ले जाता है। वहीं खेल प्रेमी आनंद शंकर व अंजनी कुमार ने विद्यार्थियों को खेलकूद के महत्व के बारे में बताया और कहा कि खेल से शारीरिक और मानसिक विकास होता है। समारोह में स्कूल के निदेशक राकेश कुमार टुन्नी और प्रबंध निदेशक राजकुमार कुन्नी ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और अभिभावकों को बच्चों की शिक्षा में सक्रिय भूमिका निभाने का संदेश दिया है।

## 'शान-ए-मोहम्मद कांफ्रेंस' का आयोजन, उलेमा ने भाइचारे का दिया संदेश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** प्रखंड क्षेत्र के श्रीगांव पंचायत अंतर्गत ढिबरी गांव में रविवार की रात 'शान-ए-मोहम्मद कांफ्रेंस' का आयोजन अकीदत और उत्साह के साथ किया गया। कांफ्रेंस में उपस्थित उलेमा-ए-किराम ने दीन-ए-इस्लाम की अहमियत, सुन्नत की पैरवी तथा वर्तमान समय में इंसानियत और आपसी भाईचारे की आवश्यकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि समाज में अमन-चैन और सौहार्द बनाए रखने के लिए सभी को मिल जुलकर रहना चाहिए तथा अपने जीवन में नैतिक मूल्यों को अपनाना चाहिए। इस अवसर पर नात-ए-पाक पेश की गई जिससे माहौल रूहानी हो गया। लोगों ने पूरी तल्लीनता से तकरीरें सुनीं और बताए गए संदेशों को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लिया। कार्यक्रम शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। अंत में देश में अमन-शांति और खुशहाली के लिए सामूहिक दुआ की गई। इस मौके पर टिकारी अध्यक्ष अजहर इमाम, मुख्य आयोजक हामिद सलाफी, सचिव अख्तर कुरैशी, अफजल कुरैशी, कलीम कुरैशी, गुड्डू कुरैशी, रजा कुरैशी, अजमत कुरैशी, अली कुरैशी, साहेब कुरैशी, सरफराज शेख, रहमत अली, मेराज शेख, मुन्ना कुरैशी, आफताब कुरैशी, दिलशाद कुरैशी, सद्दाम कुरैशी एवं अशरफ कुरैशी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## उत्तम गैस वितरण केंद्र में चोरी, 19 गैस सिलेंडर व दो चूल्हा गायब

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गुरुआ।** थाना क्षेत्र के काज पंचायत अंतर्गत रसलपुर स्थित उत्तम गैस वितरण केंद्र में अज्ञात चोरों ने ताला तोड़ चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोर गैस एजेंसी से 19 गैस सिलेंडर और दो चूल्हा लेकर फरार हो गए। एजेंसी के संचालक उत्तम कुमार ने बताया कि गुरुवार को जलपा निवासी पंकज कुमार गैस एजेंसी पर आया था और 10 गैस सिलेंडर की मांग कर रहा था। नियमों के अनुसार सिलेंडर देने की बात कहने पर वह नाराज हो गया और किसी भी तरह सिलेंडर ले जाने की बात कहकर धमकी दी। उत्तम कुमार के अनुसार उसी रात एजेंसी का ताला तोड़कर चोरी कर ली गई। उन्होंने इस घटना में पंकज कुमार पर संदेह जताते हुए गुरुआ थाना में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है।

## चैम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष बने प्रमोद कुमार को मनीष पंकज मिश्रा ने दी बधाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गया।** गया चैम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष पद पर प्रमोद कुमार के निर्वाचित होने पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष पंकज मिश्रा ने उनसे मुलाकात कर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मनीष पंकज मिश्रा ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि प्रमोद कुमार का चयन गया के व्यापारिक समुदाय के लिए एक सकारात्मक और प्रेरणादायक कदम है। उन्होंने कहा कि प्रमोद कुमार लंबे समय से व्यापारियों के हितों के लिए सक्रिय रूप से कार्य करते रहे हैं और उनके अनुभव व नेतृत्व क्षमता से चैम्बर ऑफ कॉमर्स को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में गया के व्यापारियों की समस्याओं का समाधान होगा और व्यापारिक वातावरण अधिक सुदृढ़ एवं विकासशील बनेगा। मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि वर्तमान समय में व्यापारिक क्षेत्र कई चुनौतियों का सामना कर रहा है जिनका समाधान संवाद, समन्वय और प्रभावी नेतृत्व से ही संभव है। उन्होंने आगे कहा कि प्रमोद कुमार के नेतृत्व में व्यापारियों को एक मजबूत मंच मिलेगा जिससे उनकी आवाज प्रशासन तक प्रभावी ढंग से पहुंचेगी। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच गया के व्यापारिक विकास, रोजगार सृजन और स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा देने को लेकर विस्तृत चर्चा भी हुई। अंत में मनीष पंकज मिश्रा ने पुनः प्रमोद कुमार को बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की और कहा कि उनका नेतृत्व गया के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## अभिनंद, नंदनी प्रखण्ड टॉपर, सौरव द्वितीय, मुखिया ने दी बधाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कोंच।** मैट्रिक परीक्षा परिणाम घोषित होते ही कोंच प्रखंड में खुशी की लहर दौड़ गई। ग्राम दौरमा निवासी हरेंद्र रजक के पुत्र अभिनन्द राज ने 468 अंक प्राप्त कर प्रखंड में प्रथम स्थान हासिल किया। वह उत्क्रमित हाई स्कूल, अंगरा के छात्र हैं। वहीं ग्राम सिमरहुआ निवासी किसान राम ध्यान यादव के पुत्र सौरव कुमार ने 467 अंक लाकर प्रखंड में दूसरा स्थान प्राप्त किया। सौरव प्रिंस पब्लिक हाई स्कूल के छात्र हैं और उन्होंने डॉ. रामाशीष कुमार के मार्गदर्शन में यह सफलता पाई है। इसी प्रकार ग्राम चतुरी बिगहा निवासी एवं स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत मुकेश कुमार गांधी की पुत्री नंदनी कुमारी ने 466 अंक प्राप्त कर प्रखंड की छात्राओं में प्रथम स्थान तथा समग्र रूप से तृतीय स्थान हासिल किया। नंदनी उच्च माध्यमिक विद्यालय, परसावां की छात्रा है। उन्होंने अपने चाचा योगेश्वर कुमार भारती एवं पिता मुकेश कुमार गांधी के मार्गदर्शन में सफलता प्राप्त की। गौरतलब है कि ग्राम दौरमा के छात्र अभिनन्द के प्रथम स्थान की जानकारी अखबार में प्रकाशित होने के बाद अभिभावकों द्वारा पुष्टि की गई। परिणाम को लेकर क्षेत्र में हर्ष का माहौल है तथा आंती पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि संजय यादव सहित परिजनों और शिक्षकों ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## मासिक अभ्यास वर्ग में टैबलेट की दी गयी जानकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी।** एकल अभियान टिकारी संच की तत्वावधान में मासिक अभ्यास वर्ग टिकारी स्थित विश्व हिंदू परिषद के प्रांगण में आहूत किया गया। आहूत अभ्यास वर्ग का शुभारंभ माता सरस्वती व भारत माता के तैलीय चित्र पर माल्यार्पण के साथ किया गया। मासिक अभ्यास वर्ग में वितरण किया गया टैबलेट के बारे में बारीकी रूप से जानकारी दिया गया। आचार्य आचार्या को एप से उपस्थिति दर्ज हेतु बताया गया।


## उपायुक्त का कार्यालय, लातेहार
## (जिला बाल संरक्षण इकाई)
Email-dcpslatehar@gmail.com

**विज्ञापन संख्या–1/2026**

**लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम (पोक्सो) 2012 के अधीन सहायक व्यक्ति (Support Prerson) की सेवा लेने हेतु अनुभवी योग्य इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन का आमंत्रणः–**

सरकार के सचिव, महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग झारखंड के अधिसूचना संख्या–2685 दिनांक 24.10.2024 के क्रम में लैंगिक अपराधों का संरक्षण अधिनियम (पोक्सो) 2012 तथा लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण नियमावली 2020 के प्रावधानों एवं पोक्सो अधिनियम 2012 की धारा–39 के अधिन सहायक व्यक्तियों के संदर्भ में राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा जारी माडल गाइडलाईन के क्रियान्वयन हेतु सहायक व्यक्तियों की सेवा प्राप्त किया जाना है। इस हेतु इच्छुक अनुभवी एवं योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैः–

| क सं | पद का नाम | पदों की संख्या | उम्र | शैक्षणिक योग्यता | कार्यानुभव |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सहायक व्यक्ति (Support Person) | जिलें में मामलों की संख्या के 1:10 के अनुसार | न्यूनतम 35 वर्ष अधिकतम 60 वर्ष | कला/वाणिज्य/विज्ञान/विधि/मनोविज्ञान/सामाजिक कार्य/मनोविज्ञान/स्थानीय भाषा में स्नाकोत्तर की उपाधि या किसी भी संकाय में स्नातक की उपाधि एवं संबंधित क्षेत्र में कम से कम दो वर्षो का कार्यानुभव | • बाल अधिकार/बाल संरक्षण/विधिक कार्य/सामाजिक कार्य/बाल मनोविज्ञान/परामर्शदात्ता/समाजशास्त्र/मनोविज्ञान के क्षेत्र में कम से कम दो वर्षो का वांछनीय कार्यानुभव। • DLSA/JHALSA/DCPU/CWC/JJB/POCSO/न्यायलय में कम से कम एक वर्ष का वांछनीय कार्यानुभव। |

उपरोक्त निर्धारित अंतिम तिथि दिनांक **25.04.2026 अपराह्न 5:00** बजे तक कार्यालय जिला बाल संरक्षण इकाई, प्रथम तल। विकास भवन (समाज कल्याण शाखा) समाहरणालय, लातेहार, पिन कोड- 829206 के पते पर निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट/कुरियर के माध्यम से आवेदन जमा कर सकते है।

**विस्तृत विवरणी लातेहार जिले के अधिकारिक वेबसाइट Latehar.nic.in पर देखा जा सकता है।**

उपायुक्त, लातेहार।

PR.NO.376293 Women, Child Development & Social Security(25-26):D


# अग्नि सुरक्षा जागरूकता अभियान : प्रभातफेरी निकाल लोगों को किया जागरूक

### भीषण गर्मी से पहले फायर विभाग अलर्ट, सड़कों पर उतरी टीम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जहानाबाद।** जिले में बढ़ती गर्मी और आगजनी की संभावनाओं को देखते हुए अग्निशमन विभाग ने व्यापक जागरूकता अभियान शुरू कर दिया है। जिला अग्निशमन पदाधिकारी स्नेही सोनल के नेतृत्व में अग्नि सुरक्षा सह जागरूकता प्रभातफेरी का आयोजन किया गया जिसमें विभाग की टीम ने शहर के विभिन्न मार्गों पर मार्च निकालकर लोगों को आग से बचाव के उपाय बताए। यह जागरूकता रैली गांधी मैदान स्थित अग्निशमन कार्यालय से शुरू होकर अंबेडकर चौक, हर्बल मोड़, काको मोड़ होते हुए शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरती हुई कारगिल चौक पर जाकर संपन्न हुई। इस दौरान अग्निशमन विभाग के अधिकारियों और कर्मियों ने लोगों को गर्मी के मौसम में आग से बचाव के प्रति सतर्क रहने की अपील की। जिला अग्निशमन पदाधिकारी स्नेही सोनल ने बताया कि गर्मी के दिनों में छोटी-सी चिंगारी भी बड़े हादसे का रूप ले सकती है, इसलिए सतर्कता ही सबसे बड़ा बचाव है। उन्होंने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के लोगों को कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि रसोई घर में खाना बनाते समय हमेशा पास में पानी से भरी बाल्टी रखें और खाना बनाने के बाद गैस सिलेंडर का रेगुलेटर अवश्य बंद करें। साथ ही खाना बनाने से पहले गैस पाइप और सिलेंडर को अच्छी तरह जांच लें कि कहीं गैस लीकेज तो नहीं हो रहा है। यदि गैस रिसाव की आशंका हो तो किसी भी प्रकार की बिजली का स्विच या लाइट न जलाएं। उन्होंने यह भी बताया कि रसोई घर में उचित वेंटिलेशन यानी खिड़की या रोशनदान होना जरूरी है, ताकि गैस का जमाव न हो सके। इसके अलावा शॉर्ट सर्किट से बचने के लिए बिजली के तारों और उपकरणों की समय-समय पर जांच करते रहने की सलाह दी गई। ग्रामीण क्षेत्रों के लिए विशेष रूप से चेतावनी देते हुए जिला अग्निशमन पदाधिकारी स्नेही सोनल ने कहा कि खेतों में जलती हुई बीड़ी या सिगरेट फेंकने से भी आग लगने का खतरा बना रहता है जिससे फसलें जल सकती हैं। ऐसे में लोगों को पूरी सावधानी बरतनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि यदि कहीं आग लग जाए तो तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दें और आग की दिशा के आसपास घास या फसल की कटाई कर आग को फैलने से रोकने का प्रयास करें। जिला अग्निशमन पदाधिकारी स्नेही सोनल ने अग्निशमन विभाग के हेल्पलाइन नंबर 101 के साथ-साथ स्थानीय संपर्क नंबर पर तुरंत सूचना देने की अपील की। उन्होंने बताया कि यह अभियान केवल शहर तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि आने वाले दिनों में प्रखंड और गांवों में भी चलाया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोगों को जागरूक किया जा सके। इस अभियान में अग्निशमन विभाग के अधिकारी एवं कर्मी सक्रिय रूप से शामिल रहे जिनमें आशा प्रभारी विनोद कुमार, कविश कुमार, मंटू कुमार सिंह, प्रधान अग्निक शिवशंकर कुमार, विजय कुमार मंडल, अजीत कुमार, एमडी आरिफ हुसैन, अग्निक चालक राहुल यादव, धर्मेंद्र कुमार, चंदन कुमार, नेश सिंह तथा अन्य कर्मियों में सरोज कुमार, औरंगजेब अंसारी, राहुल कुमार, पुष्पा कुमारी, सुमित कुमार, विकेंद्र कुमार, संध्या कुमारी आदि शामिल रहे। पूरे कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को जागरूक कर आगजनी की घटनाओं को रोकना और जन-धन की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर

**प्रथम शुद्धि–पत्र**

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर अन्तर्गत आमंत्रित ई–प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– **DWSD/MED/RRP/10/2025-26 (1st Call)** (32mm व्यास के I.M-II हैण्ड पम्प के क्षतिग्रस्त राईजर पाईप, सी0आई0 सिलिन्डर एवं कनेक्टिंग रॉड इत्यादि को सम्परिवर्तित कर नलकूप को चालू करने का कार्य) जो PR No. 376024 (Drinking Water and Sanitation) 25-26*D द्वारा प्रकाशित है; में अपरिहार्य कारणों से नलकूपों की संख्या, निविदा की प्राक्कलित राशि, अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है :–

**संशोधित**

| ग्रुप सं0 | प्रखण्ड | नलकूपों की सं0 | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| MED RRP-1 | Chainpur & Ramgarh | 128 Nos. | 18,86,720.00 | 38,000.00 | 5000.00 | 02 (दो) माह |
| MED RRP-2 | Patan & Pandwa | 117 Nos. | 17,24,580.00 | 35,000.00 | 5000.00 | 02 (दो) माह |
| MED RRP-3 | Manatu & Tarhasi | 127 Nos. | 18,71,980.00 | 38,000.00 | 5000.00 | 02 (दो) माह |
| MED RRP-4 | Lesliganj | 75 Nos. | 11,05,500.00 | 23,000.00 | 2500.00 | 02 (दो) माह |
| MED RRP-5 | Satbarwa & Medininagar | 116 Nos. | 17,09,840.00 | 35,000.00 | 5000.00 | 02 (दो) माह |
| MED RRP-6 | Bishrampur & Nawa Bazar | 105 Nos. | 15,47,700.00 | 31,000.00 | 5000.00 | 02 (दो) माह |
| MED RRP-7 | Pandu & Untari Road | 69 Nos. | 10,17,060.00 | 21,000.00 | 2500.00 | 02 (दो) माह |
| MED RRP-8 | Chhattarpur & Naudiha Bazar | 103 Nos. | 15,18,220.00 | 31,000.00 | 5000.00 | 02 (दो) माह |
| MED RRP-9 | Hariharganj & Pipra | 74 Nos. | 10,90,760.00 | 22,000.00 | 2500.00 | 02 (दो) माह |
| MED RRP-10 | Hussainabad | 71 Nos. | 10,46,540.00 | 21,000.00 | 2500.00 | 02 (दो) माह |
| MED RRP-11 | Haidernagar & Mohammadganj | 60 Nos. | 8,84,400.00 | 18,000.00 | 1250.00 | 02 (दो) माह |
| MED RRP-12 | Panki | 91 Nos. | 13,41,340.00 | 27,000.00 | 2500.00 | 02 (दो) माह |

**यह शुद्धि–पत्र परिमाण विपत्र का भाग होगा एवं शेष पूर्ववत् रहेंगे।**

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,
मेदिनीनगर।

PR 376320 (Drinking Water and Sanitation) 25-26 (D)


# जीवन प्रमाणीकरण के लिए आज तक मौका, नहीं कराया तो पेंशन हो जाएगी बंद

### गयाजी में 1.70 लाख से ज्यादा लाभुकों का लाइफ सर्टिफिकेट लंबित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गयाजी।** गयाजी में सामाजिक सुरक्षा पेंशन वाले हजारों लोगों के सामने अब बड़ा संकट खड़ा हो सकता है। जीवन प्रमाणीकरण की अंतिम तारीख 31 मार्च तय है, लेकिन अब तक बड़ी संख्या में लाभुक यह प्रक्रिया पूरी नहीं कर पाए हैं। जिले में हालात यह है कि करीब 1 लाख 70 हजार 641 पेंशनधारियों का जीवन प्रमाणीकरण अभी भी लंबित है। ऐसे में अगर समय रहते यह काम नहीं हुआ तो अगले महीने से उनकी पेंशन अटक सकती है और भागदौड़ से जुड़ी तमाम परेशानियां बढ़ सकती हैं। प्रशासन की ओर से साफ कर दिया गया है कि 31 मार्च के बाद सिर्फ उन्हीं लोगों को पेंशन मिलेगी जिन्होंने जीवन प्रमाणीकरण से जुड़ी कागजी कार्रवाई पूरी करवा ली है। यह प्रक्रिया 22 दिसंबर 2025 से ही कॉमन सर्विस सेंटर के जरिए मुफ्त में चल रही है, लेकिन इसके बावजूद बड़ी संख्या में लोग अब तक नहीं पहुंच पाए हैं। सबसे ज्यादा लंबित मामले गया सदर, टिकारी, मानपुर और बोधगया जैसे प्रखंडों में है। गया सदर में 20 हजार 990, मानपुर में 10 हजार 148 और टिकारी में 10 हजार 378 पेंशनधारी अब भी प्रमाणीकरण से बाहर हैं। बोधगया में भी 10 हजार 434 लोग इस सूची में शामिल हैं। इसके अलावा बाराचट्टी, बेलागंज, वजीरगंज, शेरघाटी, खिजरसराय जैसे प्रखंडों में भी हजारों लाभुकों ने अभी तक प्रक्रिया पूरी नहीं की है। प्रशासन का कहना है कि अति वृद्ध और दिव्यांग पेंशनधारियों को राहत दी गई है। अगर फिंगरप्रिंट से प्रमाणीकरण नहीं हो पा रहा तो आईरिस स्कैन से किया जा सकता है। इतना ही नहीं जो लोग बिस्तर से उठ नहीं सकते, उनके लिए डोर-टू-डोर जाकर जीवन प्रमाणीकरण कराने का निर्देश दिया गया है। इसके बावजूद कई जगहों पर यह सुविधा जमीन पर पूरी तरह नहीं दिख रही। कई मामलों में आधार कार्ड या बायोमैट्रिक अपडेट नहीं होने की वजह से भी प्रमाणीकरण अटक रहा है। ऐसे लोगों को आधार केंद्र जाकर तुरंत अपडेट कराने को कहा गया है जिनका आधार नहीं बना है, उन्हें भी जल्द से जल्द बनवाने का निर्देश दिया गया है। सरकार ने इस प्रक्रिया को पूरी तरह मुफ्त रखा है, लेकिन कुछ सीएससी केंद्रों पर पैसे वसूलने की शिकायतें भी सामने आई हैं। प्रशासन ने साफ किया है कि अगर किसी ने पैसे लिए तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी लेकिन ऐसा होता नहीं दिख रहा है। अब वक्त बहुत कम बचा है जिन लोगों ने अभी तक जीवन प्रमाणीकरण नहीं कराया है, उनके पास सिर्फ एक दिन का मौका बचा है।

संपादकीय

## कब किसान गर्व से कहेगा, 'मेरी संतान भी किसान बने'

एक डॉक्टर, इंजीनियर, वकील, अफसर या कारोबारी अक्सर यही चाहते हैं कि उनकी अगली पीढ़ी उन्हीं के पेशे को आगे बढ़ाए। लेकिन इस मामले में किसान एक अपवाद है। बहुत कम किसान चाहते हैं कि उनकी संतान भी खेती करे। देश में खेती-किसानी के सामने सबसे बड़ा मौन संकट यही है कि किसानों की नई पीढ़ी की गांव, खेत-खलिहान से जुड़ी जड़ें लगातार कमजोर पड़ रही हैं। कड़ी मेहनत के बावजूद खेती उनके लिए घाटे का सौदा है। ऐसे में शहरों या विदेशों में नौकरी के लिए जाना उन्हें ज्यादा सही लगता है। नतीजा यह है कि गांवों में ज्यादातर बुजुर्ग किसान बचे हैं, जो अपनी जड़ों (खेतों) से जुड़े रहना चाहते हैं। देश की करीब 46 प्रतिशत आबादी आज भी खेती पर निर्भर है, जबकि देश की जी.डी.पी. में 16 प्रतिशत योगदान खेती का है। यह अंतर साफ बताता है कि खेती का दायरा बड़ा है लेकिन देश की अर्थव्यवस्था में उसकी घटती हिस्सेदारी एक बड़ी चुनौती है। यहां आर्टिफिशियल इंटेलिजैंस यानी ए.आई. एक बड़े बदलाव की राह खोल सकता है। यह सिर्फ एक नई टैक्नोलॉजी नहीं, बल्कि खेती को पूरी तरह बदल देने वाली ताकत बन सकता है। ए.आई. के जरिए खेती को डाटा और टैक्नोलॉजी आधारित स्मार्ट खेती, ज्यादा मुनाफेमंद व सबसे अहम, युवाओं को इससे जोड़ा जा सकता है। ए.आई. खेती के तौर-तरीके बदल रहा है। अब सैटेलाइट तस्वीरों, मिट्टी की जांच, मौसम के पैटर्न और फसल की स्थिति के आधार पर किसानों को तुरंत सलाह मिल सकती है। इससे किसान सही समय पर बुवाई कर सकता है, खाद एवं कीटनाशकों का संतुलित उपयोग कर सकता है और बाजार में सही समय पर फसल बेच सकता है। ए.आई. आधारित खेती से उत्पादन में बढ़ौतरी, पानी और रासायनिक खादों एवं कीटनाशकों की खपत काफी घटाई जा सकती है। स्मार्ट फोन और डिजिटल दुनिया में पली-बढ़ी नई पीढ़ी के लिए यह बदलाव खेती को टैक्नोलॉजी आधारित पेशे में बदल देता है, जहां डाटा एनालिटिक्स भी उतने ही जरूरी हैं, जितने खेती के दूसरे पारंपरिक संसाधन। भारत के पास कृषि से जुड़े विशाल डाटा में मौसम, मिट्टी, सैटेलाइट और फसलों संबंधी आंकड़े हैं, लेकिन अभी भी 10 प्रतिशत से कम किसान डिजिटल सलाह का इस्तेमाल करते हैं। यानी टैक्नोलॉजी का असली फायदा अभी खेतों की पहुंच से परे है। हालांकि अब तस्वीर बदलने लगी है। 'किसान ई-मित्र' जैसे प्लेटफॉर्म रोज हजारों किसानों के सवालों का जवाब दे रहे हैं। आई.आई.टी. रोपड़ की 'एनम ए.आई.' एप जैसी पहल भी डाटा को आसान भाषा में किसानों तक पहुंचा रही हैं। शुरुआती प्रयोग से यह साफ हुआ है कि ए.आई. के इस्तेमाल से खेती की लागत 8 से 12 प्रतिशत तक घट सकती है और उत्पादन 20 से 30 प्रतिशत तक बढ़ सकता है। अक्सर यह चिंता जताई जा रही है कि ए.आई. और मशीनें खेत मजदूरों को बेरोजगार कर देंगी। लेकिन भारत की जमीनी हकीकत अलग है। यहां 86 प्रतिशत किसानों के पास 2 हैक्टेयर तक के खेत हैं, जहां पूरी तरह मशीनों पर निर्भर होना संभव नहीं। ऐसे में ए.आई. खेत मजदूरों का काम खत्म नहीं करेगा, बल्कि काम का तरीका बदलेगा। अब नए तरह के काम सामने आ रहे हैं, जैसे एग्री-डाटा संभालने वाले तकनीशियन, ड्रोन से छिड़काव करने वाले ऑप्रेटर और सप्लाई चेन को संभालने वाले एक्सपर्ट छोटी जोत की खेती को भी मुनाफेमंद बनाने में मददगार साबित हो सकते हैं। 1966 में हरित क्रांति और मशीनीकरण की अगुवाई करने वाले पंजाब और हरियाणा के कई इलाकों में महिलाएं ड्रोन से फसलों की निगरानी और कीटनाशकों का छिड़काव कर रही हैं। यह संकेत है कि आने वाले समय में गांवों की अर्थव्यवस्था भी डिजिटल टैक्नोलॉजी से बदलेगी। यानी ए.आई. रोजगार कम नहीं करेगी, बल्कि खेती को कुशल और सम्मानजनक पेशे में बदल सकती है। दुनिया के कई देशों ने साबित किया कि जब खेती टैक्नोलॉजी से जुड़ती है, तो युवा खुद-ब-खुद उससे जुड़ते जाते हैं। चीन का उदाहरण बेहद दिलचस्प है। भूजल संकट के बावजूद भारत लगभग 4.4 करोड़ हैक्टेयर में धान उगाता है, जबकि भूजल सरंक्षण के लिए चीन ने धान का रकबा घटाकर 2.8 करोड़ हैक्टेयर कर दिया है। बावजूद इसके चीन का चावल उत्पादन भारत से सिर्फ 50 लाख टन कम है। भारत में प्रति हैक्टेयर चावल उत्पादन करीब 2.3 टन है, जबकि चीन में प्रति हैक्टेयर 4 टन, यानी भारत से 70 प्रतिशत ज्यादा उत्पादन। अमरीका में 'सी एंड स्प्रे' जैसी तकनीक कम्प्यूटर विजन के जरिए सिर्फ खरपतवार पर ही दवा डालती है, जिससे कैमिकल कीटनाशकों का इस्तेमाल 90 प्रतिशत तक घट जाता है। इसराईल में ए.आई. आधारित सिंचाई प्रणाली मिट्टी और मौसम के हिसाब से पानी का इस्तेमाल तय करती है। ए.आई. की मदद से जहां पंजाब और हरियाणा जैसे राज्यों की गेहूं-धान के फसली चक्र पर निर्भरता का समाधान निकाला जा सकता है, वहीं मिट्टी, पानी, मौसम, बीज, खाद एवं कीटनाशक की खपत और बाजार की मांग का विश्लेषण करके किसानों को फलों, सब्जियों, दालों, तिलहन और बागवानी जैसी अधिक लाभकारी फसलों की ओर मोड़ कर न केवल उनकी आय बढ़ाई जा सकती है, बल्कि पानी की बचत व पर्यावरण संतुलन भी बेहतर हो सकता है। मजबूत डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर, किसानों के कौशल विकास और दूरदर्शी नीतियों को यदि सही ढंग से लागू किया जाए, तो खेती आधुनिक, सम्मानजनक और मुनाफेमंद हो सकती है। तब शायद किसान भी गर्व से कह सकेगा कि 'मेरी संतान भी किसान बनेगी।'

# डेटा सेंटरों की प्यास ने बढ़ाया जल संकट

**आज जब हम स्मार्टफोन पर वीडियो काल करते हैं, सोशल मीडिया पर पोस्ट डालते हैं या एआई से कोई सवाल पूछते हैं, तब अनजाने में हम धरती के जल संसाधनों पर भी दबाव बढ़ा रहे होते हैं। इसमें दो राय नहीं कि डिजिटल क्रांति ने मानव जीवन को एक नई दिशा दी है। इसने गति और संपर्क की सुविधा का विस्तार किया है, लेकिन इस चमकदार तकनीकी संसार के पीछे एक अदृश्य संकट भी आकार ले रहा है। कृत्रिम मेधा, 'क्लाउड कंप्यूटिंग' और डेटा विस्तार के साथ-साथ दुनिया भर में डेटा सेंटरों का जाल तेजी से फैल रहा है। भारत भी इस वैश्विक दौड़ का प्रमुख केंद्र बन रहा है। दुनिया की दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनियां भारत में 'एआइ लैब' और 'डेटा सेंटर' स्थापित करने के लिए अरबों डालर का निवेश कर रही हैं।**

**योगेश कुमार गोयल**

ऐसे में देश तेजी से वैश्विक डिजिटल अवसंरचना के प्रमुख केंद्र के रूप में उभर रहा है। विभिन्न घरेलू और अंतरराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा देश में डेटा सेंटर स्थापित करने के लिए अरबों डालर के निवेश की संभावना जताई जा रही है। मगर यह निवेश भारत की तकनीकी महत्त्वाकांक्षाओं और डिजिटल अर्थव्यवस्था के लिए जितना आशाजनक दिखता है, उतना ही देश के जल और ऊर्जा संसाधनों के लिए गहरी चिंता का कारण भी बनता जा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस उद्योग के लिए पानी और बिजली की निर्बाध आपूर्ति की जरूरत होती है, जिससे भविष्य में नई चुनौतियां खड़ी हो सकती हैं।

हाल ही में गूगल ने अपनी पर्यावरण रपट जारी की है, जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि कृत्रिम मेधा यानी एआइ और डेटा सेंटर बिजली एवं पानी की मांग तेजी से बढ़ा रहे हैं। इसके अनुसार, गूगल डेटा सेंटरों ने 6.1 अरब गैलन पानी का उपयोग किया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 17 फीसद अधिक था। गूगल के मुताबिक, वर्ष 2030 तक बिजली की मांग भी चौदह गुना तक बढ़ सकती है। डेटा सेंटर सुनने में भले ही महज डिजिटल ढांचा लगें, लेकिन वास्तव में यह एक ऐसा विशाल संयंत्र हैं, जिन्हें चलाने के लिए निरंतर बिजली और पानी की आवश्यकता होती है। हजारों सर्वर चौबीसों घंटे चलते हैं और भीषण गर्मी पैदा करते हैं। इस गर्मी को नियंत्रित करने के लिए 'कूलिंग सिस्टम' में स्वच्छ पानी जाता है। आज जब हम स्मार्टफोन पर वीडियो काल करते हैं, सोशल मीडिया पर पोस्ट डालते हैं या एआइ से कोई सवाल पूछते हैं, तब अनजाने में हम धरती के जल संसाधनों पर भी दबाव बढ़ा रहे होते हैं। दुनिया के कई हिस्सों से यह चेतावनी पहले ही सामने आ चुकी है कि डेटा सेंटर किस तरह स्थानीय जल संकट को जन्म दे रहे हैं। वर्ष 2018 में अमेरिका के जार्जिया राज्य के न्यूटन काउंटी में एक सोशल मीडिया कंपनी की ओर से 7.5 करोड़ डालर की लागत से एक बड़ा डेटा सेंटर स्थापित करने




की घोषणा ने स्थानीय लोगों में उम्मीदों की नई लहर जगा दी थी। रोजगार, आर्थिक विकास और क्षेत्रीय समृद्धि के सपने बुने गए। शुरुआती वर्षों में इन उम्मीदों को बल भी मिला, लेकिन यह खुशी ज्यादा समय तक टिक नहीं सकी। कुछ ही वर्षों बाद हालात पलट गए। एक रपट ने चौंकाने वाला सच उजागर किया कि इस डेटा सेंटर के कारण आसपास के कुएं सूखने लगे और घरों तक पानी की आपूर्ति बाधित हो गई। जांच में सामने आया कि एआइ आधारित यह सेंटर प्रतिदिन करीब पांच लाख गैलन पानी खपत कर रहा था, जो काउंटी के कुल दैनिक जल उपयोग का लगभग दस फीसद था।

परिणाम यह हुआ कि जहां पहले सौ फीट पर पानी मिल जाता था, वहां अब तीन सौ फीट खुदाई के बाद भी पानी नहीं मिल रहा। इस जल संकट ने स्थानीय लोगों में विस्थापन का भय पैदा कर दिया। एआइ और डेटा सेंटरों में पानी की जरूरत केवल उन्हें शीतल करने तक सीमित नहीं है। एआइ आधारित प्रोसेसिंग में कई गुना अधिक 'कंप्यूटिंग पावर' लगती है, जिससे बिजली की खपत भी बढ़ जाती है। बिजली उत्पादन चाहे कोयला आधारित हो, परमाणु हो या तापीय, लगभग हर तरीके में पानी की बड़ी भूमिका होती है।

इंटरनेशनल एनर्जी एजंसी के अनुसार, एआइ से किया गया एक सवाल सामान्य 'आनलाइन सर्च' के मुकाबले कई गुना अधिक ऊर्जा खपत करता है। यानी हर डिजिटल सुविधा के पीछे पानी और बिजली की दोहरी मांग छिपी है। कैलिफोर्निया और टेक्सास में हुए अनुसंधान में पाया गया कि चैटजीपीटी-तीन माडल से दस से पचास सवालों के उत्तर देने में लगभग आधा लीटर पानी लगता है। पानी की जरूरत इस पर भी निर्भर करती है कि उत्तर कितना लंबा है, कहां प्रोसेस हो रहा है और गणना में किन चीजों को शामिल किया गया है। भारत पहले ही दुनिया के उन देशों में शामिल है, जहां भू-जल का अत्यधिक दोहन हो रहा है। कई सरकारी और अंतरराष्ट्रीय रपटों में चेतावनी दी गई है कि आने वाले वर्षों में देश के सैकड़ों जिले गंभीर जल संकट का सामना कर सकते हैं। ऐसे समय में यदि डेटा सेंटरों के लिए भू-जल का अनियंत्रित इस्तेमाल बढ़ता है, तो यह स्थिति और भयावह हो सकती है। विडंबना यह है कि ग्रेटर नोएडा, मुंबई, चेन्नई, हैदराबाद और बंगलुरु इत्यादि जिन क्षेत्रों में डेटा सेंटर स्थापित हो रहे हैं, वहां पहले से ही पानी की उपलब्धता दबाव में है। स्थानीय समुदायों में यह चिंता बढ़ रही है कि कहीं डिजिटल विकास उनकी बुनियादी जरूरतों को पीछे न धकेल दे।

एक समस्या यह भी है कि कई प्रमुख डेटा सेंटर अपनी पर्यावरण रपटों में पानी के उपयोग का पूरा और स्पष्ट ब्योरा सार्वजनिक नहीं करते। इससे नीति-निर्माताओं और आम नागरिकों के लिए यह समझना मुश्किल हो जाता है कि वास्तव में यह उद्योग जल संसाधनों पर कितना दबाव डाल रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि भारत में अपेक्षाकृत नरम पर्यावरणीय नियम और स्वनियमन का माडल भी विदेशी कंपनियों को यहां निवेश के लिए आकर्षित करता है। सस्ती बिजली, श्रम और जमीन के साथ-साथ जल-पर्यावरणीय शर्तें भारत को डेटा सेंटरों के लिए 'सस्ता ठिकाना' बना रही हैं। डेटा सेंटरों का प्रभाव केवल जल और ऊर्जा के संसाधनों तक सीमित नहीं है, बल्कि इनसे भारी मात्रा में कार्बन डाइआक्साइड गैस का उत्सर्जन भी होता है, इलेक्ट्रानिक कचरा पैदा होता है और स्थानीय तापमान पर भी असर पड़ता है।

हालांकि तस्वीर पूरी तरह निराशाजनक भी नहीं है। तकनीकी विशेषज्ञों का कहना है कि यदि सही दिशा में निवेश और नीति-निर्माण किया जाए, तो डेटा सेंटरों का जल प्रभाव काफी हद तक कम किया जा सकता है। भारत जिस 'डिजिटल इंडिया' का सपना देख रहा है, वह तभी टिकाऊ होगा, जब उसमें पर्यावरणीय विवेक भी शामिल हो। डाटा सेंटरों के लिए सख्त और पारदर्शी नियम बनाए जाने की जरूरत है। केवल निवेश और तकनीकी क्षमता ही नहीं, जल और ऊर्जा की दीर्घकालिक उपलब्धता भी नीति का केंद्र बिंदु होनी चाहिए, अन्यथा खतरा यह है कि कहीं डिजिटल प्रगति की दौड़ में हम अनजाने में अपनी नदियों, तालाबों और भू-जल पर दबाव न बढ़ा दें। अब प्रश्न केवल यह नहीं है कि भारत कितनी तेजी से डिजिटल विकास के पथ पर आगे बढ़ेगा, बल्कि यह भी है कि क्या वह इस प्रगति को पानी, पर्यावरण और भविष्य की पीढ़ियों के अधिकारों के साथ संतुलित कर पाएगा। सच यही है कि डेटा जितना बढ़ेगा, धरती का पानी उतना ही घटेगा और इसी सच्चाई को समझना आज की सबसे बड़ी जरूरत है।

अध्यात्म

## जीवन मे गुरु की आवश्यकता क्यों?

एक गाय घास चरने के लिए एक जंगल में चली गई। शाम ढलने के करीब थी। उसने देखा कि एक बाघ उसकी तरफ दबे पांव बढ़ रहा है। वह डर के मारे इधर-उधर भागने लगी। वह बाघ भी उसके पीछे दौड़ने लगा। दौड़ते हुए गाय को सामने एक तालाब दिखाई दिया। घबराई हुई गाय उस तालाब के अंदर घुस गई।

वह बाघ भी उसका पीछा करते हुए तालाब के अंदर घुस गया। तब उन्होंने देखा कि वह तालाब बहुत गहरा नहीं था। उसमें पानी कम था और वह कीचड़ से भरा हुआ था। उन दोनों के बीच की दूरी काफी कम हुई थी। लेकिन अब वह कुछ नहीं कर पा रहे थे। वह गाय उस किचड़ के अंदर धीरे-धीरे धंसने लगी। वह बाघ भी उसके पास होते हुए भी उसे पकड़ नहीं सका।

वह भी धीरे-धीरे कीचड़ के अंदर धंसने लगा। दोनों भी करीब करीब गले तक उस कीचड़ के अंदर फस गए। दोनों हिल भी नहीं पा रहे थे। गाय के करीब होने के बावजूद वह बाघ उसे पकड़ नहीं पा रहा था।

थोड़ी देर बाद गाय ने उस बाघ से पूछा, क्या तुम्हारा कोई गुरु या मालिक है? बाघ ने गुर्राते हुए कहा, मैं तो जंगल का राजा हूं। मेरा कोई मालिक नहीं। मैं खुद ही जंगल का मालिक हूं। गाय ने कहा, लेकिन तुम्हारे उस शक्ति का यहां पर क्या उपयोग है?

उस बाघ ने कहा, तुम भी तो फस गई हो और मरने के करीब हो। तुम्हारी भी तो हालत मेरे जैसी है।

गाय ने मुस्कुराते हुए कहा, बिलकुल नहीं। मेरा मालिक जब शाम को घर आएगा और मुझे वहां पर नहीं पाएगा तो वह ढूंढते हुए यहां जरूर आएगा और मुझे इस कीचड़ से निकाल कर अपने घर ले जाएगा। तुम्हें कौन ले जाएगा? थोड़ी ही देर में सच में ही एक आदमी वहां पर आया और गाय को कीचड़ से निकालकर अपने घर ले गया। जाते समय गाय और उसका मालिक दोनों एक दूसरे की तरफ कृतज्ञता पूर्वक देख रहे थे। वे चाहते हुए भी उस बाघ को कीचड़ से नहीं निकाल सकते थे क्योंकि उनकी जान के लिए वह खतरा था। गाय समर्पित हृदय का प्रतीक है। बाघ अहंकारी मन है और मालिक सद्गुरु का प्रतीक है। कीचड़ यह संसार है। और यह संघर्ष अस्तित्व की लड़ाई है। किसी पर निर्भर नहीं होना अच्छी बात है लेकिन उसकी अति नहीं होनी चाहिए। आपको किसी मित्र, किसी गुरु, किसी सहयोगी की हमेशा ही जरूरत होती है।

# क्या नंबर ही बच्चों की सफलता तय करते हैं?

**परीक्षा के समय तनाव आम समस्या है, जो एकाग्रता और याददाश्त प्रभावित करता है। अभिभावकों को बच्चों को शांत रखने के उपाय अपनाने चाहिए। संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, अच्छी नींद और स्क्रीन की अवधि सीमित रखना प्राथमिकता होना चाहिए। श्वास व्यायाम सिखाना चाहिए, जो तनाव को कम करता है। इससे बच्चे तर्कसंगत तरीके से परीक्षा चिंताओं से निपट सकते हैं। अभिभावकों को घर पर सीखने का समर्थन करने, शिक्षकों से संवाद रखने और मूल्यों को प्रोत्साहित करने की जरूरत है। बच्चों की समस्याओं को सुनकर अभिभावक-अध्यापक सामूहिक प्रयास करें, तो बच्चे का मानसिक विकास तेज होगा। अधिक अंक वाली सोच बदलने की जरूरत है। समाज का दायित्व अगर हमने आज नहीं बदला, तो आने वाली पीढ़ियां अंकों के बोझ तले दब जाएंगी। शिक्षा को अंकों का खेल बनाने से बचने की जरूरत है।**

**राजेंद्र जोशी**

शिक्षा परीक्षा में हासिल अंकों का खेल नहीं है, बल्कि यह समग्र विकास का माध्यम है। स्कूल, अभिभावक और समाज को मिलकर इस सोच को बदलना होगा। समस्या की जड़ यह है कि आजकल स्कूल और अभिभावक अक्सर नंबरों को ही सफलता का एकमात्र पैमाना बना देते हैं। इससे बच्चों की रचनात्मकता, कौशल और व्यक्तिगत क्षमताएं दब जाती हैं। केवल अधिक अंक प्राप्त करने वाले बच्चों को श्रेष्ठ मानना पूरी तरह गलत है, क्योंकि अच्छी परवरिश की सफलता बच्चों की सोच, समझ और प्रभावी व्यवहार में निहित होती है। तुलना का दबाव बच्चों के आत्मविश्वास को तोड़ता है और चिंता-तनाव को जन्म देता है। बच्चे अपनी वास्तविक प्रतिभाओं को दबाकर केवल अंकों के पीछे भागने लगते हैं। अभिभावकों की भूमिका अपनी इच्छाओं और अपेक्षाओं को बच्चों पर थोपने की नहीं होनी चाहिए, बल्कि उन्हें उनकी क्षमताओं के अनुरूप उड़ान भरने देना चाहिए।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 भी इसी दिशा में समग्र विकास पर बल देती है, जहां ज्ञान अर्जन के साथ जीवन-कौशल महत्त्वपूर्ण हैं। यह नीति छात्रों के मानसिक, शारीरिक एवं सामाजिक विकास को प्राथमिकता देती है, न कि केवल अंकों को। जरूरत इस बात की है कि अभिभावक बच्चों की आवश्यकताओं को समझें और उनकी कमजोरियों को बार-बार उनके सामने न दोहराएं। बच्चे में मौजूद हुनर को बाहर लाने का प्रयास करना चाहिए। अभिभावकों को सकारात्मक सोच रखते हुए जागरूक रहना होगा और सुविधाओं की अति करने से बचना होगा। परीक्षा के दौरान घर-परिवार में सामान्य वातावरण बनाना प्राथमिक जरूरत है, ताकि बच्चों में परीक्षा का भय न पैदा हो। सामान्य दिनों की तरह व्यवहार करना चाहिए, जिससे डर उनकी कमजोरी न बने। भावनात्मक समर्थन के लिए खुला संवाद जरूरी है।

नई शिक्षा नीति कहती है कि अधिकांश कक्षाओं में ऐसे बच्चों की पहचान होनी चाहिए, जिनमें सीखने की दृष्टि से कुछ विशिष्ट अक्षमता होती है और जिन्हें लगातार मदद की आवश्यकता होती है। ऐसे मामलों में सामने आया है कि उन बच्चों की जितनी जल्दी मदद शुरू की जाती है, आगे प्रगति की संभावना उतनी ही बेहतर नजर आती है। अध्यापकों को सीखने से संबंधित इस प्रकार की अक्षमताओं की पहचान करने और उनके निवारण के लिए योजना बनाने में विशेष रूप से मदद मिलती है, तो विशिष्ट कार्यों और उपयुक्त तकनीक की मदद से कुछ प्रयास शामिल किए जा सकते हैं। बच्चों को अपनी गति के अनुरूप काम करने की स्वतंत्रता देना, पाठ्यक्रम को सभी बच्चों के लिए सक्षम और लचीला बनाना तथा उपयुक्त आकलन एवं प्रमाणन के लिए अनुकूल माहौल बनाना आज के समय की जरूरत है।

ऐसे में नंबर के गणित के बजाय क्षमतावान बनाने की जरूरत होनी चाहिए। सीखने की क्षमता वाले सभी छात्रों के लिए समान पहुंच और दृष्टि में



बदलाव सुनिश्चित की जाए तो अंकों की असमानता दूर की जा सकती है। यह भी देखना होगा की बच्चों की समझ और उनकी प्रवृत्ति के मद्देनजर पाठ्यक्रम की उपलब्धता होनी चाहिए। अनेक बार भाषा भी बड़ी समस्या होती है। बच्चे मातृभाषा में अधिक सहज होते हैं, लेकिन अंग्रेजी और दूसरी भाषाएं थोपने के कारण बच्चा असहज महसूस करता है और धीरे-धीरे वह पढ़ाई से ही दूरी बनाने लगता है। अच्छे नबंर और बेहतर परिणाम के लिए सहजभाव और अनुकूल वातावरण का निर्माण आवश्यक है।

सार्थक संवाद से बच्चे भावनात्मक रूप से मजबूत होंगे और उनकी सोच को सकारात्मक आकार मिलेगा। अभिभावक, परिवार, समाज, स्कूल में बच्चों की तुलना अंकों से करते हैं, न कि उनके कौशल और प्रभावी व्यवहार से। इससे मानसिक विकास में बाधा उत्पन्न होती है। पालन-पोषण या परवरिश की व्यवस्था सिखाती है कि अभिभावकों की भूमिका बच्चों की सोच और उनके भीतर जागरूकता विकसित करना है। प्राथमिक से उच्च माध्यमिक स्तर तक कक्षा में अंकों से तुलनात्मक समझ विकसित नहीं करना चाहिए। शैक्षणिक विकास में बच्चों की समझ, अभिव्यक्ति और सोच के आधार पर उन्हें गले लगाने की जरूरत है। अपनी अपेक्षाओं को बच्चों पर थोपने से उनका मानसिक, सामाजिक और शैक्षणिक विकास कमजोर होता जा रहा है। अभिभावक और अध्यापकों को शैक्षणिक गतिविधियों में मिलकर काम करने की कोशिश करनी चाहिए। अंकों के आधार पर मूल्यांकन के स्थान पर बच्चों के संग सार्थक संवाद को प्राथमिकता देना चाहिए।

परीक्षा के समय तनाव आम समस्या है, जो एकाग्रता और याददाश्त प्रभावित करता है। अभिभावकों को बच्चों को शांत रखने के उपाय अपनाने चाहिए। संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, अच्छी नींद और स्क्रीन की अवधि सीमित रखना प्राथमिकता होना चाहिए। श्वास व्यायाम सिखाना चाहिए, जो तनाव को कम करता है। इससे बच्चे तर्कसंगत तरीके से परीक्षा चिंताओं से निपट सकते हैं। अभिभावकों को घर पर सीखने का समर्थन करने, शिक्षकों से संवाद रखने और मूल्यों को प्रोत्साहित करने की जरूरत है। बच्चों की समस्याओं को सुनकर अभिभावक-अध्यापक सामूहिक प्रयास करें, तो बच्चे का मानसिक विकास तेज होगा। अधिक अंक वाली सोच बदलने की जरूरत है। समाज का दायित्व अगर हमने आज नहीं बदला, तो आने वाली पीढ़ियां अंकों के बोझ तले दब जाएंगी। शिक्षा को अंकों का खेल बनाने से बचने की जरूरत है। अभिभावक, शिक्षक और समाज को मिलकर बच्चों को प्यार, समझ और कौशल से गढ़ना चाहिए। सकारात्मक माहौल बना कर रुचियों को प्रोत्साहित करना चाहिए। इससे बच्चे सुरक्षित महसूस करेंगे और दीर्घकालिक सफलता पाएंगे।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
कार्यक्षेत्र में अतिरिक्त कार्यभार बढ़ सकता है। रुका हुआ काम अचानक बनने की सम्भावना बन रही है। घर में मेहमानों का आगमन हो सकता है।

**वृषभ**
व्यापार में बड़ा निवेश कर सकते हैं। अनावश्यक कार्यों में आप समय बर्बाद न करें। क्रोधी स्वभाव वाले लोगों की आलोचना हो सकती है।

**मिथुन**
वैवाहिक सम्बन्धों में मधुरता रहेगी। अनुसन्धान सम्बन्धी कार्यों में आपकी अभिरुचि बढ़ सकती है। घरेलू मामलों को लेकर अत्यधिक व्यस्त रहेंगे।

**कर्क**
जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करें। आज कार्यक्षेत्र में समस्या का अनुभव होगा। यात्रा का प्रयोजन सफल होने में कठिनाई होगी।

**सिंह**
आप नये कार्यों की शुरुआत कर सकते हैं। सेहत के दृष्टिकोण से दिन बहुत अच्छा है। जल्दबाजी के बजाय गम्भीरता और धैर्यपूर्वक निर्णय लेंगे।

**कन्या**
घर के नवनिर्माण पर धन खर्च करेंगे। घरेलू कार्यों में आप व्यस्त रहेंगे। महत्वपूर्ण कारोबारी डील हो सकती है। अपना काम बेहतरीन तरीके से करेंगे।

**तुला**
कार्यक्षेत्र में अतिरिक्त कार्यभार का सामना करना पड़ सकता है। आध्यात्मिक विचारों के प्रभाव में रहेंगे। योजनाबद्ध तरीके से किये गये कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक**
कारोबार के दृष्टिकोण से दिन सामान्य है। आपकी विनम्रता का लोग गलत लाभ उठाने का प्रयास करेंगे। अपने घर के छोटे सदस्यों को लेकर थोड़ी चिन्ता रहेगी।

**धनु**
नया व्यापार आरम्भ करने के लिये दिन उत्तम है। गलत लोगों की संगत से बचें। समाज में आपका सम्मान बढ़ेगा। अविवाहित लोगों के विवाह को लेकर चर्चा हो सकती है।

**मकर**
दिनचर्या थोड़ी अस्त-व्यस्त होने की सम्भावना है। कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। नया वाहन खरीदने की योजना बना सकते हैं। क्रोध व उत्तेजक व्यवहार पर नियन्त्रण रखें।

**कुंभ**
अपने स्वाभिमान का ध्यान रखें। मन की चंचलता पर नियन्त्रण करें। अपने खानपान की आदतों पर सुधार करें। विद्यार्थी पढ़ाई को लेकर लापरवाही करेंगे।

**मीन**
आपकी योजना किसी कारणवश अटक सकती है। परिवार में परेशानियाँ उत्पन्न होंगी। दाम्पत्य सम्बन्धों में कड़वाहट होने की आशंका है।

## संक्षिप्त समाचार

### जिला टॉप टेन में मसौढ़ी अनुमंडल में आठ छात्र-छात्राओं का दिखा जलवा, उम्मीदों को लगे पंख

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार बोर्ड की आयोजित मैट्रिक परीक्षा के परिणाम में इस बार भी छात्राओं ने बाजी मारी है। ऐसे में मसौढ़ी अनुमंडल में भी जिला टॉप टेन में आठ छात्र-छात्राओं ने अपना स्थान प्राप्त किया है। जिसमें जिला टॉप 3 में दो छात्र जिसमें उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय जगपुरा मसौढ़ी के छात्र प्रीतम कुमार और पुनपुन डा. भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालय के आनंद कुमार ने जिले में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। वही मसौढ़ी के तिनेरी स्थित जगमोहन हाई स्कूल के डीके कुमार ने 477 अंक लाकर पांचवा स्थान प्राप्त किया है, इसके अलावा पुनपुन के लखना स्थित शहीद रामानंद हाई स्कूल के छात्र बसंत कुमार ने 476 अंक लाकर छठा स्थान प्राप्त किया है। इसके अलावा मसौढ़ी के श्रीमती गिरिजा कुवंर हाई स्कूल के छात्र सुशांत पटेल ने 476 अंक लाकर छठा स्थान प्राप्त किया है। वही उत्क्रमित उच्च माध्यमिक स्कूल शाहाबाद छाता गांव के छात्र जयप्रकाश सिंह ने 473 अंक लाकर नौवां स्थान प्राप्त किया है। इसके अलावा धनरूआ स्थित उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विजयपुरा की छात्रा अनुराधा कुमारी ने 472 अंक लाकर दसवां स्थान प्राप्त किया है,इसके अलावा धनरूआ के नदवां हाई स्कूल की प्रीति कुमारी ने भी 472 अंक लाकर दशवां स्थान प्राप्त किया है बहरहाल मसौढ़ी अनुमंडल के कुल 8 छात्र छात्राओं मे छह छात्र और दो छात्राओं ने जिला टॉप टेन में स्थान प्राप्त किया है।

### महावीर स्थान में बैठक कर शिव मंदिर विकास कमिटी का गठन, सौंदर्यीकरण पर बनी सहमति

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर बाजार स्थित महावीर स्थान पर आयोजित बैठक में पालीगंज शिव मंदिर विकास कमिटी का गठन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से नई कमिटी के पदाधिकारियों का चयन किया गया तथा मंदिर के विकास को लेकर रूपरेखा पर चर्चा की गई। गठित कमिटी में कृष्णा प्रसाद गुप्ता को अध्यक्ष, चंद्रसेन वर्मा को सचिव, रामप्रवेश गुप्ता को कोषाध्यक्ष, उर्मिला देवी को उपाध्यक्ष, प्रभा देवी को उपसचिव, अवधेश यादव को संयोजक, धीरज गुप्ता को उपसंयोजक, संदीप गुप्ता, संतोष पासवान, जितेंद्र पासवान, बैजनाथ प्रसाद, विनोद चंद्रवंशी, करण गुप्ता को सदस्य तथा मोहन चौधरी को मीडिया प्रभारी बनाया गया। बैठक के उपरांत नवगठित पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने शिव मंदिर परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंदिर प्रांगण में अवैध रूप से खड़ी गाड़ियों और गुमटियों को हटाने तथा मंदिर के सौंदर्यीकरण को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

### पार्टी से लौट रहे युवक को गोली मार कर जख्मी किया

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल के बाढ़ थाना क्षेत्र के नदावां (अनंत सिंह का पैतृक गांव) के पास पावर ग्रिड के निकट बल्लभ यादव नामक व्यक्ति को गोली मारने की बड़ी वारदात सामने आ रही है।घायल को गंभीर हालत में बाढ़ अनुमंडल अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद पटना रेफर किया गया है।बल्लम यादव बख्तियारपुर का निवाशी बताया जा रह है।मिल रही जानकारी के अनुसार किसी पार्टी सकसोहरा से बाढ़ की तरफ वल्लभ यादव लौट रहे थे तभी फोर व्हीलर से पीछा कर रहे अपराधियों ने नदावां के पास गोली मार दिया।घटना की जानकारी मिलते एसडीपीओ दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर मामले की जांच की।अपराधियों की धर पकड़ के लिए छापेमारी जारी है।

### पालीगंज में फल दुकानदारों पर चला बुलडोजर

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर बाजार में सोमवार को दुर्गा स्थान के पास रोड किनारे लगाए गए फल दुकानदारों के खिलाफ बुलडोजर चलाकर अतिक्रमण मुक्त करा दिया गया। एसडीएम चंदन कुमार के निर्देश पर नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी सुश्री भावना , सीओ थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने दल बाल के साथ बुलडोजर लेकर नगर बाजार में उतरे और दुर्गा स्थान के पास रोड किनारे लगे फल दुकानदारों के दुकान को बुलडोजर लगाकर तोड़ डाला गया । वहीं रोड किनारे फुटपाथ पर लगाए गए दुकान को भी हटवा दिया गया। ज्ञात हो कि पहले भी फलदुकंदारों से रोड किनारे लगाए गए दुकान को हटाने का आदेश दिया गया था। परन्तु दुकानदार नहीं मान रहे थे सभी दुकानदारों को मत की जमीन में दुकान लगाने को कहा गया है।

### 40 पुड़िया गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मादक पदार्थ के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान भगवानगंज पुलिस ने बसौर गांव में देर शाम को छापेमारी करते हुए एक घर से 40 पुडिया गांजा यानी 200 ग्राम गांजा को जप्त किया है। इसके साथ गांजा सप्लायर को भी गिरफ्तार किया है, जिसका नाम जलेन्द्र कुमार पिता स्व राजेश बिंद है,जो बसौर का रहने वाला है । भगवानगंज थानाध्यक्ष सुजीत कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर मिली जानकारी को सत्यापन करते हुए टीम गठित करते हुए बसौर गांव में छापेमारी की गई, जहां सूचना मिली थी कि एक घर से गंजा की बिक्री हो रही है जहां तलाशी अभियान के दौरान घर से एक टीम के डब्बे में कपड़े में लपेटा हुआ 40 गांजा की पुड़िया जप्त की गई, जिसका वजन करने पर 200 ग्राम आंका गया, पूछताछ के दौरान गिरफ्तार गांजा सप्लायर ने बताया कि अपने घर के आंगन में गांजा का पेड़ लगाए हुए थे जिसे सुखाकर उसे पुड़िया बनाकर बेचने की तैयारी में थे, बहरहाल इसके नेटवर्क की जानकारी ली जा रही है अन्य जांच पड़ताल भी की जा रही है।



### इन दो चेहरे को गौर से देखिए.. साइबर फ्रॉड है, पुलिस ने जारी की तस्वीर

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** इन दो चेहरे को जरा गौर से देखिए, यह दोनों साइबर फ्रॉड हैं। जो मसौढ़ी बाजार में घूम घूम कर एटीएम और बैंकों के आसपास साइबर फ्रॉड कर लाखों की चूना लगा रहा हैं। ऐसे में मसौढ़ी पुलिस ने यह दोनों फोटो सभी सोशल साइट पर जारी करते हुए मसौढ़ी वासियों से अपील की है यह दोनों चेहरे को जहां कहीं दिखे अविलंब मसौढ़ी पुलिस को सूचित करें और सतर्क भी रहे। खासकर एटीएम में पैसा निकालने जाने वाले ग्राहकों और बैंक में पैसा निकालने वालों जाने वाले ग्राहकों से अपील की गए हैं कि यह दोनों फ्रॉड मसौढ़ी बाजार में इन दिनों कई ग्राहकों को चूना लगा चुका है हालिया ताजा रिपोर्ट में मसौढ़ी बाजार स्थित एक बैंक के एटीएम से पैसा निकालने गई एक किशोरी के साथ यह दोनों युवक ने साइबर फ्रॉड किया था एटीएम बदलकर पैसा निकासी कर लिया है। इन साइबर अपराधी से बचकर रहने की पुलिस ने अपील की है थानाध्यक्ष विवेक भारती ने बताया है इन दोनों तस्वीरों में फ्रॉड है जहां कहीं किसी को यह दिखे तुरंत पुलिस को सूचना दें।



### समाजसेवी धर्मवीर प्रसाद के निधन पर गांधी मैदान मे हुआ शोक सभा का आयोजन



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी एवं धनरूआ प्रखंड में चर्चित रहे समाजसेवी एवं फ्रेंड्स क्लब के अध्यक्ष धर्मवीर प्रसाद का निधन हो गया है यह कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व विधान पार्षद स्वर्गीय बृजबाला प्रसाद और पूर्व विधायक रहे धर्मेंद्र प्रसाद के छोटे भाई थे उनके निधन से लोगों में गहरा शोक व्यक्त किया है, जिसको लेकर फ्रेंड्स क्लब के द्वारा गांधी मैदान मसौढ़ी में शोक सभा का आयोजन किया गया, जहां वक्ताओं ने स्व. धर्मवीर प्रसाद के सामाजिक पहचान और उनके कार्यो के बारे में चर्चा किये। गौरतलब है की मसौढ़ी गांधी मैदान में फ्रेंड्स क्लब की ओर स्व. धर्मवीर प्रसाद की असामयिक निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया.सर्वप्रथम उनके चित्रपट पर सभी लोगों ने बारी बारी से पुष्पांजलि अर्पित की और बाद में दो मिनत का मौन रख कर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की.इस अवसर पर डा. सुधीर कुमार, प्रो. सी. पी.मंडल, पूर्व प्रमुख रमाकांत रंजन किशोर, उदय कुमार भास्कर,गिरिजा प्रसाद यादव,मो. मासूद रजा, पीएनबी बैंक प्रबंधक संतोष कुमार, मो. सलीम, मो. संजय कुमार केशरी, सोनालाल यादव, किरी यादव विजय कुमार, मनोज कुमार के अलावा फ्रेंड्स क्लब के रामनाथ प्रसाद उर्फ पुनाई जी, प्रमोद कुमार सिंह, कैप्टन अजीत कुमार, खिलाडी के अलावे काफी संख्या में आमलोगो ने भागीदारी निभायी.

# नगर परिषद क्षेत्र में मांस-मछली बेचने को लेकर लेना होगा लाईसेंस

**मछली मंडी बनने को लेकर नगर परिषद की बैठक में लिया गया प्रस्ताव**





**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर में संचालित अवैध मांस-मछली की दुकानों पर अब सख्ती होने वाली है। नगर विकास एवं आवास विभाग के निर्देश के बाद नगर परिषद प्रशासन हरकत में आ गया है। नगर परिषद के अधिकारियों ने बताया कि विभागीय आदेश के आलोक में शहर में बिना लाइसेंस संचालित दुकानों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव ने सभी नगर परिषद एवं नगर पंचायतों को पत्र जारी कर स्पष्ट निर्देश दिया है कि अवैध रूप से चल रही मांस-मछली की दुकानों को बंद कराया जाए। गौरतलब है की सोमवार को नगर परिषद बोर्ड की एक सामान्य बैठक आहूत की गई जिसकी अध्यक्षता मुख्य पार्षद पिंकी देवी ने की, मौके पर उपमुख्य पार्षद चंद्रकांत कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी राजू रंजन के अलावा सिटी मैनेजर शेखर कुमार प्रसाद अमीन रामाधार कुमार यादव के अलावा सभी वार्ड पार्षद मौजूद रहे। बैठक में मुख्य रूप से सड़क के किनारे मीट मछली की दुकान लगाने वालों को लाइसेंस लेना अनिवार्य कर दिया गया है। इसके अलावा जल्द ही मसौढ़ी शहर में एक जमीन चिह्नित करते हुए मछली मंडी बनाने का प्रस्ताव भी लिया गया है। जिसको लेकर जमीन चिन्हित की कार्रवाई चल रही है। इसके अलावा नगर परिषद क्षेत्र की योजना पर एवं समस्या पर चर्चा की गई ।बैठक में उपस्थित सभी वार्ड पार्षदों में स्थाई सशक्त कमेटी के सदस्य सह पार्षद शंभू सिंह, राकेश कुमार, उज्जवल कुमार, रिंकू कुमार, कौशल देवी, उर्वशी कुमारी ,आशा कुमारी, चंचल कुमारी, अंजली कुमारी, मधु पाल प्रसाद, खुशबू कुमारी, एकराम हसनैन, रेणु कुमारी, आनंद शेखर,उषा देवी, शैल देवी,वीरेंद्र कुमार ,ज्योति कुमारी, रेनू देवी, रिंकी-2, नूर फातिमा, ज्योति कुमारी, प्रीतीलता ,आदी वार्ड पार्षद शामिल रहे।

## एएन कॉलेज में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन




**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्वास्थ्य जागरूकता और निवारक देखभाल को बढ़ावा देने की दिशा में एक सराहनीय पहल के तहत, ए एन कॉलेज की एनएसएस इकाई ने 30 मार्च 2026 को सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक अपने परिसर में एक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया। यह शिविर आदित्य बिरला हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के सहयोग से और पटना के पारस अस्पताल के योग्य डॉक्टरों और स्वास्थ्य पेशेवरों की एक टीम द्वारा आयोजित किया गया था। शिविर में सामान्य स्वास्थ्य जांच, रक्तचाप और रक्त शर्करा परीक्षण, बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई), अस्थि घनत्व परीक्षण, इलेक्ट्रोकार्डियोग्राम, नेत्र जांच और व्यक्तिगत चिकित्सा परामर्श सहित व्यापक चिकित्सा सेवाएं प्रदान की गईं। 500 से अधिक व्यक्तियों (संकाय, गैर-शिक्षण और छात्र) ने निःशुल्क चिकित्सा सेवाओं का लाभ उठाया और स्वस्थ जीवन शैली बनाए रखने के लिए बहुमूल्य मार्गदर्शन प्राप्त किया। प्रधानाचार्य प्रो. रेखा रानी ने नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व पर प्रकाश डाला और चिकित्सा दल की समर्पित सेवा के लिए आभार व्यक्त किया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नवीन कुमार, डॉ. शीरीन मसरूर और डॉ. अमृता चक्रवर्ती ने योजना बनाने से लेकर कार्यान्वयन और अनुवर्ती कार्रवाई तक सभी कार्यों का प्रबंधन करके नेतृत्वकारी भूमिका निभाई ।

## बाढ़ नगर परिषद का 114 करोड़ का बजट पारित

**विकास योजनाओं पर रहेगा फोकस**

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद में सोमवार को आयोजित बजट सत्र में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 114 करोड़ रुपये का बजट सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। बजट में शहर के आधारभूत ढांचे के विकास को प्राथमिकता दी गई है। बाढ़ नगर परिषद के सभागार में सोमवार को लगभग 2 बजे बजट सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें परिषद के अध्यक्ष संजय कुमार उर्फ 'गाय माता' की अध्यक्षता में वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट पेश किया गया। इस दौरान उपाध्यक्ष लीला देवी, कार्यपालक पदाधिकारी कुमारी हिमानी सहित सभी वार्डों के जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। प्रस्तुत बजट में शहर के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए सड़क, नाली, गली निर्माण समेत विभिन्न आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया है। नगर परिषद अध्यक्ष ने बताया कि बजट सत्र शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ और सभी सदस्यों की सहमति से 114 करोड़ रुपये का बजट पारित किया गया। उन्होंने कहा कि इस बजट का मुख्य उद्देश्य नगर क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाना और विकास कार्यों को गति देना है, ताकि आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। वहीं, नगर क्षेत्र में मकानों के सर्वे को लेकर भी चर्चा हुई। इस संबंध में अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि नगर विकास विभाग से आधिकारिक दिशा-निर्देश जारी होने के बाद ही सर्वे कार्य शुरू किया जाएगा। फिलहाल इस विषय पर अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है। कुल मिलाकर, बाढ़ नगर परिषद का यह बजट शहर के इंफ्रास्ट्रक्चर को सुदृढ़ करने और विकास योजनाओं को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

> **बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाना और विकास कार्यों को गति देना है**

## आत्महत्या करने आई महिला को पुनपुन पुलिस ने बचाया

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन नदी पर बना लक्ष्मण झूला वैसे तो उत्तराखंड के ऋषिकेश के लक्ष्मण झूला के बाद यह बिहार का पहला सस्पेंशन ब्रिज है जो पर्यटन का क्षेत्र में शुमार है। लेकिन पिछले कुछ महीनो से बात की जाए तो इसे लोगों ने सुसाइड जोन बना दिया है, जहां पर पुनपुन नदी में कूद कर जान देने की कोशिश कर रहे हैं, पिछले 6 महीना में तकरीबन आठ ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं, जहां पर महिलाएं आत्महत्या करने की कोशिश की है, ऐसा ही वाक्य सोमवार को भी हुआ है जहां पर दोपहर में एक महिला पटना अगमकुआं थाना क्षेत्र के भूतनाथ मोहल्ले से अपने पति से लड़ाई झगड़े से तंग आकर नदी में कूद कर जान देने की कोशिश की थी, लेकिन स्थानीय लोगों की मदद से पुनपुन पुलिस की महिला हेल्प डेस्क ने उसे बचा लिया और उसे महिला को थाने लाकर उसे घंटो समझा बूझाकर उसके वापस उसे घर पहुंचा दिया है, थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि उस महिला का नाम रजनी कुमारी पति राजा कुमार है यह दोनों ने आपस में प्रेम विवाह किया था।

## वैश्वीकरण के दौर में नैतिकता ही विकास की वास्तविक दिशा : प्रो. शांडिल्य

**टी.पी.एस. कॉलेज में आवधिक व्याख्यान सम्पन्न**



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** टी.पी.एस. कॉलेज, पटना के दर्शनशास्त्र विभाग एवं भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित 'वैश्वीकरण के युग में व्यावसायिक नैतिकता की चुनौतियां' विषय पर एक महत्वपूर्ण आवधिक व्याख्यान का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संरक्षक, प्राचार्य प्रो. तपन कुमार शांडिल्य ने अपने विस्तृत उद्बोधन में कहा कि वर्तमान वैश्वीकरण के युग में आर्थिक प्रगति और प्रतिस्पर्धा ने मानव जीवन को अभूतपूर्व गति तो दी है, किन्तु इसके साथ-साथ नैतिक मूल्यों के क्षरण की चुनौती भी सामने आई है। उन्होंने कहा कि अर्थशास्त्र और नैतिकता के सैद्धांतिक पक्ष केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं रहने चाहिए, बल्कि इन्हें व्यावहारिक जीवन में लागू करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। मुख्य वक्ता प्रो. श्यामल किशोर, प्राचार्य, रामेश्वर महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर ने अपने व्याख्यान में नैतिकता और एथिक्स के दार्शनिक आयामों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि व्यावसायिक क्षेत्र में नैतिक संकट केवल नीतियों का नहीं, बल्कि मानवीय संवेदनाओं के क्षरण का भी परिणाम है। आमंत्रित वक्ता प्रो. नागेंद्र मिश्र ने 'वसुधैव कुटुंबकम' की अवधारणा को वैश्विक नैतिकता के केंद्र में रखते हुए कहा कि वैश्वीकरण के इस दौर में संकीर्ण हितों से ऊपर उठकर समावेशी और मानवीय दृष्टिकोण अपनाना ही समय की मांग है। कार्यक्रम के संयोजक प्रो. विजय कुमार सिन्हा ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए आयोजन की रूपरेखा प्रस्तुत की। मंच संचालन का कुशल दायित्व डॉ. दीपिका ने निभाया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ. मुकुंद कुमार द्वारा प्रस्तुत किया गया। यह आवधिक व्याख्यान स्वर्गीय मनीष चौधरी की स्मृति को समर्पित रहा। कार्यक्रम में प्रो. रूपम, प्रो. अंजलि प्रसाद, प्रो. उषा किरण, डॉ. प्रशांत कुमार, डॉ. रवि प्रभाकर, डॉ. तरन्नुम, डॉ. सोनू प्रताप, डॉ. चंद्रशेखर, डॉ. नूतन अंशुमान, डॉ अश्विनी कुमार, डॉ ओंकार सहित अनेक प्राध्यापकगण एवं शोधार्थी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के साप्ताहिक सामुदायिक जागरूकता अभियान का भव्य समापन

**प्रतिभागियों को मेडल, प्रशस्ति पत्र और कलम देकर किया गया सम्मानित**



**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दनियावां- हिलसा मार्ग पर अवस्थित समीपवर्ती एस.यू. कॉलेज, हिलसा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा गोद लिए गए गांव अर्जुन टोला, मई में आयोजित सप्तदिवसीय सामुदायिक जागरूकता अभियान का सोमवार अंतिम दिन अत्यंत उत्साह, सेवा भावना और सामाजिक सरोकारों के साथ संपन्न हुआ। समापन दिवस पर कृषि जागरूकता, शिक्षा प्रोत्साहन, पर्यावरण संरक्षण, ग्रामीण विकास एवं फीडबैक सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रो. अनिल कुमार सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों में सेवा, नेतृत्व और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करती है। गांवों में इस प्रकार के अभियान से वास्तविक परिवर्तन संभव है और विद्यार्थियों को जमीनी स्तर पर समाज को समझने का अवसर मिलता है। एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. पिंकी कुमारी ने 7 दिनों तक चले इस कार्यक्रम की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि स्वयंसेवकों ने स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, नशा मुक्ति, जल संरक्षण, पर्यावरण, कृषि एवं शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर ग्रामीणों को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों से प्राप्त सकारात्मक फीडबैक इस अभियान की सफलता का प्रमाण है। इस अवसर पर कॉलेज की प्राध्यापिका डॉ. संदीपा इंद्रा ने स्वच्छता और पर्यावरण संतुलन पर बल दिया। डॉ. अभिषेक कुमार ने ग्रामीण युवाओं को सामाजिक भागीदारी और जागरूक नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। डॉ. अश्विनी कुमार झा ने वैज्ञानिक दृष्टिकोण, स्वच्छ पेयजल एवं स्वास्थ्य सुरक्षा के महत्व को रेखांकित किया।कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण बच्चों के बीच पाठ्यपुस्तकों एवं फूड पैकेट का वितरण किया गया, जिससे बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। साथ ही प्राचार्य प्रो. अनिल कुमार सिंह एवं डॉ. पिंकी कुमारी ने संयुक्त रूप से एक दर्जन फलदार पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। एनएसएस के दो दर्जन स्वयंसेवकों ने आकर्षक पोस्टरों के माध्यम से कृषि, स्वच्छता, शिक्षा, नशा मुक्ति, महिला स्वास्थ्य और जल संरक्षण जैसे विषयों पर ग्रामीणों को जागरूक किया। स्वयंसेवकों की रचनात्मक प्रस्तुति को ग्रामीणों ने खूब सराहा।

## स्वर्ण व्यवसाइयों के साथ पुलिस ने की बैठक, सुरक्षा को लेकर कई बिंदुओं पर चर्चा

**बुर्का या नकाब पहनकर आने वाले खरीदारों पर रहेगी विशेष नजर**

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी स्वर्णकर भवन में सभी स्वर्ण व्यवसाईयों के साथ मसौढ़ी थानाध्यक्ष की अध्यक्षता में बैठक आहूत की गई, जहां पर कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। स्वर्ण व्यापारियों के साथ पुलिस की बैठकों में सुरक्षा को लेकर सख्त निर्देश दिए गए हैं।, नकाब, बुर्का, हेलमेट या मास्क पहनकर गहनों की दुकानों में प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। सीसीटीवी की निगरानी बढ़ाने, हाई-डेफिनिशन कैमरा लगाने और संदिग्ध गतिविधियों की तुरंत पुलिस को सूचना देने का निर्देश दिया गया है। इसके साथ ही पुलिस ने ज्वेलरी बाजारों में पेट्रोलिंग बढ़ाने और सादे लिबास में पुलिसकर्मियों को तैनात करने का आश्वासन दिया है।पुलिस ने नकली सोना बेचकर ठगी करने वाले गिरोहों से सावधान रहने को कहा है।वहीं संदिग्ध व्यक्तियों के दुकान में प्रवेश करने पर तुरंत पुलिस को सूचना देने के लिए कहा गया है। बैठक में मसूरी बाजार के सभी स्वर्ण व्यवसाय शामिल रहे इसके साथ ही कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा करते हुए सभी स्वर्ण व्यवसाईयों से अपील की गई है।

## मसौढ़ी में एससी-एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम की समीक्षा बैठक

**पीड़ितों को मुआवजा,पेंशन पर हुई चर्चा, अनुपस्थित पदाधिकारियों से स्पष्टीकरण के आदेश**



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल स्तरीय अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति की बैठक को एसडीएम अभिषेक कुमार की अध्यक्षता मे आहुत की गई,मौके पर मसौढ़ी विधायक अरूण मांझी, सहायक पुलिस अधीक्षक कोमल मीणा, भूमि सुधार उप समाहर्ता कोमण किरण,डीएसपी कन्हैया कुमार के अलावा सभी थानेदार उपस्थित रहे।जहाँ विधायक अरूण मांझी ने बैठक में इसके लंबित मामलों की समीक्षा की, पुलिस को जांच में तेजी और कार्रवाई में सख्ती एवं पीड़ितों को मुआवजा और न्याय दिलाने पर जोर दिया, तथा जागरूकता अभियान चलाने की बात कही गई, ताकि अत्याचारों को रोका जा सके और त्वरित न्याय सुनिश्चित हो सके। एसडीएम ने बताया कि अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार पीड़ितों को मुआवजा चरणबद्ध रूप से भुगतान किया जाता है। प्राथमिकी दर्ज होने पर संबंधित धाराओं के अनुसार 25 प्रतिशत मुआवजा, आरोप पत्र समर्पण पर 50 प्रतिशत मुआवजा तथा आरोप गठन के पश्चात शेष मुआवजा राशि का भुगतान किया जाता है। बैठक में जानकारी दी गई कि कैलेंडर वर्ष 2026 के जनवरी माह से अब तक अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न थानों में कुल प्राप्त कांडों की संख्या 08 है। वही मुआवजा प्रस्ताव भेजे गए कांडों की कुल संख्या 07 है जिसमें साथ लंबित कांडों की संख्या 01 है।

## रेलवे में यात्री सामानों को चोरी करनेवाला कुख्यात हिस्ट्रीशीटर पवन कुमार अथमलगोला रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार

**सात विभिन्न मामले में पुलिस को लंबे समय से थी तलाश**



**अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** फतुहा- बख्तियारपुर रेलवे सुरक्षा बल व राजकीय रेल पुलिस की संयुक्त चेकिंग अभियान में रेलवे में यात्री समानों को चोरी करने वाला अथमलगोला प्रखण्ड के गंजपर गांव का रहने वाला कुख्यात हिस्ट्रीशीटर पवन कुमार सोमवार को रेल पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पटना रेल पुलिस अधीक्षक अनंत कुमार राय द्वारा दिए गए जानकारी के अनुसार - बख्तियारपुर और फतुहा रेल पुलिस के संयुक्त कार्यवाही में कई कांडों के वांक्षित टॉप अपराधी पवन कुमार उम्र 30 वर्ष पिता चंदेश्वर राय, गंजपर वार्ड नंबर 2 थाना अथमलगोला जिला पटना को गुप्त निगरानी के दौरान मुखबिर खास के सूचना तथा तकनिकी लीड्स पर अथमलगोला रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त के बयान पर सहयोगी बुधन पिता कृष्णा राय, लहेरियाटोला थाना अथमलगोला जिला पटना को भी गिरफ्तार किया गया।

## जलवायु अनुकूल कृषि पर हितधारकों की बैठक




**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना में दिनांक 30 मार्च, 2026 को 'जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम' पर हितधारकों की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में वैज्ञानिकों, परियोजना कर्मियों तथा बिहार के गया जी एवं बक्सर जिलों के किसानों ने भागीदारी की। संस्थान के निदेशक डॉ. अनुप दास ने इस बात पर जोर दिया कि तकनीकों का आंशिक कार्यान्वयन अपेक्षित परिणाम नहीं दे सकता है। उन्होंने सुझाव दिया कि विशिष्ट समस्याओं के समाधान हेतु कार्य-योजना तैयार की जानी चाहिए तथा विभिन्न हितधारकों को शामिल करते हुए रणनीतियाँ विकसित की जानी चाहिए। उन्होंने सूखा, ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन तथा घटती मृदा उर्वरता जैसी जलवायु परिवर्तन जनित चुनौतियों के प्रति कृषि सहिष्णुता बढ़ाने की रणनीतियों पर भी विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि श्री धर्मेंद्र कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी, बक्सर ने बताया कि जलवायु अनुकूल तकनीकें न केवल उत्पादन बढ़ाती हैं, बल्कि जल, मृदा एवं श्रम जैसे प्राकृतिक संसाधनों की भी बचत करती हैं, जिससे खेती की लागत में कमी आती है। उन्होंने किसानों को स्वीट कॉर्न, बेबी कॉर्न जैसी उच्च मूल्य वाली फसलों को अपनाने की सलाह दी जिससे उनकी आय में वृद्धि हो । इससे पूर्व, कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. अभय कुमार, प्रधान अन्वेषक, जलवायु अनुकूल कृषि ने स्वागत भाषण देते हुए बैठक के उद्देश्यों एवं वर्तमान वर्ष में हुई प्रगति की जानकारी दी। इसके पश्चात डॉ. देवकरण, प्रमुख, कृषि विज्ञान केंद्र, बक्सर ने बक्सर जिले तथा डॉ. राकेश कुमार, वरिष्ठ वैज्ञानिक ने गया जी जिले में चल रही गतिविधियों की संक्षिप्त प्रस्तुति दी। बैठक में लगभग 60 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें 10 किसान शामिल थे। कार्यक्रम के अंतर्गत एक प्रक्षेत्र भ्रमण भी आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने समेकित कृषि प्रणाली मॉडल, पोषण वाटिका तथा संस्थान के अन्य प्रायोगिक प्रक्षेत्रों का अवलोकन किया।

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### बॉर्डर से यूरिया खाद व मक्का बीज जब्त

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारत-नेपाल सीमा पर 44 बटालियन के नगरदेही एसएसबी ने कार्रवाई करते हुए सोमवार की अहले सुबह छापेमारी कर बार्डर से यूरिया खाद और मक्का बीज को खेप जब्त की है। हालांकि मौके से तस्कर फरार होने में सफल रहें। कमांडेंट बलवंत सिंह नेगी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर एसएसबी जवानों ने सीमा स्तंभ संख्या 423 के समीप छापेमारी कर नेपाल ले जाई जा रही 6 बोरा यूरिया खाद जब्त किया। वहीं दूसरी कार्रवाई में सीमा स्तंभ संख्या 425/35 के पास से 3 बोरा मक्का के बीज बरामद किया गया। एसएसबी की सक्रियता से तस्करों की बड़ी कोशिश नाकाम हुई, लेकिन सीमावर्ती इलाके की भौगोलिक परिस्थितियों का फायदा उठाकर तस्कर मौके से फरार हो गया। जवानों ने क्षेत्र में सघन तलाशी अभियान चलाया, मगर उसका कोई सुराग नहीं मिल सका। एसएसबी अधिकारियों ने बताया कि सीमा पर निगरानी और सख्त कर दी गई है और तस्करों की पहचान कर उनके खिलाफ आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### शराब कारोबारी समेत दो गिरफ्तार

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मानपुर पुलिस ने दुधौरा चौक से मांस मछली बेचने वाले एक होटल दूकान से 10 लीटर शराब के साथ दुकानदार सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि गुप्त सुचना के आधार पर कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि दुकानदार अजीत दास और शराब खरीदने वाले राजेंद्र उरांव को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

### उत्तीर्ण छात्र- छात्राओं को किया सम्मानित

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर के पांडेय टोला स्थित पाठक क्लासेज के बच्चों ने मैट्रिक की परीक्षा में इस बार भी बेहतर रिजल्ट लाकर अपने माता पिता एवं गुरुजनों का मान सम्मान बढ़ाया है। संस्थान निदेशक रिषु पाठक ने बताया कि हमेशा की तरह इस बार भी बच्चों का परिणाम शत प्रतिशत रहा है। छात्रा सानु कुमारी ने 455 अंक लाकर संस्थान में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वही अकांक्षा कुमारी 437,विशाल कुमार 433, साजिया परवीन 426, रौशन कुमार 421,वैभव कुमार 416, जाया कुमारी 413, समीक्षा कुमारी 410, दीक्षा कुमारी, दीपक कुमार 404, दीक्षा कुमारी 402 अंक प्राप्त किये है। इसके अलावा अंजली कुमारी, अनोखी कुमारी 374, सुष्मिता कुमारी 369, प्रियांशु कुमार 363, उजाला कुमारी 355 समेत अधिकांश विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में स्थान बनाकर अपनी प्रतिभा साबित किया है। संचालक ललित पाठक ने बताया कि इस सफलता का श्रेय बच्चों के कठिन परिश्रम और शिक्षकों के सही मार्गदर्शन को जाता है। जिसके कारण हर साल परिणाम बेहतर हो रहे हैं।

### मैट्रिक टॉपर्स को पायोनियर कोचिंग में मिलेगी निःशुल्क पढ़ाई

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मैट्रिक परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं के लिए एक बड़ी राहत भरी खबर सामने आई है। नौतन एवं बैरिया प्रखंड के सरकारी और गैर-सरकारी विद्यालयों में टॉप फाइव में स्थान बनाने वाले विद्यार्थियों को अब आगे की पढ़ाई के लिए आर्थिक चिंता नहीं करनी पड़ेगी। नगर स्थित पायोनियर कोचिंग संस्थान ने मेधावी छात्रों के लिए विशेष पहल करते हुए निःशुल्क शिक्षा की घोषणा की है। संस्थान के निदेशक अमित कुमार गिरी ने बताया कि बैरिया एवं नौतन प्रखंड उनका कार्यक्षेत्र है और यहां के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना उनका उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि मैट्रिक परीक्षा 2026 में टॉप फाइव में शामिल छात्र-छात्राएं यदि विज्ञान संकाय में पायोनियर कोचिंग में नामांकन कराते हैं, तो उन्हें पूरी तरह निःशुल्क पढ़ाई की सुविधा प्रदान की जाएगी। इस पहल से क्षेत्र के मेधावी विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए बेहतर मार्गदर्शन मिलने की उम्मीद है। साथ ही आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन प्रतिभाशाली छात्रों को आगे बढ़ने का सुनहरा अवसर मिलेगा।

### विभिन्न मामलों के 38 अभियुक्त गिरफ्तार

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विभिन्न थाने की पुलिस रविवार को छापेमारी कर अलग-अलग मामले के 38 अभियुक्तों को गिरफ्तार की है। पुलिस इंस्पेक्टर विश्व मोहन चौधरी ने बताया कि विभिन्न थाने की पुलिस की ओर से की गई कार्रवाई में सात वारंटी समेत 38 अभियुक्त गिरफ्तार किए गए हैं। इनमें से 18 की गिरफ्तारी उत्पाद अधिनियम के तहत की गई है। अजमानतीय 21 वारंट का निष्पादन किया गया है। पुलिस इन सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दी है। विगत 24 घंटा में पुलिस की कार्रवाई में 603 लीटर 840 मिलीलीटर शराब, एक कार व एक बाइक जब्त किया गया है। अपराध नियंत्रण के उद्देश्य से चलाए गए वाहन जांच के दौरान पुलिस यातायात नियमों का उल्लंघन करने और आधे अधूरे कागजात वाले वाहन चालकों को दो लाख 16 हजार पांच सौ रुपये जुमार्ना लगाया गया है।

### बगीचे से पेड़ की चोरी, प्राथमिकी दर्ज

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लौरिया थाना क्षेत्र के बगही निवासी फिरोज अहमद ने फसल व बगीचे से पेड़ की चोरी करने का आरोप लगा लौरिया थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया है। प्राथमिकी में रेयाज अहमद, असलम प्रवेज, शफी जावेद को अभियुक्त बनाया गया है। फिरोज अहमद ने अभियुक्तों पर फसल व बगीचे से पेड़ चोरी करने का आरोप लगाया है। प्राथमिकी के बाद पुलिस मामले की तहकीकात शुरू कर दी है।

### शराब जांच का झांसा देकर 24 हजार रुपए की ठगी

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में एक व्यक्ति से शराब जांच के नाम पर 24 हजार रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित सुदीश सिंह (पश्चिम टोला निवासी) ने बताया कि वे बैंक से पैसे निकालकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान एक व्यक्ति ने जान-पहचान का झांसा देकर उन्हें अस्पताल परिसर में ले गया। वहां एक अन्य व्यक्ति मास्क लगाकर पहुंचा और शराब जांच के बहाने दोनों ने उनसे रुपए लेकर फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित ने पुलिस को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है।

### मैट्रिक में मशरक के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की मैट्रिक परीक्षा में मशरक प्रखंड के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ग्रामीण प्रतिभा का लोहा मनवाया है। मठिया गांव निवासी धनंजय कुमार ने सीमित संसाधनों के बावजूद 423 अंक प्राप्त किए। वहीं विवेक प्रसाद ने 472 अंक हासिल कर इंजीनियर बनने की इच्छा जताई। अक्षय कुमार और रिया गुप्ता ने 459-459 अंक, रौशन कुमार ने 452, आलोक कुमार ने 452 अंक प्राप्त किए। प्रीति कुमारी और सोनम कुमारी ने 442-442 अंक, तनु कुमारी ने 436, अंकित कुमार ने 431 अंक हासिल किए। इसके अलावा चिंकी सिंह (429), आंचल कुमारी (368) और सागरिका कुमारी (363) ने भी सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। प्रखंड के कई विद्यालयों के दर्जनों छात्रों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर शिक्षा व्यवस्था में बढ़ते विश्वास को दशार्या है।

### केंद्रीय विद्यालय में दो पालियों में पढ़ाई की मांग

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महाराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने लोकसभा में नियम-377 के तहत पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, मशरक में दो पालियों में पढ़ाई शुरू कराने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि बढ़ती छात्र संख्या और सीमित संसाधनों के कारण कई छात्र-छात्राएं प्रवेश से वंचित रह जाते हैं। यदि दो पालियों में कक्षाएं संचालित की जाएं, तो अधिक बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सकेगी। सांसद ने केंद्र सरकार से इस दिशा में शीघ्र निर्णय लेने की मांग की है।

### छपरा-जम्मूतवी ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन चलेगी

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रेलवे प्रशासन ने ग्रीष्मकाल में यात्रियों की सुविधा के लिए छपरा-जम्मूतवी साप्ताहिक विशेष ट्रेन (05193/05194) चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन 6 अप्रैल से 13 जुलाई तक प्रत्येक सोमवार छपरा से और 8 अप्रैल से 15 जुलाई तक प्रत्येक बुधवार जम्मूतवी से संचालित होगी। हालांकि इस ट्रेन का ठहराव मशरक जंक्शन पर नहीं दिया गया है, जिससे स्थानीय यात्रियों में निराशा देखी जा रही है।

### ‘प्रवेश से प्रगति तक’ थीम पर विद्यालयों में अभिभावक-शिक्षक गोष्ठी आयोजित

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक प्रखंड के सभी सरकारी विद्यालयों में ‘प्रवेश से प्रगति तकः विद्यालय और अभिभावक ‘साथ-साथ’ थीम पर अभिभावक-शिक्षक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्रों को प्रगति पत्रक और मेडल देकर सम्मानित किया गया। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अफताब आलम ने अभिभावकों से बच्चों की पढ़ाई और अनुशासन पर ध्यान देने की अपील की। शिक्षकों ने भी अभिभावकों से सुझाव लेकर शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने पर जोर दिया।

# एलपीजी बॉटलिंग प्लांट का डीआइजी, डीएम एवं एसपी ने किया संयुक्त निरीक्षण

## जिले में एलपीजी आपूर्ति पूरी तरह सामान्य एवं सुचारू





**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एलपीजी बॉटलिंग प्लांट का प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों द्वारा संयुक्त निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण में श्री हर किशोर राय, डीआईजी, चंपारण रेंज, श्री सौरभ जोरवाल, जिलाधिकारी, पूर्वी चंपारण एवं श्री स्वर्ण प्रभात, पुलिस अधीक्षक, पूर्वी चंपारण शामिल थे। इस अवसर पर श्री दीपक कुमार, एसपीएम मोतिहारी बीपी एवं श्री राकेश वर्मा, डीजीएम, मोतिहारी टर्मिनल भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने एलपीजी फिलिंग शेड में आपूर्ति, बॉटलिंग प्रक्रिया एवं सुरक्षा मानकों की विस्तृत जानकारी ली। कडउछ के अधिकारियों द्वारा बताया गया कि संयंत्र पूरी क्षमता से कार्यरत है तथा जिले की मांग को निर्बाध रूप से पूरा करने के लिए पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। वर्तमान में पेट्रोल एवं डीजल का अतिरिक्त 15 दिन तथा एलपीजी का अतिरिक्त 7 दिन का बफर स्टॉक भी सुरक्षित भंडार में मौजूद है और दैनिक आपूर्ति भी पूरी तरह सामान्य बनी हुई है। जिले में एलपीजी आपूर्ति पूर्व के दिनों के अनुसार ही है। जिले में IOCL, HPCL एवं BPCL सहित कुल 115 गैस एजेंसियां सक्रिय रूप से कार्यरत हैं। 01 मार्च से 29 मार्च 2026 तक कुल 5,22,735 बुकिंग के सापेक्ष 4,42,697 सिलेंडरों की डिलीवरी की जा चुकी है। 29 मार्च को एक दिन में 14,762 बुकिंग के विरुद्ध 14,599 सिलेंडरों का वितरण किया गया जो औसत अधिक है। सभी 115 वितरक होम डिलीवरी के माध्यम से उपभोक्ताओं तक सिलेंडर पहुंचा रहे हैं, जबकि होम डिलीवरी न करने वाली 3 एजेंसियों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में बुकिंग में सामान्य से लगभग 50 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है, जो जनता द्वारा की जा रही अतिरिक्त बुकिंग के कारण है। आपूर्ति एजेंसी द्वारा स्पष्ट किया गया है कि गैस की कोई कमी नहीं है और आपूर्ति पूरी तरह सुचारू है, अतः अनावश्यक बुकिंग की आवश्यकता नहीं है। अधिकारियों ने आपूर्ति प्रबंधन पर संतोष व्यक्त करते हुए एलपीजी के निर्बाध संचालन, आवागमन एवं वितरण को सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन की ओर से पूर्ण सहयोग एवं सहायता का आश्वासन दिया।जिला प्रशासन समस्त उपभोक्ताओं से अपील करता है कि अनावश्यक रूप से गैस की अतिरिक्त बुकिंग न करें, घरेलू उपयोग के लिए ही गैस का उपयोग करें तथा किसी भी प्रकार की कालाबाजारी या जमाखोरी की सूचना जिला नियंत्रण कक्ष के दूरभाष 06252-242418 पर दें। जिला प्रशासन द्वारा स्थिति की सतत निगरानी की जा रही है और किसी भी प्रकार की अनियमितता पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। किसी भी सहायता या सूचना के लिए जिला नियंत्रण कक्ष से संपर्क करें - 06252-242418.

# स्टेशन चौक स्थित होटल में छापेमारी 79 कमर्शियल गैस सिलेंडर जब्त

## कागजात नहीं देने पर एफआइआर की चेतावनी

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले में एलपीजी गैस सिलेंडरों की आपूर्ति को सुचारु बनाए रखने तथा कृत्रिम कमी और कालाबाजारी पर रोक लगाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन सख्ती बरत रहा है। जिलाधिकारी तरनजोत सिंह के निर्देश पर लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।इसी क्रम में सोमवार को एडीएम सह जिला आपूर्ति पदाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा के नेतृत्व में शहर के स्टेशन चौक स्थित एक बड़े होटल में छापेमारी की गई। कार्रवाई के दौरान विभिन्न गैस कंपनियों के कुल 79 कमर्शियल गैस सिलेंडर बरामद कर जब्त किए गए। छापेमारी के दौरान होटल संचालक से गैस कनेक्शन एवं भारी संख्या में भंडारण से संबंधित दस्तावेज एवं अन्य आवश्यक अनुमति आदेश प्रस्तुत करने को कहा गया। प्रशासन ने कागजात जमा करने के लिए शाम तक का समय दिया है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित समय सीमा तक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर होटल संचालक के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।एडीएम सह डीएसओ ने बताया कि जब्त किए गए सभी सिलेंडरों को पुलिस को सुर्पुद कर दिया गया है। इस कार्रवाई में सदर एसडीएम विकास कुमार, नगर थानाध्यक्ष धीरज कुमार, एमओ स्वाति उपाध्याय सहित पुलिस पदाधिकारी, जवान एवं क्यूआरटी की टीम बड़ी संख्या में मौजूद रही।इस बीच एडीएम सह डीएसओ ने बताया कि सरकार ने होटल संचालकों की परेशानी को देखते हुए कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडरों की आपूर्ति शुरू की है। लेकिन आपूर्ति निर्धारित संख्या में ही की जानी है।

# कमर्शियल गैस की किल्लत से रक्सौल के होटल-रेस्टोरेंट व्यवसाय पर संकट

## कर्मचारियों की रोजी-रोटी पर असर



**रक्सौल(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सीमावर्ती शहर रक्सौल में इन दिनों कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडरों की भारी कमी ने होटल और रेस्टोरेंट व्यवसाय को गंभीर संकट में डाल दिया है। गैस आपूर्ति बाधित होने से न सिर्फ कारोबार प्रभावित हो रहा है, बल्कि इस क्षेत्र से जुड़े सैकड़ों कर्मचारियों के सामने भी रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। सोमवार को इस समस्या को लेकर क्षेत्र के प्रमुख होटल एवं रेस्टोरेंट संचालकों ने एकजुट होकर एसडीएम मनीष कुमार को सामूहिक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में व्यवसायियों ने बताया कि गैस की लगातार कमी के कारण उनके प्रतिष्ठानों का संचालन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है, जिससे आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। व्यवसायियों ने यह भी कहा कि यह समस्या केवल व्यापार तक सीमित नहीं है, बल्कि होटल-रेस्टोरेंट में कार्यरत कर्मचारियों की आजीविका भी इससे प्रभावित हो रही है। यदि जल्द समाधान नहीं निकाला गया, तो कई छोटे-बड़े प्रतिष्ठानों के बंद होने की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। ज्ञापन सौंपने वालों में कैंडी स्वीट्स हाउस, पंकज स्वीट्स, लालू ढाबा, बिकानेर स्वीट्स, प्रमोद पाव भाजी, न्यू पंकज स्वीट्स, अन्नपूर्णा स्वीट्स और लड्डू गोपाल सहित अन्य प्रतिष्ठान शामिल रहे। इस दौरान हरीश छत्री, राजेश वाधवानी, पंकज वाधवानी, संदीप कुमार, प्रमोद कुमार और विकास कुमार समेत कई व्यवसायी उपस्थित थे।

**क्यों हो रही है किल्लत?**

बताया जा रहा है कि पश्चिम एशिया में जारी तनाव और अंतरराष्ट्रीय आपूर्ति श्रृंखला में आई बाधाओं के कारण देशभर में कमर्शियल एलपीजी की आपूर्ति प्रभावित हुई है। बिहार के कई जिलों में भी प्राथमिकताओं में बदलाव के चलते व्यवसायिक उपयोग के लिए गैस की उपलब्धता कम हो गई है।

**प्रशासन से मांग**

होटल व्यवसायियों ने प्रशासन से शीघ्र हस्तक्षेप कर कमर्शियल गैस सिलेंडरों की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित कराने की मांग की है, ताकि व्यवसाय और इससे जुड़े लोगों की आजीविका को बचाया जा सके।

# एक सफल शिक्षक बनने के लिए अनुशासित होना जरूरी: प्रो मृगेंद्र



**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर के लक्ष्मी नारायण दुबे महाविद्यालय के सत्र 2025 -27 के बीएड प्रशिक्षुओं को विद्यालयों में अवलोकन कार्य हेतु जाने के लिए विरमित किया गया। प्राचार्य प्रो.(डॉ.) मृगेंद्र कुमार ने प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि एक सफल शिक्षक बनने के लिए अनुशासित रहना अनिवार्य है। इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. सुबोध कुमार ने विद्यार्थियों को शुभकामना देते हैं कहा कि आप जहां भी जाएं वहां एक सफल शिक्षक के लिए आवश्यक गुणों को पहचान कर अपने आप को उस तरह तैयार होने की अपील की। अर्थशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ. दुर्गेश मणि तिवारी ने प्रशिक्षुओ कों को बताया कि आपका कठिन परिश्रम ही आपको सफलता दिलाएगी। प्रधान सहायक श्री राजीव कुमार ने प्रशिक्षुओं कों को सफल होने की कामना की। बीएड विभागाध्यक्ष डॉ. कृष्ण कुमार सिन्हा ने धन्यवाद ज्ञापन देते हुए विद्यार्थियों को आगे की ओर अग्रसर होने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर विभाग के सहायक प्राध्यापक श्री प्रियरंजन झा, डॉ मधुलिका कुमारी, डॉ मधुबाला कुमारी, डॉ प्रमोद कुमार, डॉ जयंती झा आदि उपस्थित थे। उक्त कार्यक्रमों की जानकारी सहायक प्राध्यापक सह मीडिया प्रभारी जलेश्वर कुमार ने दी।

### गंडक दियारा में तीन भट्ठियां ध्वस्त, 6 हजार लीटर नष्ट

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सारण और गोपालगंज के सीमावर्ती गंडक नदी के दियारा क्षेत्रों में अवैध शराब कारोबार के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तस्करों को करारा झटका दिया है। वरीय एसपी विनीत कुमार एवं गोपालगंज एसपी विनय तिवारी के निर्देश पर पानापुर थाना और बैकुंठपुर थाना की पुलिस ने संयुक्त छापेमारी अभियान चलाया। पानापुर थानाध्यक्ष राजा कुमार ने बताया कि लंबे समय से अवैध शराब निर्माण की सूचना मिल रही थी, जिसके आधार पर यह कार्रवाई की गई। पुलिस टीम नाव के सहारे दुर्गम दियारा क्षेत्रों में पहुंची और कई ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। इस दौरान तीन अवैध शराब भट्ठियों को ध्वस्त किया गया तथा करीब 6 हजार लीटर अर्धनिर्मित शराब नष्ट कर दी गई। शराब निर्माण में प्रयुक्त उपकरणों को भी मौके पर ही नष्ट कर दिया गया।

# शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी में टॉपर्स का हुआ सम्मान, शिक्षा गुणवत्ता पर जोर



**कोटवा (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सोमवार को प्रखंड क्षेत्र के सभी विद्यालयों में शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान अभिभावकों और शिक्षकों के बीच बच्चों की शैक्षणिक प्रगति, उपस्थिति एवं विद्यालयीय गतिविधियों को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। इसी क्रम में उत्क्रमित मध्य विद्यालय (यूएमएस) गोपी छपरा में आयोजित कार्यक्रम में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी आनंद मोहन विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यालय के मेधावी एवं टॉपर विद्यार्थियों को मेडल व शिक्षण सामग्री उपहार स्वरूप भेंट दे सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। सम्मान पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीईओ आनंद मोहन ने कहा कि शिक्षक और अभिभावक के बीच बेहतर समन्वय से ही बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे नियमित रूप से बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान दें और विद्यालय से जुड़े रहें। विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकों ने भी अभिभावकों को बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करने, समय पर होमवर्क कराने तथा स्वच्छता एवं अनुशासन पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी। गोष्ठी में बड़ी संख्या में अभिभावकों ने भाग लिया।

# नरकटियागंज व्यवहार न्यायालय में दो नए न्यायाधीशों ने संभाला कार्यभार

## अवर न्यायाधीश के रूप में महेंद्र मिश्र और मुंसिफ जज के रूप में मानवेंद्र सिंह ने दिया योगदान

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्थानीय व्यवहार न्यायालय में उच्च न्यायालय के आदेशानुसार सोमवार को दो नए न्यायाधीशों ने अपना पदभार ग्रहण किया। महेंद्र मिश्र ने अवर न्यायाधीश के रूप में योगदान दिया, जिसके बाद अब न्यायालय में अवर न्यायाधीशों की संख्या बढ़कर दो हो गई है। वहीं, मुंसिफ जज संजीव कुमार के स्थानांतरण के पश्चात उनके रिक्त पद पर मानवेंद्र सिंह ने नए मुंसिफ जज के रूप में अपना योगदान दिया है।पदभार ग्रहण करने के पश्चात अधिवक्ताओं और न्यायिक दंडाधिकारियों ने नवागत न्यायाधीशों से परिचय प्राप्त किया। इस दौरान लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन और न्यायिक प्रक्रियाओं को सुगम बनाने को लेकर आवश्यक चर्चा की गई। विधिज्ञ संघ के अध्यक्ष राजीव कुमार वर्मा, सचिव लक्ष्मण प्रसाद और स्थानीय अधिवक्ताओं ने नए न्यायाधीशों का स्वागत किया। अध्यक्ष ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि नए न्यायाधीशों के आने से वादकारियों को न्याय मिलने में सहूलियत होगी और न्यायिक कार्यों में तेजी आएगी।

# उच्च माध्यमिक विद्यालय रामपुर दक्षिणी में विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित

## विद्यालय से स्थानांतरित तीन शिक्षकों को दी गई विदाई



**चिरैया(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र के उच्च माध्यमिक विद्यालय रामपुर दक्षिणी के प्रांगण में सोमवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधानाध्यापक योगेंद्र प्रसाद एवं अन्य विद्यालय के एचएम अवध बिहारी राम, ध्रुवदेव बैठा, मो. अबुल कलाम आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के वनस्पति विज्ञान के शिक्षक डॉ प्रसेनजीत, संस्कृत शिक्षक सुरेश सिंह एवं भौतिकी की शिक्षिका नेहा कुमारी के सम्मान में किया गया। जिनका स्थानांतरण राज्य के अन्य जिलों में हो गया है। इस अवसर पर स्थानांतरित शिक्षक-शिक्षिका को एचएम ने बुके, माला, अंगवस्त्र एवं अन्य उपहार देकर सम्मानित किया। विद्यालय के एचएम योगेंद्र प्रसाद ने अपने विदाई भाषण में शिक्षकों द्वारा पूर्व में किए गए कार्यों को सराहते हुए कहा कि आप सभी ने तन-मन से इस विद्यालय की सेवा की है जो अविस्मरणीय है। यहां से चले जाने के बाद भी आपका मार्गदर्शन विद्यालय को हमेशा मिलता रहे, मैं ऐसी अपेक्षा आपलोगों से करता हूं। साथ ही उन्होंने स्थानांतरित तीनो शिक्षकों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। मंच का संचालन शिक्षक संदीप कुमार द्विवेदी ने किया। वही विद्यालय की छात्रा जूली कुमारी, करीना कुमारी, वंदना कुमारी, सुनीति, निधि एवं दीक्षा ने स्वागत गान गाकर अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन शिक्षक मुनीचंद प्रसाद ने किया। मौके पर शिक्षक जनार्दन चौबे, पूजा कुमारी, ऋतंभरा कुमारी, सागर बैठा, सुरेंद्र प्रताप सिंह, सुनील कुमार पांडे, प्रेम बैठा एवं विद्यालय के सभी शिक्षक - शिक्षिकाएं सहित सैकड़ों की संख्या में बच्चे, ग्रामीण व अभिभावक उपस्थित थे।

# श्री 1008 श्री महाविष्णु महायज्ञ को ले निकाली गई कलश यात्रा, 5100 कन्याओं ने उठाया कलश



**बनकटवा (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखण्ड क्षेत्र के बीजबनी पूर्वी पंचायत अंतर्गत अठमोहान गाँव के विश्वकर्मा चौक पर नौ दिवसीय श्री श्री 1008 विष्णु महायज्ञ का आयोजन श्रद्धा, भक्ति व उल्लास के साथ किया जा रहा है. जिसको लेकर रविवार को भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई. गाजे बाजे व वैदिक मंत्रोचारण के बीच करीब 5100 कुंवारी कन्याओं ने कलश उठाया. यज्ञ स्थल से कलश लेकर निकाली गई यात्रा करीब छह किमी की दूरी तय कर अमवा धाम पहुंची. अरुणा नदी के पावन तट पर विधिवत मुंडन संस्कार व पौराणिक-वैदिक पूजन के उपरान्त यज्ञ स्थल तक आगमन हुआ. कलश यात्रा को रास्ते में रोक रोक कर ग्रामीणों ने जमकर स्वागत करते हुए पुष्प की वारिश की. इस दौरान श्रद्धालुओं और समाजसेवियों ने कन्याओं के बीच शीतल जल व अल्पहार का वितरण भी किया. उक्त यज्ञ के अध्यक्ष विद्यानंद गिरी व बिरेन्द्र शाह ने बताया कि महायज्ञ का मुख्य आकर्षण वृन्दावन से आए रासलीला मंडल के अलावे संतों का समागम व प्रवचन के अलावे झूला, सर्कस, मौत का कुआ, ब्रेक डांस, मीना बाजार, वैष्णव देवी का गुफा आदि है. मौके पर स्थानीय मुखिया बच्चा यादव, पूर्व जिला पार्षद शैलेन्द्र यादव, बीजबनी दक्षिणी मुखिया प्रेम किशोर यादव, पूर्व मुखिया शंकर प्रसाद गुप्ता व अवधेश कुमार गुप्ता मौजूद रहे।

# तृतीय दीक्षांत समारोह-2026 की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन एवं विश्वविद्यालय की उच्चस्तरीय बैठक



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के आगामी तृतीय दीक्षांत समारोह (4 अप्रैल 2026) के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन के दृष्टिगत आज जिला प्रशासन एवं विश्वविद्यालय के अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव एवं जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर ओवरऑल कंवोकेशन कोऑर्डिनेशन कमेटी के अध्यक्ष प्रो. प्रसून दत्त सिंह भी उपस्थित रहे। बैठक में समारोह से संबंधित सुरक्षा प्रोटोकॉल, आमंत्रण-पास की व्यवस्था, वीवीआईपी मूवमेंट, यातायात नियंत्रण एवं समन्वय तंत्र पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने कहा कि विश्वविद्यालय इस महत्वपूर्ण अवसर को गरिमामय एवं सुव्यवस्थित रूप से आयोजित करने के लिए प्रतिबद्ध है और जिला प्रशासन के सहयोग से सभी व्यवस्थाएँ उच्चतम मानकों के अनुरूप सुनिश्चित की जाएंगी ’ जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल ने आश्वस्त किया कि प्रशासन की ओर से सुरक्षा, यातायात एवं प्रोटोकॉल से संबंधित सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ सुदृढ़ रूप से की जाएंगी, जिससे समारोह निर्बाध रूप से सम्पन्न हो सके। यह उल्लेखनीय है कि इस भव्य समारोह में भारत के उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन, बिहार के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सैयद अता हसनैन, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं सांसद राधा मोहन सिंह की गरिमामयी उपस्थिति प्रस्तावित है।

# संवेदनशील गवाह साक्ष्य केंद्र के खुलने से गवाहों को डराने-धमकाने की शिकायतों में आयेगी कमी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। अस्थाई वल्नरेबल विटनेस डिपोजिशन सेन्टर ( संवेदनशील गवाह साक्ष्य केंद्र) का व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में पटना हाईकोर्ट के मुख्य न्यायमूर्ति संगम कुमार साहू द्वारा वर्चुअल उद्घाटन किया गया जिसमें निरीक्षी जज व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद सह न्यायमूर्ति हाईकोर्ट पटना अनिल कुमार सिन्हा के गरिमामयी उपस्थित में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के प्रधान जिला जज राजीव रंजन कुमार, परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश अरूण कुमार, जिला जज प्रथम विश्व विभूति गुप्ता, जिला जज द्वितीय अंननदिता सिंह जिला जज तृतीय अशोक कुमार गुप्ता, जिला जज चतुर्थ दिव्या वरिष्ठ जिला जज पंचम उमेश प्रसाद जिला जज छह लक्ष्मीकांत मिश्रा, जिला जज सप्तम संतोष कुमार मिश्रा, जिला जज अष्टम मनीष जयसवाल, जिला जज नवम पंकज पांडेय, स्पेशल उत्पाद कोर्ट जज विवेक कुमार सिंह व कन्हैया प्रसाद यादव, सिजेएम लाल बिहारी पासवान, सबजज वन फहद दिवान खां, सब जज संदीप कुमार सिंह, एसडीजेएम अनीस कुमार सहित अन्य



न्यायिक पदाधिकारियों, पूर्व लोक अभियोजक पुष्कर अग्रवाल, जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद के अध्यक्ष विजय कुमार पाण्डेय सचिव जगनरायण सिंह, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह, सचिव सिद्धेश्वर विद्यार्थी सरकारी अधिवक्ता वृजा प्रसाद सहित सैंकड़ों अधिवक्ता उपस्थित थे। बताया जाता है कि यह असुरक्षित गवाह केंद्र जिसे कमजोर गवाह बयान केंद्र या विडियो गवाही केंद्र भी कहा जाएगा। इसमें संवेदनशील गवाह, कमजोर गवाह, असुरक्षित गवाह, मानसिक रूप से कमजोर गवाह, विकलांग गवाह के गवाही योजना का उद्देश्य उनके खतरे को आंकलन और सुरक्षा उपायों के आधार पर उन्हें सुरक्षा प्रदान करने के लिए इसकी स्थापना हुई है। यह सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति डी वाई चन्द्रचूड के पीठ के आदेश पर शुरू किया गया है। इससे गवाह संरक्षण योजना 2018 के अनुपालन में लाभ होगा और गवाहों के डराने धमकाने के शिकायतों में कमी आएगी। व्यवहार न्यायालय ई-कोर्ट प्रोजेक्ट नोडल ऑफिसर सह सब जज अष्टम एसिजेएम सात संदीप कुमार ने बताया कि असुरक्षित गवाह केंद्र के स्थापना का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना कि गवाह विशेषकर बच्चों और योन शेषण के पीड़ितों को न्याय प्रक्रिया के दौरान कोई अघात ने झेलना पड़े। दूसरी बात गवाहों को आरोपी के डर से गवाही बदलने या मुकरने से रोकना, तीसरी बात सुरक्षित वातावरण देना जहां गवाह डर भय से असुरक्षित महसूस न करें। चौथी बात गवाह और आरोपी का आमना-सामना न हो। गवाही के दौरान और आते जाते वक्त आंख न दिखाएं। पांचवीं बात गवाही मुख्य कोर्ट रूम से अलग एक विडियो स्किन के माध्यम से रिकार्ड की जाती है। यह अदालत परिसर का सबसे विशेष और सुरक्षित कमरा होता है जो योन अपराध से पीड़ितों, बच्चों, मानसिक रूप से बीमार या डरे हुए गवाह को आरोपी के सामने आए बिना बिना डर या दबाव के वीडियो क्रॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से गवाही देने का सुविधा प्रदान करता है। यह सुविधा यौन उत्पीड़न के मामलों और अन्य जघन्य अपराधों के मामले में पीड़ितों को सुरक्षा प्रदान करता है।

# ट्रक हड़ताल से आपूर्ति पर पड़ने लगा असर , लोग परेशान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बारुण**। ट्रांसपोर्टरों की हड़ताल के कारण राशन गोदाम से समय पर अनाज न मिलने से डीलरों को खाद्यान्न की भारी किल्लत हो रही है जिससे उपभोक्ताओं को पिछले तीन माह का अनाज मिलने में परेशानी हो रही है। इस समस्या से हजारों लोग प्रभावित हो रहे हैं। ट्रक यूनियनों द्वारा किराया बढ़ाने की मांग या अन्य मुद्दों पर हड़ताल के कारण आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित हो रही है और विभाग द्वारा समय पर कार्रवाई न होने से समस्या बनी रहती है। यह जानकारी बारुण प्रखंड अंतर्गत फेयर प्राइस डीलर संघ बी टीम के अध्यक्ष बृहस्पत शिंह द्वारा दिया गया। बृहस्पत सिंह ने बताया कि ट्रांसपोर्टरों के बार-बार हड़ताल से डीलर को राशन गोदाम से समय पर नही मिल पा रहा है। महीने के 20 से 30 तारीक तक करीब तीन महिने से हड़ताल की समस्या आ रहा है। फलस्वरूप राशन कार्डधारियों को समय से राशन नहीं मिलने के कारण कार्डधारियों में भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो चुकी है। 40 प्रतिशत लोग काफी परेशान हो गया है। बड़ी मशक्कत के बाद इन लोगों को अनाज दिया जाता है। बताया कि संबधित विभाग के पदाधिकारियों को इन समस्याओं से अवगत कराया गया परंतु अभी तक समाधान नही हो सका है। इधर ग्रामीण बागी गांव से कईल पासवान, जदुनी पासवान, सदुरी से कमला पासवान, मदन पासवान, विनोद पासवान, अशोक पासवान, नरारी खुर्द से प्रदीप यादव, किस्मत कर्मा से उमेश यादव, गुड्डू यादव ने बताया कि समय पर आनाज नही मिलने भुखमरी की स्थिति बन जा रही है। राशन के चक्कर में बार बार डीलर के यहां चक्कर लगाते लगाते परेशान हैं। जब ग्रामीण राशन लेने दूकान पर आते है तो राशन नही मिल पाता। डीलर द्वारा बताया जाता है कि ट्रांसपोर्टर के कमी के कारण आनाज नही आया है। इधर जब इन समस्या से निजात के लिए प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अमरजीत कुमार से सम्पर्क किया गया तो कोई समाधान नही निकला। कई बार मोबाइल पर सम्पर्क किया गया परंतु कोई जबाब नही मिला। इधर, बीडीओ निरज कुमार ने बताया कि डीलर संघ के अध्यक्ष के द्वारा शिकायत मिला है। जांच पड़ताल कराते हुए जल्द ही समस्या का समाधान कराया जाएगा।

# नवसृजित प्राथमिक विद्यालय बंधु बिगहा का उद्घाटन, शिक्षा को लेकर दिखा उत्साह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। हसपुरा प्रखंड के टाल पंचायत स्थित नवसृजित प्राथमिक विद्यालय, बंधु बिगहा का उद्घाटन सोमवार को एक गरिमामय समारोह के बीच संपन्न हुआ। उद्घाटन से पूर्व प्रखंड प्रमुख श्रीनिवास सिंह एवं प्रभारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी दीपक कुमार सहित अन्य गणमान्य लोगों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर विद्यालय का शुभारंभ किया। इसके पश्चात विद्यालय के पूर्व प्रधानाध्यापक शंकर कुमार ने नारियल फोड़कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की। समारोह की अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाध्यापिका रिजवाना अख्तर ने की, जबकि संचालन फतेहपुर विद्यालय के प्रधानाध्यापक रविंद्र कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार की ओर से सभी अतिथियों को अंगवस्त्र एवं माला देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रखंड प्रमुख श्रीनिवास सिंह ने कहा कि विद्यालय के खुलने से ग्रामीण क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। उन्होंने अभिभावकों से




हसपुरा के बन्धु बिगहा विद्यालय का उद्घाटन करते हुए अतिथि

अपील की कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें, ताकि उनकी शिक्षा सुचारु रूप से हो सके। साथ ही उन्होंने विद्यालय परिसर में बाउंड्री निर्माण कराने का आश्वासन भी दिया। प्रभारी बीइओ दीपक कुमार ने कहा कि विद्यालय का सुचारु संचालन केवल प्रशासन की नहीं, बल्कि ग्रामीणों की भी जिम्मेदारी है। उन्होंने समय पर विद्यालय खोलने एवं नियमित पठन-पाठन सुनिश्चित करने पर बल दिया। इस अवसर पर पंचायत समिति सदस्य धनंजय कुमार, मुखिया प्रतिनिधि उपेंद्र कुमार, उपमुखिया प्रतिनिधि कमलेश कुमार, पूर्व जिला परिषद सदस्य दिनेश कुशवाहा, रालोमो प्रखंड अध्यक्ष श्रीकांत वर्मा, पैक्स अध्यक्ष आशुतोष कुमार उर्फ साधु तथा संतोष कुमार सहित अन्य वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय केवल वक्ताओं ने विद्यालय के भूमिदाता स्वर्गीय राजेश्वर सिंह, श्याम सुंदर सिंह, दिनेश्वर सिंह एवं कमलेश सिंह के योगदान की सराहना की। कार्यक्रम में शिक्षिका संगीता कुमारी, खुशबू कुमारी, शिक्षक शेखर कुमार, उपेंद्र कुमार, ऋषिकांत सिंह, अवधेश राम, धीरेंद्र कुमार, सुनील कुमार एवं आशा मिश्रा सहित कई लोग उपस्थित रहे। अंत में प्रधानाध्यापिका रिजवाना अख्तर ने कार्यक्रम की सफलता के लिए वार्ड सदस्य मृत्युंजय कुमार, जनप्रतिनिधियों एवं अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# रफीगंज में 4 अप्रैल को फाइनल मुकाबला, एमपी और बंगाल की महिला टीमें दिखाएंगी दम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज फुटबॉल कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगामी फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल और फाइनल मैचों की तिथियां घोषित की गईं। बैठक की अध्यक्षता कप्तान गुड्डू चौरसिया ने की, जबकि संचालन कार्यवाहक विनोद कुमार ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से लिए गए निर्णयों के अनुसार, पहला सेमीफाइनल मैच 3 अप्रैल 2026 को जिला बक्सर और जिला गया (शेरघाटी) के बीच खेला जाएगा। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 4 अप्रैल 2026 को पडरिया और सेमीफाइनल विजेता टीम के बीच आयोजित होगा। इसके अतिरिक्त, 5 अप्रैल 2026 को एक महिला फुटबॉल मैच भी खेला जाएगा, जिसमें मध्य प्रदेश और बंगाल की टीमें आमने-सामने होंगी।




संस्था के डायरेक्टर संजय अंबेडकर ने बताया कि इन मैचों को लेकर दर्शकों में काफी उत्साह है और बड़ी संख्या में खेल प्रेमियों के पहुंचने की संभावना है। कार्यवाहक विनोद कुमार ने कहा कि संस्था का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण प्रतिभाओं को एक मंच प्रदान कर उन्हें राष्ट्र की मुख्यधारा से जोड़ना है। संस्था के अध्यक्ष शंकर प्रसाद सोनदिक ने सभी छात्रों, मजदूरों, नौजवानों, किसानों, खेल प्रेमियों, समाजसेवियों और शुभचिंतकों से अपील की है कि वे निर्धारित समय पर पहुंचकर इस आयोजन को सफल बनाएं। उन्होंने यह भी बताया कि सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बैठक में राहुल कुमार सिंह, अशोक ठाकुर, छोटू कुमार, मुकेश कुमार, मंटू, अरविंद गुप्ता, राकेश गुरुजी, अजीत कुमार उर्फ बिछा जी, हीरो एजेंसी के शिशुपाल, मुन्ना सिंह, दिलीप कुमार, कारू जी सहित कई अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# महावीर जयंती पर निकाली शोभायात्रा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज शहर में सोमवार को महावीर जयंती के अवसर पर जैन समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का शुभारंभ शहर के जैन मंदिर से हुआ, जो मुख्य बाजार, मुरली बाबू चौक, टिकट काउंटर, महाराजगंज होते हुए पोस्ट ऑफिस गली तक पहुंची। इसके बाद शोभायात्रा पोस्ट ऑफिस गली से कासमा बस स्टैंड, श्रीनगर पानडुक शीला तक गई, जहां भगवान महावीर का विधि-विधान से जलाभिषेक एवं शांतिधारा का आयोजन किया गया। इस दौरान पूरे माहौल में भक्तिमय वातावरण बना रहा और श्रद्धालुओं में उत्साह देखने को मिला।

समाज के मंत्री रितेश जैन एवं अनिल जैन ने बताया कि इस अवसर पर भगवान महावीर से देश एवं विश्व में शांति, सद्भाव और भाईचारे की कामना की गई। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, जिसमें समाज के लोग बढ़-चढ़कर भाग लेंगे। शोभायात्रा में रितेश जैन, स्वरूपचंद, पवन प्रतनिया, रौशन जैन, दीपक जैन, जितेंद्र जैन, पिंटू जैन, उमेश जैन सहित बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# अधिप्राप्ति प्रक्रिया में सुनिश्चित किया जाय पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। समाहरणालय के सभा कक्ष में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 अंतर्गत धान अधिप्राप्ति एवं रब्बी विपणन मौसम 2026-27 में प्रस्तावित गेहूं अधिप्राप्ति से संबंधित जिला टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अधिप्राप्ति से जुड़े विभिन्न बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए लक्ष्य की प्राप्ति, भुगतान की स्थिति, भंडारण व्यवस्था तथा किसानों को हो रही संभावित समस्याओं पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा धान अधिप्राप्ति की अद्यतन प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में अवगत कराया गया कि जिले की कुल 33 समितियों द्वारा अब तक निर्धारित लक्ष्य का 96.96 प्रतिशत धान अधिप्राप्ति किया जा चुका है। जिलाधिकारी ने शेष लक्ष्य की प्राप्ति हेतु संबंधित समितियों एवं पदाधिकारियों को समन्वित रूप से




कार्य करते हुए अधिप्राप्ति प्रक्रिया को समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने का निर्देश दिया, ताकि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य ससमय प्राप्त हो सके। सी.एम.आर. (विशेष रूप से पिसा हुआ चावल) की समीक्षा उपरांत जिलाधिकारी द्वारा समितियों को निर्देश दिया गया कि अधिप्राप्त धान के विरुद्ध तीव्र गति से एसटीआर निर्गत किया जाए तथा आपूर्ति किए गए सीएमआर की राशि का भुगतान समय पर सुनिश्चित किया जाए। इस संबंध में जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य निगम, औरंगाबाद को आवश्यक कार्रवाई करते हुए भुगतान प्रक्रिया में किसी प्रकार की विलंबता नहीं होने देने का निर्देश दिया गया। बैठक में आगामी रब्बी विपणन मौसम 2026-27 में गेहूं अधिप्राप्ति की तैयारी की भी विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी द्वारा जिला सहकारिता पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि गेहूँ अधिप्राप्ति हेतु सभी आवश्यक पूर्व तैयारियाँ यथा समितियों का सक्रियण, भंडारण क्षमता का आकलन, क्रय केन्द्रों की पहचान, आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता तथा किसानों के बीच व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए, ताकि अधिप्राप्ति प्रक्रिया सुचारू एवं पारदर्शी ढंग से संपादित की जा सके।

# आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता व आपूर्ति पर सरकार की विशेष नजर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। बिहार सरकार के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के सभी प्रमंडलीय आयुक्त, जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के साथ वर्तमान में पश्चिम एशिया में युद्ध से उत्पन्न परिस्थितियों के परिप्रेक्ष्य में आवश्यक वस्तुओं एवं सेवाओं की उपलब्धता, आपूर्ति व्यवस्था की स्थिति, प्रवासी श्रमिकों के हितों की सुरक्षा तथा विधि-व्यवस्था संधारण से संबंधित विषयों की समीक्षा की गई। उक्त बैठक में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा, पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल, उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण




सिंह तथा सदर डीसीएलआर श्वेतांक लाल उपस्थित रहे। समीक्षा के दौरान मुख्य सचिव, बिहार द्वारा सभी जिला पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए आवश्यक वस्तुओं, विशेष रूप से एलपीजी गैस सिलेंडर, पेट्रोल एवं डीजल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा किसी भी स्तर पर कालाबाजारी, जमाखोरी अथवा अनावश्यक भंडारण की स्थिति उत्पन्न न होने पाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि राज्य में पेट्रोल, डीजल एवं एलपीजी गैस की पर्याप्त उपलब्धता है तथा आपूर्ति सामान्य रूप से संचालित है। आमजन से अपील की गई कि वे किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचना अथवा अफवाह पर ध्यान न दें। जिला प्रशासन द्वारा सभी चिन्हित गैस एजेंसियों के में विधि-व्यवस्था संधारण हेतु दंडाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है, ताकि आपूर्ति व्यवस्था सुव्यवस्थित एवं नियंत्रित रूप से संचालित हो सके। साथ ही आमजन की सुविधा हेतु जिला नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है, जहां आवश्यक सूचनाएं प्राप्त की जा सकती हैं तथा प्राप्त शिकायतों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा आमजन से अपील की गई है कि एलपीजी गैस सिलेंडर हेतु अनावश्यक रूप से गैस एजेंसियों पर कतार में न लगें। एलपीजी गैस सिलेंडर की आपूर्ति होम डिलीवरी के माध्यम से नियमित रूप से कराई जा रही है। अनावश्यक भीड़ अथवा कतार लगने से दिव्यांगजन, वृद्धजन एवं महिलाओं को कठिनाई होती है, जो गैस एजेंसी तक पहुंचने में असमर्थ रहते हैं। जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता एवं आपूर्ति व्यवस्था की सतत निगरानी की जा रही है, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# चांदपुर से केताकी मोड़ तक सड़क जर्जर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। देव से कंचनपुर पथ इन दिनों काफी जर्जर हो गई है। चांदपुर से केताकी मोड़ तक करीब एक किमी में सड़क जर्जर अवस्था में है। सड़क पर गड्ढें उभर आए हैं। बारिश के दिनों में सड़क पर उभरे गड्ढों में पानी भर जाता है जिससे आवागमन करना मुश्किल हो जाता है। यहां तक की रात्रि में साइकिल से या पैदल चलना मुश्किल हो गया है। बाइक से चलने पर या टेंपो में बैठकर यात्रा करने पर बगल से किसी कार के गुजरने पर गड्ढे का पानी कपड़े पर पड़ जाता



है जिससे शरीर का रंग बदरंग हो जाता है। दरअसल यह पथ देव से कंचनपुर तक जाती है। इसी पथ से गोपालपुर मोड़ से केताकी तक एक दूसरी सड़क जाती है। दोनों सड़क मौजूदा समय में जर्जर हो गया है। चांदपुर मोड़ से केताकी मोड़ तक स्थिति दयनीय हो गई है। निर्माण नहीं होने से वर्षा के इस मौसम में झील बन गया है। यह सड़क कई गांवों की लाइफ लाइन है। इसी सड़क से केताकी और कंचनपुर इलाके के ग्रामीण प्रखंड मुख्यालय और जिला मुख्यालय आवागमन करते हैं। बीमार पड़ने पर देव अस्पताल इसी सड़क से पहुंचते हैं। सटवट गांव निवासी बब्लू कुमार सिह बताते हैं कि सड़क का निर्माण होने की जरूरत है। उनके गांव में संपन्न हुए यज्ञ को लेकर कई जगहों पर गड्ढें में सामग्री भरा गया था। अधिकारियों को सड़क निर्माण के प्रति ध्यान नहीं है।

# पीएम श्री अनुग्रह मध्य विद्यालय में पीटीएम में छात्रों के परिणाम घोषित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। जिला मुख्यालय स्थित पीएम श्री अनुग्रह मध्य विद्यालय में पूरे बिहार के साथ धूमधाम से शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन किया गए। विद्यालय के प्राचार्य उदय कुमार सिंह ने कहा कि वर्ग शिक्षकों ने अभिभावकों के समक्ष बच्चों के प्रगति पत्रों को साझा किए एवं उन्हें बच्चों की विकास यात्रा में शिक्षकों के साथ सहचर बनने की अपील की। प्राचार्य ने बताया कि विद्यालय का शत प्रतिशत रिजल्ट हुआ है। साथ ही सह शैक्षिक गतिविधियों में भी बच्चों ने आशातीत परफॉर्म किया




है। पीटीएम के थीम "प्रवेश से प्रगति तक विद्यालय और अभिभावक साथ साथ" के आलोक में अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी हेतु विद्यालय से जुड़ाव रखने को कहा गया। बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति के लिए भी अभिभावकों को आगे आने को कहा गया। बच्चों ने प्रगति पत्र प्राप्त कर बेहद उत्साहित थे। अपने नए होने वाले वर्ग कक्षों का अवलोकन कर रोमांचित हो रहे थे। वहीं आठवें वर्ग के बच्चे अगले सत्र से अन्यत्र जाने को लेकर उत्साहित एवं पुराने विद्यालय के छूटने से थोड़े ग़मजदा भी थे। सभी वर्गों के बच्चों ने अपने वर्ग शिक्षक के साथ ग्रुप फोटो खिंचवाकर इस वर्ष की स्मृतियों को कैमरों में दर्ज करवाया। प्राचार्य उदय कुमार सिंह ने सभी अभिभावकों से अपील किया कि अपने आस पास के इलाकों में यदि कोई बच्चा अनामांकित हो तो उसे अवश्य विद्यालय भेजकर नामांकन सुनिश्चित करवाएं। अप्रैल महीने से विद्यालय में प्रवेशोत्सव आरम्भ हो रहे है और विद्यालय परिवार अपने पोशाक क्षेत्र से एक भी बच्चों को विद्यालय से बाहर रहने नहीं देगा। इसके लिए गंभीरतापूर्वक मुहिम चलाई जाएगी। प्राचार्य उदय कुमार सिंह ने कहा कि हालिया वर्षों से लगातार हो रहे पीटीएम से शिक्षा की गुणवत्ता सुधरी हैं। बड़े पैमाने पर अभिभावक एवं समुदाय विद्यालय से जुड़े है।

# दाउदनगर के अतिरिक्त प्राथमिक स्थास्थ्य केंद्र में मात्र एक एएनएम व जीएनएम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। जिले के दाउदनगर प्रखंड का अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शमशेरनगर में मात्र एक एएनएम और जीएनएम है। बता दें कि यहां सिर्फ एक आयुष चिकित्सक डा. हसनैन कार्यरत हैं जो मंगलवार, बुधवार व गुरुवार व शनिवार को अपनी सेवा देते हैं। अन्य दिनों में वे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उपस्थित नहीं रहते हैं। बता दें कि यहां चार एएनएम नीतू कुमार, कमला कुमारी, सरस्वती कुमारी व विमला कुमारी रोस्टर के अनुसार सेवा देती हैं जबकि दो जीएनएम कुमुद कुमारी व पूजा कुमारी प्रतिदिन उपस्थित रहती हैं। यहां प्रतिदिन दो एएनएम आवश्यक सेवाएं प्रदान करती है परंतु बुधवार व शुक्रवार




को तीन एएनएम क्षोत्र में प्रतिरक्षण कार्य में लगी रहती है जिससे उनकी संख्या कम हो जाती है। बता दें कि यहां 24 घंटे एएनएम, जीएनएम व चिकित्सक की सुविधा का दावा पूरा नहीं होता है। प्रतिदिन 6० से 65 मरीज इलाज के लिए आते हैं। यहां फार्मासिस्ट, लैब टेक्नीशियन व ड्रेसर की अनुपस्थिति के कारण उनकी जिम्मेदारियों में वृद्धि हो गई है। यहां मरीजों को आवश्यक सेवाएं नहीं मिल पा रही है। बता दें कि पूर्व में यहां एक महिला चिकित्सक की नियुक्ति हुई थी परंतु उच्च शिक्षा के लिए छुट्टी लेकर जाने के बाद उनकी जगह कोई नहीं आया है। वर्तमान में अस्पताल में केवल एक आयुष चिकित्सक की सेवाएं ग्रामीणों को मिल रही है। सुरक्षा के लिए यहां केवल तीन प्रहरी है जबकि तीन और की आवश्यकता है ताकि तीन शिफ्ट में दो-दो प्रहरी अपनी सेवाएं दे सकें। अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में छह बेड हैं परंतु केवल दो का ही उपयोग हो पाता है जबकि चार बेड कोई उपयोग का नहीं है।

# राम लखन यादव कॉलेज में प्रो. डा. चंद्रशेखर के सम्मान में विदाई समारोह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। शहर के राम लखन सिह यादव महाविद्यालय में बिहार सरकार के पूर्व शिक्षा मंत्री सह वर्तमान में राम लखन सिह यादव महाविद्यालय में जंतु विज्ञान के प्राध्यापक प्रो. डा. चंद्रशेखर के सम्मान में विदाई समारोह आयोजित की गई। जिस क्रम में उन्हें महाविद्यालय के प्राचार्य डा. विजय रजक ने बुके व भगवान बुद्ध की प्रतिमा का प्रतीक चिन्ह एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के पूर्व प्राध्यापक सह पूर्व विधायक विनोद कुमार यादव, डा. कृष्णानंद सिह यादव, सेवानिवृत्ति प्राध्यापक बच्चू लाल प्रसाद सिह, विजय शंकर श्रीवास्तव, श्याम नारायण सिह, डा. अरुण कुमार सिह मौजूद रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रधान प्राचार्य डा. विजय रजक ने किया व संचालन




राजनीति शास्त्र के व्याख्याता विभाग अध्यक्ष डा. नरेश कुमार सिह ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बिहार सरकार के पूर्व शिक्षा मंत्री डा. चंद्रशेखर के सम्मान और विदाई के रूप में भव्य रूप से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय परिवार के सेवानिवृत्ति एवं वर्तमान में कार्यरत सभी शिक्षक और शिक्षक कर्मचारियों के द्वारा आगत अतिथियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संबोधन करते हुए डा. चंद्रशेखर ने कहा वर्तमान समय में बाबा साहब डा. भीमराव आंबेडकर की महता काफी बढ़ गई है। हम सब किसी न किसी रूप में आज जहां भी हैं बाबा साहब की ही दिन है। बाबा साहब समाज के सभी वर्ग महिलाओं को आगे उठाने का काम किया था। बाबा साहब ने शिक्षा को शेरनी का दूध कहा। शिक्षा की महत्व पर भी डा. चंद्रशेखर ने प्रकाश डाला। आज समाज में जाति प्रथा छुआछूत आडंबर हटाकर ही समाज का विकास किया जा सकता है। इस मौके पर महाविद्यालय परीक्षा नियंत्रक डा. अरविद कुमार, डा. मुकेश कुमार, डा. रमेश यादव, डा. अर्चना कुमारी, डा. सुमन कुमारी, विवेक कुमार, पूर्व सहायक जनार्दन सिह, रामचंद्र सिह यादव, मनीष कुमार, जितेंद्र कुमार सहित महाविद्यालय के सभी परिवार मौजूद रहे।

# पूजा गैस एजेंसी के विरूद्ध नगर थाना में प्राथमिकी

- एजेंसी के निबंधन को रद्द करने की डीएम ने की अनुशंसा
- गैस आपूर्ति में किसी भी प्रकार की बाधा या विलंब नहीं की जायगी बर्दाश्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** जिले में रसोई गैस की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा सोमवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में इंडियन अयल करपोरेशन लिमिटेड, भारत पेट्रोलियम करपोरेशन लिमिटेड, हिंदुस्तान पेट्रोलियम करपोरेशन लिमिटेड तथा थिंक गैस के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में जिले में एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति व्यवस्था, उपभोक्ताओं से प्राप्त शिकायतों के निवारण तथा बैकलॉग की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति में बैकलॉग की अवधि बढ़ने के कारणों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस क्रम में नीलम एचपी गैस एजेंसी, बगवाड़ा की कार्यप्रणाली में शिथिलता पाए जाने पर जिला पदाधिकारी ने कड़ा रूख अपनाते हुए अनुमंडल पदाधिकारी, बेगूसराय एवं भूमि उप समाहर्ता, बेगूसराय को उक्त एजेंसी के विरूद्ध जाँच कर शीघ्र प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया। बैठक में उपभोक्ता शिकायतों के निवारण की स्थिति की भी समीक्षा की गई। जिला नियंत्रण कक्ष में अब तक कुल 417 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। जिनमें से 311 शिकायतों का सफलतापूर्वक निष्पादन किया जा चुका है। जबकि शेष शिकायतों के निष्पादन की प्रक्रिया जारी है। नियंत्रण कक्ष में प्राप्त शिकायतों को संबंधित गैस एजेंसी तथा प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को तत्काल प्रेषित कर प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित कराया जा रहा है। इसी क्रम में पूजा गैस एजेंसी के विरूद्ध प्राप्त शिकायतों पर अनुमंडल पदाधिकारी बेगूसराय द्वारा किए गए जांच के उपरांत प्रतिवेदन के आधार पर नगर थाना में प्राथमिकी दर्ज करने के साथ ही जिला पदाधिकारी द्वारा उक्त एजेंसी के निबंधन को रद्द करने की अनुशंसा भी क्षेत्रीय प्रबंधक, एचपीसीएल को कर दी गई है। समीक्षा के दौरान यह भी बताया गया कि हाल के दिनों में सिलेंडर की आपूर्ति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। 29 मार्च को जिले में 11,422 सिलेंडर की बुकिंग के विरुद्ध कुल 12,084 सिलेंडरों की डिलीवरी की गई। वर्तमान में जिले में प्रतिदिन औसतन 4,221 सिलेंडरों की बुकिंग हो रही है, जिसके मुकाबले औसत डिलीवरी बढ़कर लगभग 4,707 सिलेंडर प्रतिदिन तक पहुँच गई है। थिंक गैस के प्रतिनिधि ने बताया कि वर्तमान में उनके पास 4 हजार उपभोक्ता है। एक सप्ताह के अंदर 3 हजार और नए उपभोक्ताओं का सप्लाई प्रारंभ किया जाएगा।

# जीडी कॉलेज में शिक्षक अभ्यर्थियों ने किया प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बेगूसराय।** बीपीएससी टीआरई-4 की वैकेंसी नही आने से लाखों शिक्षक अभ्यर्थियों मे नाराजगी है। राजधानी पटना में पिछले 11 वर्षो से लाखों छात्रों के हित में आंदोलन करने वाले बिहार स्टूडेंट यूनियन के अध्यक्ष छात्र नेता दिलीप कुमार के आह्वान पर सोमवार को जीडी कलेज में बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों का जमाबड़ा हुआ। छात्र नेता श्री कुमार ने कहा कि टीआरई-4 के दस लाख से अधिक अभ्यर्थी दो वर्षो से वैकेंसी का इंतजार कर रहे हैं। बीपीएससी के कैलेंडर के अनुसार 24 अगस्त 2024 को ही टीआरई-4 की परीक्षा होनी थी लेकिन अभी तक विज्ञापन भी नही आया। पिछले एक वर्ष से शिक्षा मंत्री के द्वारा कहा गया कि 10-15 दिनों में वैकेंसी आ जाएगी। चुनाव से पहले और चुनाव के दौरान भी कहा गया कि टीआरई-4 का विज्ञापन जल्द जारी होगा। बीपीएससी ने फरवरी द्वितीय सप्ताह में एक नोटिस जारी किया जिसमें यह कहा गया था कि अधियाचना मिल चुकी है और शीघ्र ही टीआरई 4 का विज्ञापन जारी किया जाएगा। लेकिन 45 दिनों से अधिक समय बीत जाने के बाद भी विज्ञापन जारी नही किया गया है। छात्र नेता दिलीप कुमार ने कहा कि बार-बार टीआरई-4 अभ्यर्थियों को गुमराह किया गया। विज्ञापन के इंतजार में हजारों अभ्यर्थियों की उम्र समाप्त होती जा रही है। छात्र नेता दिलीप कुमार ने कहा कि पटना 18 मार्च के आंदोलन के दौरान छात्र प्रतिनिमंडल से वार्ता में बीपीएससी के अधिकारियों ने बताया था कि मार्च अंत तक विज्ञापन जारी कर दिया जाएगा। लेकिन विज्ञापन जारी नही किया गया है। अब टीआरई 4 के विज्ञापन के लिए बहुत जल्द पटना में फिर से महा आंदोलन होगा और इस बार आमरण अनशन भी हो सकता है। इस बैठक एवं प्रदर्शन में छात्र नेता दिलीप कुमार के साथ प्रियंका, गरिमा, स्मिता, नाजमी परवीन, कहकशा परवीन, अमृता, पूजा, मुस्कान,आनवी श्री, पिंकी, सीमा, अजय, नंदकिशोर, अजाद, अभय, धर्मवीर, अंशु, राजकुमार, अनु, सनी, रोहित, रंजीत, विवेक, सुभाष, राजेश, चंदन सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं शामिल थे।

## हरी सभा में मनाया गया अन्नपूर्णा पूजा का 50वां महोत्सव

**जमालपुर (मुंगेर) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** ईस्ट कॉलोनी जमालपुर के हरी सभा में हर साल की भांति इस साल भी मां अन्नपूर्णा का 50वां साल गोल्डन जुबली मनाया गया। अन्नपूर्णा पूजा के बारे में पूजा समिति के महासचिव तापसी सेन एवं अध्यक्ष शिवानी दास ने बताया कि जमालपुर में 1975 से मनाया जाता है। पांच दिवसीय इस पूजा महोत्सव बंगाली परंपरा के अनुसार बनाए जाने की प्रथा आज तक बरकरार है। नवद्वीप, बंगाल से आए महिला भजन कीर्तन गायक के साथ बाबुल गाने का कलाकारों द्वारा संगीत प्रस्तुत किए गए। इधर महोत्सव में काफी संख्या में बंगाली समुदाय की महिलाएं रंग-बिरंगे परिधानों से लैस होकर इस पूजा महोत्सव को भव्य रूप दिए।

# वॉलीबॉल खिलाड़ी को अपराधियों ने मारी गोली

## पुलिस कर रही मामले की जांच

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** नगर थाना क्षेत्र के मीरगंज स्थित ममता होटल के समीप मेन बाजार में सोमवार को दिनदहाड़े अपराधियों ने एक वॉलीबॉल खिलाड़ी को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस घटना के बाद इलाके में दहशत और आक्रोश का माहौल बना हुआ है। घायल खिलाड़ी की पहचान मंझौल पंचायत-3, पुरवारी टोल निवासी अंजय सिंह के पुत्र गोविंद कुमार के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि गोविंद कुमार अपने गांव से मोटरसाइकिल पर सवार होकर किसी काम से बेगूसराय मेन बाजार आ रहा था। इसी दौरान पहले से घात लगाए अपराधियों ने ममता होटल के पास उसे घेर लिया और ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। अपराधियों द्वारा की गई गोलीबारी में गोविंद कुमार को दो गोलियां लगीं, जिससे वह मौके पर ही बेहोश होकर सड़क पर गिर पड़ा। वारदात को अंजाम देने के बाद अपराधी हथियार लहराते हुए फरार हो गए। गोलीबारी के बाद बाजार में अफरा-तफरी मच गई और कुछ देर के लिए भगदड़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायल खिलाड़ी को आनन-फानन में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। घटनास्थल से पुलिस ने एक जिंदा कारतूस भी बरामद किया है। वहीं घटना की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लैब) की टीम मौके पर पहुंचकर साक्ष्यों का संकलन किया है। सदर डीएसपी आनंद कुमार पांडे भी घटनास्थल पर पहुंचकर पूरे मामले की जांच-पड़ताल में जुट गए हैं। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और अपराधियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। इधर एसपी मनीष स्वयं पूरे घटनाक्रम की मॉनिटरिंग कर रहे हैं और यह पता लगाने में जुटे हैं कि आखिर किन वजहों से बदमाशों ने खिलाड़ी को निशाना बनाया। घटना के सभी पहलुओं—व्यक्तिगत रंजिश, आपराधिक पृष्ठभूमि या अन्य कारणों को ध्यान में रखते हुए गहन जांच की जा रही है।

# जिले में हरित खाद के निर्माण एवं उपयोग को मिलेगा बढ़ावा

## जिले के सभी 217 पंचायतों में 2780 किसान दीदियों द्वारा किया जा रहा हरित खाद का निर्माण, विपणन एवं उपयोग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बेगूसराय।** समाहरणालय स्थित कारगिल विजय सभागार में सोमवार को आयोजित बैठक में हरित खाद के उत्पादन, उसके उपयोग को प्रोत्साहित करने तथा किसानों के बीच व्यापक जागरूकता फैलाने के उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई। जिले में हरित खाद के निर्माण एवं उसके प्रभावी उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सोमवार को समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने की। बैठक में जीविका के जिला परियोजना प्रबंधक अविनाश कुमार ने हरित खाद उत्पादन, विपणन एवं उपयोग से संबंधित प्रगति की जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में जिले के सभी 217 पंचायतों में 2780 किसान दीदियों द्वारा हरित खाद का निर्माण, विपणन एवं उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अब तक 5253 मीट्रिक टन हरित खाद का उत्पादन किया जा चुका है, जिसमें से 5010 मीट्रिक टन का उपयोग भी किया गया है। बैठक का विषय प्रवेश जीविकोपार्जन विशेषज्ञ ओम कश्यप द्वारा कराया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में युद्ध एवं अन्य कारणों से उर्वरकों की उपलब्धता को देखते हुए हरित खाद एक महत्वपूर्ण और टिकाऊ विकल्प के रूप में सामने आता है। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते हरित खाद के निर्माण एवं उपयोग को व्यापक स्तर पर बढ़ावा दिया जाए, तो उर्वरक की संभावित कमी की स्थिति से काफी हद तक निपटा जा सकता है। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि जीविका दीदियों के माध्यम से गांव-गांव में हरित खाद के निर्माण एवं उपयोग को बढ़ावा दिया जाए। जिससे रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम हो और पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिले एवं इसमें लागत भी न के बराबर है। साथ ही उन्होंने हरित खाद निर्माण में संलग्न जीविका दीदियों की संख्या बढ़ाने तथा इसके लिए आवश्यक कच्चे माल की उपलब्धता हर स्तर पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि निर्धारित लक्ष्य समय पर प्राप्त किया जा सके। बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी ने मनरेगा के तहत जीविका दीदियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि जीविका दीदियों द्वारा योजनाओं का प्रस्ताव तैयार कराया जाए, जिसमें विशेष रूप से गाय शेड और बकरी शेड जैसी योजनाओं को प्राथमिकता दी जाए। ताकि ग्रामीण आजीविका को और अधिक सुदृढ़ किया जा सके। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी, सहायक निदेशक उद्यान, सहायक निदेशक रसायन (मिट्टी जांच प्रयोगशाला), सभी अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, सभी प्रखंड कृषि पदाधिकारी, सभी प्रखंड परियोजना प्रबंधक तथा जीविका के जिलास्तरीय विषयगत प्रबंधक सहित अन्य प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी वीसी के माध्यम से भाग किया।

# दीक्षांत समारोह में गूंजा मेरा विद्यालय मेरी प्रतिष्ठा

## केडीएस फाउंडेशन ने विद्यालय को दिया कंप्यूटर, छात्रों को मिली डिजिटल उड़ान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बेगूसराय।** मटिहानी प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय नयागांव सिंहपुर में सोमवार को दीक्षांत सह उद्घाटन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर मेरा विद्यालय मेरी प्रतिष्ठा के संकल्प से गूंज उठा। कार्यक्रम के दौरान केडीएस हेमरा (बेगूसराय) के सौजन्य से स्थापित आधुनिक कंप्यूटर लैब का विधिवत उद्घाटन किया गया, जो छात्रों के तकनीकी विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। समारोह का शुभारंभ पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके बाद शैक्षणिक सत्र के सफल समापन के उपलक्ष्य में आयोजित दीक्षांत समारोह में छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। विद्यालय परिसर में लगे प्रेरणादायक स्लोगन मेरा विद्यालय. मेरी प्रतिष्ठा ने बच्चों के भीतर अनुशासन, जिम्मेदारी और अपने विद्यालय के प्रति गर्व की भावना को और प्रबल किया।कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने रंगारंग सांस्तिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। गीत, नृत्य और नाटक के माध्यम से बच्चों की प्रतिभा खुलकर सामने आई। जिससे पूरा माहौल उत्साह और उमंग से सराबोर हो गया। इस अवसर पर उद्घाटनकर्ता सह फाउंडेशन के निदेशक एवं आईएमए सचिव डा. पंकज कुमार सिंह की माता अहिल्या देवी को विद्यालय परिवार द्वारा शल, फूलमाला एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह का मुख्य आकर्षण रहा। इस अवसर पर विद्यालय के हेडमास्टर राजीव कुमार सहित शिक्षकगण साकेत सुमन, श्रीराम पोद्दार, प्रीतम भारद्वाज, रिक्की कुमार तथा शिक्षिकाएं संयोगिता कुमारी, कांता कुमारी, कुमारी पूनम, जयमाला कुमारी, रौशनी कुमारी, अमीषा कुमारी, नेहा कुमारी, विंदा कुमारी एवं मरियम खातून भी कार्यक्रम में सक्रिय रूप से उपस्थित थे।

## इआरएमसी के केंद्रीय सहायक संगठन सचिव बने मनोज

**जमालपुर (मुंगेर) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** इस्टर्न रेलवे मेंस कांग्रेस के 29वें वार्षिक अधिवेशन में जमालपुर के मनोज कुमार को सर्वसम्मति से लगातार दूसरी बार केंद्रीय सहायक संगठन सचिव चुना गया। इस उपलब्धि के बाद रविवार देर शाम उनके जमालपुर पहुंचने पर यूनियन नेताओं और रेल कर्मचारियों ने फूल-मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर मनोज कुमार ने यूनियन के प्रेसिडेंट विनोद शर्मा के प्रति आभार जताते हुए कहा कि दोबारा भरोसा जताया जाना, उनके लिए गर्व का विषय है। उन्होंने इसे जमालपुर रेल कारखाना के लिए सम्मानजनक क्षण बताया। साथ ही वर्किंग प्रेसिडेंट बी.सी. शर्मा का धन्यवाद करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक सशक्त होगा।

# डेढ़ घंटे का ब्लॉक लगाकर किया गया पटरी मेंटेनेंस का कार्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**जमालपुर (मुंगेर)।** जमालपुर भागलपुर रेल खंड के रेलवे बड़ी पुल के नीचे डेढ़ घंटे का ब्लॉक लगाकर पटरी मेंटेनेंस का सावधानी पूर्वक करते कर्मचारी देखे गए। डाउन लाइन पर लगभग डेढ़ घंटे तक लगाए गए ब्लॉक के कारण परिचालन का खास ख्याल रखा गया। ब्लॉक के दौरान रेल खंड पर पटरी मरम्मत का कार्य रेलवे के बुनियादी ढांचे की सुरक्षा और ट्रेनों के सुचारू संचालन के लिए एक नियमित रूप से समय-समय पर किया जाता है। रेल खंड पर लगने वाले ब्लॉक के दौरान आमतौर पर ट्रेन का परिचालन रोक दिया जाता है पर इस तरह के मेंटेनेंस कार्य को लेकर ट्रेन का परिचालन प्रभावित न हो इसको लेकर खास ख्याल रखा जाता है। पटरी की मजबूती रेलवे ट्रैक मेंटेनर रोजाना की जांच के आधार पर ढीली पटरियों, स्लीपरों और फिशप्लेट की मरम्मत को लेकर एक रूटीन की प्रक्रिया है जिस नजर अंदाज नहीं किया जा सकता है। इधर ब्लॉक के बारे में स्टेशन प्रबंधक दीपक कुमार ने बताया कि यह कार्य सुनिश्चित करता है कि रेल ट्रैक पर भारी भार और कंपन के कारण होने वाली टूट-फूट को ठीक किया जा सके जिससे ट्रेन दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

# जीविका के कार्यों को डीएम ने सराहा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**मुंगेर।** जिले के संग्रहालय भवन में आज जीविका के तत्वावधान में ज्ञान प्रबंधन एवं संचार विषय पर जिलास्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पाणीकर, पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद एवं जिला परियोजना प्रबंधक अमित कुमार द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि प्रभावी लेखन और संचार समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि जीविका द्वारा किए जा रहे सराहनीय कार्यों को व्यापक स्तर पर प्रसारित कर अधिक से अधिक लोगों को जागरूक किया जा सकता है। उन्होंने प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे अपने अनुभवों और सफलताओं को समाज के सामने लाने में सक्रिय भूमिका निभाएं, ताकि और लोग भी इससे लाभान्वित हो सके। कार्यक्रम के दौरान जिले के 12 संकुल संघ, जिनका को-ऑपरेटिव सोसाइटी के तहत पंजीकरण हुआ है, उन्हें जिलाधिकारी के हाथों प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस दौरान संकुल संघ से जुड़ी दीदियों ने उत्साहपूर्वक प्रमाण पत्र प्राप्त किए। जिला परियोजना प्रबंधक अमित कुमार ने कहा कि मुंगेर बिहार का ऐसा जिला बन चुका है जहाँ सभी संकुल संघों का को-ऑपरेटिव सोसाइटी के अंतर्गत पंजीकरण पूर्ण हो चुका है। उन्होंने कहा कि आगे इन समूहों को स्वरोजगार एवं आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने संचार के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि प्रभावी संचार के माध्यम से योजनाओं और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुँचाया जा सकता है, जिससे जागरूकता और भागीदारी दोनों में वृद्धि होती है। कार्यक्रम की शुरुआत में प्रबंधक संचार रवि कुमार ने उपस्थित मीडिया प्रतिनिधियों एवं विभिन्न प्रखंडों से आए जीविका कर्मियों का स्वागत किया। उन्होंने जीविका के अंतर्गत संचालित संचार गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किस प्रकार ग्रामीण स्तर पर किए जा रहे कार्यों को प्रभावी संचार माध्यमों के जरिए आमजन तक पहुँचाया जा रहा है। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि बेहतर संचार कौशल के माध्यम से इन प्रयासों को और अधिक व्यापक बनाया जा सकता है। कार्यशाला में उपस्थित मीडिया कर्मियों ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई। उन्होंने प्रतिभागियों को लेखन शैली एवं संचार कौशल के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया गया कि किस प्रकार सरल, प्रभावी एवं तथ्यपूर्ण लेखन के माध्यम से बेहतर समाचार और प्रेरणादायक सफलता की कहानियाँ तैयार की जा सकती हैं। कार्यशाला में जिले भर से आए जीविका कर्मियों एवं मीडिया प्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी रही।

# सरस्वती विद्या मंदिर, दौलतपुर में धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमालपुर (मुंगेर)।** सरस्वती विद्या मंदिर, दौलतपुर, जमालपुर में आज संघ शताब्दी वर्ष को समर्पित वार्षिकोत्सव ‟सृजन" भव्यता के साथ आयोजित हुआ। विद्यालय परिसर सांस्कृतिक उमंग से गूंज उठा, जहां छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसमें सम्मानित अतिथियों ने दीप जलाकर माँ सरस्वती के आशीर्वाद से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद वंदना और प्रधानाचार्य छठु साह द्वारा अतिथि परिचय प्रस्तुत किया गया। बहन मोहिता और सिमरन द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत गाया। मुख्य अतिथि सहायक थाना प्रभारी, जमालपुर सत्तो पासवान ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को अनुशासन, देशभक्ति और नैतिक मूल्यों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यार्थियों में छिपी प्रतिभा को निखारने के साथ-साथ उन्हें संस्कारवान नागरिक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। छात्राओं के मनमोहक प्रस्तुतियों ने अभिभावकों का भरपूर मनोरंजन किया। वाटिका खंड के छात्र-छात्राओं रौनक़ अर्पिता, नव्या, सुयांश, दक्ष, पार्थ झा, मान्या, अंकुर, यक्षित द्वारा शिशु मंदिर योजना के 12 आयाम वाले समूह नृत्य, फ़ास्ट फ़ूड एक्ट मे प्रिंस, जीवा, आसना, वैष्णवी, आस्था, आरोही तिरिशा ने प्रस्तुति दी। महाभारत की द्रौपदी चीर हरण पर आधारित सामूहिक नृत्य शिवांगी, प्रगति, दिव्यांशी, अंकिता, पीहू, आयशा, सुप्रिया ने प्रस्तुति की।योग नृत्य, पर्यावरण संरक्षण नृत्य मे आराध्या, अनिका, रेयांशी, आरव, साकेत, वैभव शर्मा, सोनाक्षी ने पर्यावरण जागरूकता मे भाग लिया और इन जैसी प्रस्तुतियों ने संस्कृति, पर्यावरण जागरूकता और योग की महत्ता को जीवंत रूप में प्रस्तुत रानी, समीक्षा, आंसु, मन्नू, रक्षा, सृष्टि, रिया, पीहू ने किया। विद्या मंदिर की ओर से प्रस्तुत नाटक समरसता ने सामाजिक सद्भाव और एकता का संदेश दिया, इस प्रस्तुति मे भैया आयुष, सुमंत, आर्यन, प्रिंस, समक्ष ने भाग लिया।मौके पर विशिष्ट अतिथि विद्या भारती के अखिल भारतीय मंत्री प्रो. कमल किशोर सिन्हा, जिला निरीक्षक वीरेन्द्र कुमार ने विद्यालय की प्रगति की प्रशंसा की और छात्रों को भविष्य के लिए प्रेरित किया। इस दौरान प्रधानाचार्या किरण कुमारी, उप-प्रधानाचार्य संतोष कुमार, अध्यक्ष डा. बच्चन सिंह, उपाध्यक्ष रतन घोष, सचिव चंद्रशेखर खेतान, कोषाध्यक्ष सुधीर सिंह, विभाग प्रचारक देवेन्द्र कुमार, शैल कुमारी, सुप्रिया सुमन, लक्ष्मी, खुशबु कुमारी, पूनम कान्ति, सीमा सिंह, श्वेता गुप्ता, शर्मीली बाला, पियूष कुमार, संजय ठाकुर, हरे कृष्ण नारायण, विवेक कुमार, विनोद सिंह, विपिन चौधरी, उदय कुमार, कमल किशोर और नगर के विभिन्न शिशु विद्या मंदिरों के प्रधानाचार्य उपस्थित थे।

# जिला नियोजनालय ने किया टूल किट का वितरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** जिला नियोजनालय द्वारा राज्य के बेरोजगार युवाओं को नियोजन सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सोमवार को जिला नियोजनालय परिसर में टूल किट वितरण किया गया। युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के अंतर्गत इस कार्यक्रम के तहत जिला नियोजनालय में निबंधित तथा मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थानों से प्रशिक्षित कुल 21 अभ्यर्थियों को उनके संबंधित ट्रेड के अनुसार स्वरोजगार हेतु निःशुल्क टूल किट उपलब्ध कराई गई। लाभार्थियों में इलेक्ट्रीशियन ट्रेड के 11, फिटर के 2, सेल फोन रिपेयर के 2, फील्ड तकनीशियन के 2, इलेक्ट्रनिक्स हार्डवेयर के 1, जनरल ड्यूटी असिस्टेंट (नर्सिंग) के 2 तथा ब्यूटिशियन ट्रेड के 1 अभ्यर्थी शामिल रहे। कार्यक्रम में टूल किट का वितरण जिला नियोजन पदाधिकारी, बेगूसराय एवं कार्यालय के अन्य कर्मियों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लाभार्थियों को संबोधित करते हुए जिला नियोजन पदाधिकारी ने कहा कि टूल किट योजना आर्थिक रूप से कमजोर बेरोजगार युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

# प्रतिमा विसर्जन के दौरान जमकर हुई मारपीट, कई घायल

## एसडीपीओ की पहल पर मामला शांत, घायलों का किया गया इलाज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमालपुर (मुंगेर)।** चैती दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान जुबली बेल चौक पर आपसी विवाद को लेकर जमकर मारपीट हुई जिसमें एक युवक बुरी तरह घायल हुआ है जिसका उपचार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जमालपुर में कराया गया। प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुई मारपीट को लेकर बढ़ते तनाव को तो एसडीपीओ अभिषेक आनंद के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत आ गया। मारपीट के घटना में घायल हुए मंगरौरा टेढ़ी गली निवासी रवि कुमार ने बताया कि हरिओम क्लिनिक पटना में काम कर हम ट्रेन से उतरकर अपने घर जा रहे थे। जुबली बेल चौक पर जैसे ही पहुंचे तो वहां प्रतिमा विसर्जन को लेकर भीड़ भार था। लोग विसर्जन में लोग झूम रहे थे इसी बीच एक लड़का हमसे टकरा गया जो शराब के नशे में था। हमने सिर्फ इतना ही बोला कि भाई ठीक से झूमो इतना ही बोलते ही कई लोग मिलकर मेरी पिटाई कर दिए भला हो एसडीपीओ साहब का मौके पर पहुंचकर मामले को शांत करते हुए मेरा उपचार करने की दिशा में पल भी किया। इधर घटना को लेकर घायल ने कार्रवाई को लेकर जमालपुर थाने में सुमित कुमार,पप्पू ताती,बुचो ताती सहित अन्य के विरुद्ध प्राथमिक की दर्ज करने को लेकर लिखित आवेदन दिए हैं।

# बारात लगाने के दौरान हर्ष फायरिंग में दो जख्मी

## गड़हनी थाना क्षेत्र के रत्नाढ़ गांव में रविवार की देर रात घटी घटना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा/गड़हनी (भोजपुर)।** जिले के गड़हनी थाना क्षेत्र के रत्नाढ़ गांव में रविवार की देर रात दरवाजे बारात लगाने के दौरान हर्ष फायरिंग हुई। इस दौरान गोली लगने से दो बाराती जख्मी हो गए। आनन-फानन में उन्हें इलाज के लिए आरा शहर के महावीर टोला स्थित मेडिकॉन अस्पताल लाया गया जहां उनका इलाज कराया जा रहा है। घटना को लेकर गांव में आसपास की इलाके में सनसनी मच गई। बाराती एवं सरातियों के बीच भगदड़ मच गई। सूचना मिलते ही गड़हनी थानाध्यक्ष कमलजीत पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन में जुट गए है, जानकारी के अनुसार जख्मियों में रोहतास जिले के नासरीगंज थाना क्षेत्र के पोखराहा गांव निवासी मो. समीर आलम के 11 वर्षीय पुत्र मो. मजहर अंसारी एवं उसी थाना क्षेत्र के अमिआंव का निवासी इसराइल अंसारी का 34 वर्षीय पुत्र मो. जहांगीर शामिल है। जख्मी मो. जहांगीर को बाएं पैर के जांघ एवं मो. मजहर अंसारी को बाएं हाथ में गोली लगी है। इधर, मो. जहांगीर ने बताया कि रोहतास जिले के नासरीगंज थाना क्षेत्र के पोखराहा गांव निवासी मो. खैरूद्दीन के बेटे इफ्तेखार आलम का बारात गड़हनी क्षेत्र के रत्नाढ़ गांव निवासी अब्दुल कलाम के घर आया था। समियाना में आने के बाद जब दरवाजा लग रहा था। तभी उसी गांव के कुछ लोगों द्वारा हर्ष फायरिंग कर दी गई। फायरिंग के दौरान उन्हें एवं मो. मजहर अंसारी को गोली लग गई। जिससे दोनों जख्मी हो गए। वहीं दूसरी तरफ रत्नाढ़ गांव निवासी लड़की के पिता अब्दुल कलाम द्वारा गांव के अशोक पासवान के पुत्र मुन्ना पासवान के खिलाफ बारात में हर्ष फायरिंग करने का आरोप लगाते हुए नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। वहीं इस मामले में गड़हनी थानाध्यक्ष कमलजीत ने बताया कि लड़की के पिता अब्दुल कलाम द्वारा रत्नाढ़ गांव निवासी अशोक पासवान के पुत्र मुन्ना पासवान के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस आरोपित की गिरफ्तारी को लेकर लगातार छापेमारी कर रही है। जख्मी का इलाज कर रहे आँखों सर्जन डॉ. सौरभ ने बताया की गोली से जख्मी हालत में एक युवक एवं एक बच्चा आया था, जिसमें युवक को बाएं पैर में जांघ एवं बच्चे को बाएं हाथ में गोली लगी थी। ऑपरेशन पर दोनों का बुलेट निकाल दिया गया है और डैमेज पार्ट्स को रिपेयर कर दिया गया है।

# भगवान महावीर जन्मकल्याणक पर निकाली गई शोभायात्रा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**आरा (भोजपुर)।** भगवान महावीर मार्ग स्थित श्री दिगंबर जैन शांतिनाथ मंदिर प्रांगण में आयोजित त्रिदिवसीय महोत्सव के क्रम में सोमवार को शांतिनाथ परिसर से गाजे-बाजे के साथ भगवान महावीर स्वामी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। प्रातः समय में युवाओं के द्वारा प्रभातफ़ेरी निकाली गई, जिसमें बच्चों एवं युवा हाथों में जैन पचरंगा ध्वज लिए हुए थे। भगवान महावीर का अमर संदेश जियो और जीने दो .. इत्यादि जयकारा लगाते हुए जैन समाज के घर-घर पहुंचे वहां लोगों को जैन ध्वज एवं मिष्ठान वितरण किए। मीडिया प्रभारी निलेश कुमार जैन ने बताया कि जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर के जन्म कल्याणक के अवसर पर आरा स्थित सभी जैन मंदिरों में भव्य अभिषेक, पूजन संपन्न हुआ तत्पश्चात श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर परिसर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में सौभाग्यशाली पात्रों के द्वारा भगवान महावीर को रथ पर विराजमान कर शोभायात्रा घोड़ा, ऊंट, बैंड-बाजा के साथ निकला। रथ पर श्रीजी को लेकर सौधर्म इंद्र-इंद्राणी सुभद्रा-उमेंद्र जैन, श्रीजी विराजमानकर्ता सुगम-रविन्द्र जैन रथ पर सवार थे। शोभायात्रा में जैन भजन के अनेकों भक्ति गीत पर भक्तगण नाचते झूमते दिखें। शोभायात्रा में आरा मेयर इंदु देवी, वार्ड पार्षद, समाजसेवी विभिन्न विद्यालय के छात्र-छात्राएं एवं भक्तगण शामिल थे। अनेकों समाज सेवकों के द्वारा पूरे रास्ते में भक्तों के लिए शीतल पेय, कोल्ड ड्रिंक्स, फल, नमकीन एवं मिष्ठान वितरण का व्यवस्था किया गया था। शोभायात्रा शांतिनाथ मंदिर से निकलकर गोपाली चौक, जेल रोड, हॉस्पिटल रोड, बड़ी मठिया, महादेवा रोड, चित्रटोली रोड होते हुए जैन स्कूल पहुंचीं। महोत्सव में समिति के कमलेश कुमार जैन, डॉ. आदित्य जैन, डॉ. विकास जैन, रमेश जैन, श्वेता जैन, शशांक जैन, वैभव जैन, डॉ. जया जैन, आकाश जैन, रौशन जैन, धीरेन्द्र जैन, अजय जैन, मृगांक जैन, ओंकार अग्रवाल,अमन जैन, सिद्धांत जैन, जूही जैन, रश्मि जैन, वार्ड पार्षद रेखा जैन के साथ सैकड़ों की संख्या में भक्तगण शामिल थे।

## डीएम ने जनता दरबार में 44 आवेदकों की सुनीं समस्याएं

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया के द्वारा सोमवार को ईज ऑफ लिविंग के तहत जिला जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 44 लोगों की समस्याओं को जिला पदाधिकारी द्वारा गंभीरता से सुना गया। जिला पदाधिकारी ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त सभी आवेदनों का शीघ्र, पारदर्शी एवं अविलंब निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध समाधान हो सके।

# अंकिता कुमारी ने मैट्रिक में लहराया परचम, 95.8 प्रतिशत अंक लाकर बढ़ाया क्षेत्र का मान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बिहिया (भोजपुर)।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा जारी मैट्रिक परीक्षा परिणाम में इस वर्ष भी छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सफलता का परचम लहराया है। राज्य के शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने परिणाम की घोषणा की, जिसमें कुल 81.79 प्रतिशत विद्यार्थी सफल घोषित किए गए। इस वर्ष 12 लाख 35 हजार 743 छात्रों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है। खास बात यह रही कि छात्राओं का सफलता प्रतिशत छात्रों की तुलना में अधिक रहा। टॉप-10 सूची में 126 विद्यार्थी शामिल हुए, जबकि टॉप-5 में 13 छात्रों ने जगह बनाई। इसी कड़ी में भोजपुर जिले के बिहिया प्रखंड स्थित निर्मला शिक्षा भवन, शाहपुर की छात्रा अंकिता कुमारी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अंकिता ने कुल 479 अंक (95.8 प्रतिशत) प्राप्त कर न केवल अपने विद्यालय, बल्कि अपने परिवार और गांव का गौरव बढ़ाया है। उनकी इस सफलता से पूरे इलाके में खुशी का माहौल है। अंकिता कुमारी गौडाढ़ गांव निवासी अजीत कुमार शर्मा की पुत्री हैं। उन्होंने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों और नियमित पढ़ाई को दिया है। साथ ही वह शाहपुर स्थित एसएस आर्ट कोचिंग सेंटर की भी छात्रा हैं, जहां से उन्हें विशेष मार्गदर्शन मिला। अंकिता की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार, कोचिंग संस्थान और स्थानीय लोगों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। एसएस आर्ट कोचिंग सेंटर के शिक्षकों ने बताया कि अंकिता शुरू से ही मेहनती और अनुशासित छात्रा रही हैं। उसकी सफलता अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। परिजनों ने बताया कि अंकिता आगे चलकर उच्च शिक्षा प्राप्त कर देश की सेवा करना चाहती हैं। उनकी इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र को गर्व महसूस हो रहा है।

# गंगा स्वच्छता पखवारा के तहत जल संरक्षण जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा (भोजपुर)।** गंगा स्वच्छता पखवाड़ा 2026 के तहत जिला गंगा समिति भोजपुर द्वारा जल संरक्षण विषय पर एक महत्वपूर्ण जागरूकता सम्मेलन का आयोजन महाराजा कॉलेज, आरा में किया गया। यह कार्यक्रम 16 मार्च से 30 मार्च 2026 तक चल रहे जागरूकता अभियान का हिस्सा था, जिसका उद्देश्य किशोर-किशोरियों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करना है। इस संगोष्ठी का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के संयुक्त उद्यम में किया गया, जिसमें सैकड़ों छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने अपने-अपने स्तर पर जल संरक्षण के लिए छोटे-छोटे कदम उठाने का संकल्प लिया, ताकि भविष्य में जल संकट को कम किया जा सके। राष्ट्रीय सेवा योजना महाविद्यालय महाविद्यालय एवं कार्यक्रम का नेतृत्व राष्ट्रीय सेवा योजना महाविद्यालय महाविद्यालय के कार्यक्रम का नेतृत्व किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय की कार्यशाला प्रो. डॉ. कनक लता, जिला परियोजना समन्वयक अमित कुमार सिंह, जिला समन्वयक प्रयोगशाला आनंद मिशन (ग्रामीण) भोजपुर रंजय एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम को संयुक्त रूप से प्रस्तुत किया गया है। इस अवसर पर कॉलेज के अन्य शिक्षकगण एवं मूर्तियाँ भी उपस्थित रहें। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में अमित कुमार सिंह ने स्वतंत्रता एवं नदी पुनर्जीवन के महत्व पर विस्तार से अपने विचार प्रस्तुत किये। कार्यक्रम के सफल संचालन में नीतीश कुमार सिंह, बिट्टू कुमार, सुमंत कुमारी कुमारी, सुधांशु, मुस्कानदीपिका कुमारी सहित अन्य स्वयंसेवक एवं एनएसएस के छात्र-छात्राओं की भूमिका रही। इस सिद्धांत का मुख्य उद्देश्य किशोरों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करना और उन्हें अपने दैनिक जीवन में जल संकट के लिए प्रेरित करना था। इस प्रकार का प्रयास न केवल पर्यावरण संरक्षण में सहायक होगा, बल्कि आने वाली जल आपूर्ति को सुरक्षित बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## एक नजर

### महिला फुटबॉल टूर्नामेंट सम्पन्न

**आरा (भोजपुर) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शहर के वीर कुंवर सिंह स्टेडियम में आयोजित एक दिवसीय महिला फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया जिसमें बिहार के सिवान और झारखंड के राँची की टीम ने भाग लिया जिसमें सीवान की टीम चैम्पियन बनी। मैच शुरू होते ही दोनों टीम के खिलाड़ी एक दूसरे के गोलपोस्ट पर ताबड़तोड़ हमला करना शुरू कर दिया। मैच के 25वें मिनट में राँची टीम के जर्सी नंबर 10 गोल्डी ने गोल कर अपने टीम को बढ़त दिला दी लेकिन मैच 70 मिनट पर सिवान की जर्सी नंबर 9 ने एक सुन्दर गोल कर स्कोर को बराबरी पर ला दिया जो कि अंत तक बरकार रहा। अंत में ट्राई ब्रेकर हुआ और उसमें सिवान की टीम ने बाजी मारी और खुद को चैम्पियन बनाया दिया। मैच में निर्णायक की भूमिका में राजकुमार, नंद गोपाल, सुनील कुमार और रवि रंजन ने थे। अंत में प्रयास एक कोशिश बदलाव के संस्थापक कुमार मंगलम ने कहा कि इस तरह का आयोजन सामुदायिक एकता और स्थानीय प्रतिभाओं को मंच देना, क्षेत्र में खेल संस्कृति को बढ़ावा एक मात्र लक्ष्य था मैच सुरु होने से पूर्व मुख्य अतिथि सामजिक नेता गुड्डू सिंह बाबुवान ने विधिवत्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच आरंभ किया। मौके पर उपस्थित समाजसेवी ऋतुराज चौधरी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विभाग संयोजक समाजसेवी रवीश कुमार शिक्षक आनंद मोहन प्रताप सिंह समाजसेवी विकास सिंह छोटू सिंह सहयोगी के रूप में उत्सव राठौर, अभिमन्यु कुमार, मणि कुमार, मृत्युंजय कुमार, रघुराज तिवारी, विकास कुमार राय, शिवम कुमार,यश कुमार, रोहन कुमार के साथ साथ हजारों की संख्या में खेल प्रेमी दर्शक मौजूद थे।

### एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**चरपोखरी (भोजपुर) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र के उच्च माध्यमिक विद्यालय नगरी में सोमवार को नवनिर्मित भवन का उद्घाटन सह एक दिवसीय कार्यशाला का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अगिआंव विधायक महेश पासवान ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व प्रभारी चितरंजन कुमार एवं मो. कमालुद्दीन ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान विधायक ने शिक्षा के क्षेत्र में एनडीए सरकार की उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा करते हुए छात्रों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अविनाश कुमार ने विद्यालय से जुड़ी विभिन्न समस्याओं और आवश्यकताओं को विधायक के समक्ष रखा। उन्होंने विद्यालय परिसर में मिट्टी भराव व पक्कीकरण, खेल मैदान की चारदीवारी निर्माण, मुख्य द्वार का निर्माण तथा मध्य विद्यालय सारोपुर से उच्च माध्यमिक विद्यालय नगरी तक संपर्क मार्ग बनवाने की मांग की। विधायक महेश पासवान ने इन सभी मांगों को जल्द पूरा कराने का आश्वासन दिया। कार्यशाला के दौरान माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। वहीं नोडल शिक्षक आदर्श कुमार पांडे ने साइबर सुरक्षा और करियर मार्गदर्शन विषय पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस मौके पर सीआरसी अंतर्गत सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, शिक्षक एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### कार्य पूरा नहीं होने पर ग्रामीणों ने किया विरोध

**अमदाबाद/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र के अब्बास चौक से बैद्यनाथपुर होते हुए कादीर टोला तक मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना के तहत बन रही सड़क का निर्माण कार्य अधूरा छोड़ दिए जाने पर स्थानीय ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। संवेदक द्वारा काम बंद कर दिए जाने के विरोध में ग्रामीण सड़क पर उतर आए और जेई, एसडीओ तथा संवेदक के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। उक्त स्थल पर लगे सूचना पट पर सड़क का निर्माण कार्य 16 अप्रैल 2021 को शुरू किया गया था। जिसकी निर्धारित समाप्ति तिथि 16 अप्रैल 2022 थी। ग्रामीणों के मुताबिक अब तक सड़क पर केवल मिट्टी डालकर हल्का-फुल्का काम किया गया है। जबकि चार साल में पक्कीकरण का कार्य पूरी तरह अधूरा है।जिससे लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों में मो. मोफज्जल, समीर,सनजुर, रब्बानी, अकबर, शहनावाज, मुस्तकीम, हबीब, फहीम, परवेज, मुजम्मिल, अजाबुल, इमाम, सरफराज, तस्लीम आदि ने बताया कि संवेदक पिछले चार वर्षों में भी निर्माण कार्य पूरा नहीं कर सका और बीच में ही काम छोड़कर चला गया। इस संबंध में ग्रामीणों ने बीडीओ, एसडीओ मनिहारी तथा कटिहार डीएम को आवेदन देकर निर्माण कार्य की जांच कराते हुए इसे शीघ्र पूर्ण कराने की मांग की है।

### वनटाइम सेटलमेंट में नौ करोड़ की वसूली

**कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नगर निगम क्षेत्र में रहने वाले लोगों के लिए आज होल्डिंग टैक्स देने वालो के लिए छुट का आखिरी दिन है। आज तक बिना ब्याज का बकाया होल्डिंग टैक्स जमा कर सकते हैं। नगर आयुक्त संतोष कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना का आज तक जनता उठा सकते हैं। शहर के के 35574 में से अबतक 27303 बकायादार ने योजना का फायदा उठाया है। जबकि 8271 लोगों ने टैक्स जमा नही किया है। यह आकड़ा बिजली कनेक्शन पर आधारित है। उन्होंने कहा कि शहर के विकास के लिए जनता का सहयोग जरूरी है। विभाग की ओर से जनता के लिए जो भी योजना निकाला गया है। उसका फायदा जरूर जनता को मिलना चाहिए। बिना ब्याज दिये मुलधन बकाया टैक्स जमाकर आदर्श नागरिक का परिचय दे । निगम आपके विकास के लिए सदैव तत्पर है। उन्होंने कहा कि वनटाईम सेटलमेंट में नगर निगम की ओर से 9 करोड़ 83 लाख का हुआ वसूली हुआ है। निगमायुक्त ने कहा कि छुट्टी के दिन भी आज निगम कार्यालय का काउंटर खुला हुआ है और डोर टू डोर भी निगम कर्मी योजना का लाभ देने के लिए पहुंच रहे हैं।

# मैट्रिक परीक्षा में फेल छात्रा ने खुदकुशी का किया प्रयास

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा/संदेश (भोजपुर)।** जिले के संदेश थाना क्षेत्र के काजीचक गांव में सोमवार की सुबह मैट्रिक परीक्षा में फ़ेल होने पर एक छात्रा ने गले में फांसी लगाकर खुद्कुशी का असफल प्रयास किया। गंभीर हालत में छात्रा को इलाज के लिए संदेश रेफरल अस्पताल से सदर अस्पताल लाया गया। जहां से उसे चिंताजनक हालत में पटना रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार उक्त छात्रा संदेश थाना क्षेत्र के काजीचक गांव निवासी कमलेश प्रसाद की 17 वर्षीया पुत्री चंचल कुमारी है। इधर छात्रा के बड़े पिता राज बिहारी प्रसाद ने बताया कि रविवार मैट्रिक का रिजल्ट आया था। एक विषय में क्रॉस लगने के कारण वह फ़ेल हो गई थी। उसी को लेकर वह रविवार से ही तनाव में थी। सोमवार की सुबह वह अपने कमरे में पंखे की कुंडी से गले में फांसी लगाकर खुद्कुशी करने का प्रयास कर रही थी। तभी उसकी छोटी बहन ने देख लिया और हो-हल्ला करने लगी। तब परिजन कमरे में पहुंचे और उसे नीचे उतार गंभीर हालत में इलाज के लिए संदेश रेफरल अस्पताल से सदर अस्पताल ले आएं। जहां से उसे पटना रेफर कर दिया गया।

# योगेंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रेनिंग में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**आरा (भोजपुर)।** अनाईठ में स्थित इंस्टीट्यूट इंस्टीट्यूट ऑफ कोचिंग ट्रेनिंग में विज्ञान प्रदर्शनी (शारीरिक संरचना की विज्ञान प्रदर्शनी) का आयोजन किया गया जिसमें एडोथ (एएनएम) जीएनएम (जीएनएम) और बीएससी (बी.एससी) के बच्चों ने भाग लिया और शरीर के अंगों का नमूना तैयार कर चित्रित किया जिसमें मानव पाचन तंत्र (मानव पाचन तंत्र), मानव हृदय (मानव हृदय), मानव संचार प्रणाली (मानव परिसंचरण) शामिल थे। प्रणाली) गर्भाशय (गर्भाशय), फ़ेफड़ा (फ़ेफड़े), श्वास तंत्र (श्वसन प्रणाली, जैव-चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन (बायोमेडिकल अपशिष्ट प्रबंधन) आदि के आदर्श थे इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य छात्रों को मानव शरीर की संरचना के बारे में बताना और उनके कार्य के बारे में व्यवहारिक ज्ञान प्रदान करना था, शिष्य ने सरल भाषा में सारी नमुनो के समागम किये। प्रदर्शनी के उद्घाटन में मुख्य अतिथि के रूप में कॉलेज के संचालक सरोज कुमार ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों में बच्चों द्वारा व्यावहारिक और प्रायोगिक ज्ञान, आलोचनिक सोच और समस्या समाधान एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण में वृद्धि होती है। यह विद्यार्थियों के लिए सीखने की प्रक्रिया को सिद्ध करता है जिससे उनकी अनुभवात्मक शिक्षा (अनुभवात्मक शिक्षा) सैद्धांतिक दृष्टिकोण (पूछताछ-आधारित शिक्षा) बनती है। अंतः विषय शिक्षा (इंटरडिसिप्लिनरी एजुकेशन) में विद्यार्थियों की संख्या और सामाजिक स्तर में बढ़ोतरी हुई है। कार्यक्रम के सफल आयोजन प्रबंधन सरोजो कुमार के मार्गदर्शन में सभी शिक्षक गण (काव्य राज, अंकिता कुमारी, गौतम कुमार, ममता राज, गुडिया कुमारी) एवं अभैको ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी।

# सहजन इरेक्टाइल डिस्फंक्शन में कारगर : डॉ. सुनील दूबे

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** प्रसिद्ध आयुर्वेदाचार्य, समाजसेवी एवं लंगरटोली स्थित दूबे क्लिनिक के निदेशक, गुप्त एवं यौन रोग विशेषज्ञ डॉ. सुनील कुमार दूबे ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि हमारे किचन में सब्जी के रूप में प्रयोग होने वाला सहजन एक सब्जी ही नहीं, पुरुषों के लिए अत्यंत सेहतमंद माना जाता है। उन्होंने आगे कहा कि पुरूषों के लिए पौष्टिक आहार जरूरी होता है, जिससे शरीर को ताकत मिलती है। सहजन न सिर्फ पौष्टिकता से भरपूर है, बल्कि इसको खाने से कई प्रकार की बीमारियाँ दूर होती है। गुप्त एवं यौन रोगों में भी यह रामबाण है। इसलिये आप अपनी डाइट में सहजन को जरूर जोड़ें । डॉ. दूबे ने बताया कि सहजन को मोरिंगा और मुँगा के नाम से भी जाना जाता है। सहजन में काफी औषधीय गुण मौजूद हैं, इसमें कैल्शियम, पोटाशियम, कॉपर, मैगनेशियम, आयरन एवं जिंक प्रचूर मात्राा में पाया जाता है। इसके खाने से पुरूषों को अंदरूनी रोग नहीं होते हैं। डॉ. दूबे के अनुसार सहजन की पत्तियों एवं बीज में भरपूर मात्राा में एंटी ऑक्सीडेंट पाया जाता है। सहजन शरीर में ब्लड शुगर लेबल को भी नियंत्रित करता है। सहजन उच्च रक्तचाप को नियंत्रित करने में भी सहायक होता है। सहजन के उपयोग से पुरूषों में होने वाली प्रोस्टेट कैंसर की संभावना क्षीण हो जाती है।

डॉ. दूबे ने आगे कहा कि पुरूषों में इरेक्टाईल डिस्पफक्शन का भी यह रामबाण इलाज है।

# पर्यावरण और समाज विषय पर परिचर्चा

## श्री चित्रगुप्त सेवा समिति के वार्षिक सम्मेलन पर हुआ कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**हथुआ (गोपालगंज)।** स्थानीय प्रखंड के बरवां चित्रगुप्त मंदिर परिसर में आयोजित श्री चित्रगुप्त सेवा समिति के 10 वें वार्षिक सम्मेलन सह सम्मान समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री सह विधायक रामसेवक सिंह, साहित्यकार मधुरेश नारायण, कमल किशोर वर्मा, कमल नयन श्रीवास्तव, डॉ ब्रह्मदेव मंडल, नगर परिषद सभापति अनिता देवी, डॉ नीलम श्रीवास्तव, समिति के अध्यक्ष डॉ राम विष्णु प्रसाद, सचिव दिलीप कुमार श्रीवास्तव आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद सभी अतिथियों को संस्था के तरफ से प्रतीक चिन्ह, अंगवस्त्र और हरित पौधा देकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश घर घर पहुंचाए जाने का संदेश दिया गया। मुख्य अतिथियों द्वारा संस्थागत स्मारिका स्पंदन का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री सह विधायक रामसेवक सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि लोगों को पर्यावरण के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है। हमारी एक हरकत दुनिया के पर्यावरण संतुलन को बिगाड़ सकती है। आज पर्यावरण प्रदूषण आतंकवाद से भी बढ़कर विश्व के समक्ष चुनौती के रूप में खड़ा है। कमल किशोर वर्मा ने कहा कि सबको मिलकर पौधरोपण के प्रति सजग होने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में पहुंचे समाजसेवी कमल नयन श्रीवास्तव ने कहा कि पौधा लगाकर हम अपने जीवन को सुरक्षित रख सकते है। वरिष्ठ साहित्यकार मधुरेश नारायण ने कहा कि जल, जंगल और जमीन का संरक्षण तभी हो सकेगा जब समाज में जागरूकता आएगी। इन्होंने अपनी स्व रचित रचना को पढ़कर लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम को मानवाधिकार कार्यकर्ता डॉ अनिल प्रसाद, डॉ ज्योत्सना प्रसाद, डॉ ब्रह्मदेव मंडल, डॉ नीलम श्रीवास्तव, वरीय अधिवक्ता पाण्डेय रामेश्वरी प्रसाद उर्फ छोटे बाबू, ललन मिश्र, मुखिया पंकज कुमार श्रीवास्तव, पर्यावरण मित्र सह कार्यक्रम संयोजक डॉ सत्य प्रकाश आदि ने संबोधित किया। वही संगीत शिक्षक अनूप शंभूनाथ, रोबिन पटेल, सुश्री सुषमा कुमारी ने शिक्षक विद्यानंद उपाध्याय के नेतृत्व में स्वागत गीत और जल जीवन हरियाली पर आधारित गीत संगीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रहे 101 सामाजिक योद्धाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ राम विष्णु प्रसाद ने किया। मंच संचालन कवि शर्फुद्दीन अली शरफ ने किया। सभी अतिथियों का स्वागत संरक्षक सुनील कुमार एवं धन्यवाद ज्ञापन संजय कुमार श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम में डॉ दिनेश यादव की पुस्तक पदार्थ विज्ञान का भी लोकार्पण किया गया। इस मौके पर डॉ राजीव दयाल, डॉ मनीष कुमार, चिरंजीवी प्रसाद, दिवाकर प्रसाद, डॉ हरेंद्र प्रसाद लाल, चेतन श्रीवास्तव, आनंद बिहारी श्रीवास्तव, सुनील कुमार आदि उपस्थित थे।

# पीडीएस व्यवस्था में गड़बड़ी पर होगी कार्रवाई

## अनुश्रवण समिति की बैठक में एसडीएम ने दिये सख्त निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बारसोई /कटिहार।** अनुमंडल कार्यालय बारसोई में सोमवार को अनुश्रवण समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी राजू कुमार ने की। बैठक में जन वितरण प्रणाली पीडीएस की कार्यप्रणाली की गहन समीक्षा करते हुए कई अहम निर्देश जारी किए गए।बैठक के दौरान एसडीओ ने एजीएम को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सभी पीडीएस डीलर को अनाज सही मात्रा में एवं वजन करके ही वितरित करें। किसी भी स्तर पर लापरवाही या गड़बड़ी पाए जाने पर एजीएम के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी, उन्होंने कहा कि गोदाम प्रबंधक के विरुद्ध कई शिकायत आ रही है, और निर्देश के बाद भी सुधार नहीं हो रहा है, अगर ऐसी स्थिति बनी रही तो गोदाम प्रबंधक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया जएगा, उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि पारदर्शिता और जवाबदेही से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। एसडीओ ने पीडीएस व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए, ताकि जरूरतमंदों तक सरकारी अनाज सही तरीके से पहुंच सके, उन्होंने अधिकारियों को नियमित निगरानी एवं शिकायतों के त्वरित निष्पादन पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। बैठक में एमओ सृजन श्रीवास्तव, उपमुख्य पार्षद प्रमोद कुमार साह, विधायक प्रतिनिधि सागर साह, पिंटू यादव,अब्दुल वदूद, मनोज कुमार साह, दिलीप राय सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# गैस वितरण को लेकर गोदामों पर दंडाधिकारी प्रतिनियुक्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मध्य पूर्व क्षेत्र में चल रहे युद्ध के कारण एलपीजी गैस एवं पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा संभावित कमी की आशंका के मद्देनजर जिले में आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा जमाखोरी एवं कालाबाजारी की रोकथाम हेतु सतत निगरानी रखी जा रही है। इसी क्रम में जिले के सभी प्रखंडों एवं नगर परिषद एवं नगर पंचायत क्षेत्रों में आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के प्रावधानों के अंतर्गत गैस एजेंसियों, विक्रेताओं एवं पेट्रोल पंपों के आसपास विधि-व्यवस्था बनाए रखने तथा जमाखोरी एवं कालाबाजारी करने वाले तत्वों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु प्रखण्ड एवं नगर निकायवार दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। जिला प्रशासन के संज्ञान में यह बात आई है कि कुछ गैस एजेंसियों द्वारा होम डिलीवरी के बजाय एजेंसी परिसर अथवा गोदाम से गैस का वितरण किए जाने के कारण अनावश्यक भीड़-भाड़ की स्थिति उत्पन्न हो रही है, जिससे आम उपभोक्ताओं को असुविधा हो रही है तथा विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। इस संबंध में स्पष्ट किया जाता है कि जिले में एलपीजी गैस की आपूर्ति पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है तथा किसी प्रकार की कमी नहीं है। साथ ही यह भी पाया गया कि गैस एजेंसियों के बाहर लंबी कतार लग जाने के कारण होम डिलीवरी वाहनों को सुचारू रूप से आवागमन करने में कठिनाई हो रही थी, जिसके परिणामस्वरूप वृद्धजन, दिव्यांगजन एवं महिलाएं, जो स्वयं गैस एजेंसी तक नहीं पहुंच पा रहे थे, उन्हें समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो पा रहा था। उपभोक्ताओं को हो रही इस असुविधा को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है, ताकि होम डिलीवरी व्यवस्था को बाधारहित एवं सुचारू रूप से संचालित कराया जा सके। जिलाधिकारी द्वारा सभी गैस एजेंसी प्रबंधकों को सख्त निर्देश दिया गया है कि किसी भी परिस्थिति में एजेंसी अथवा गोदाम से गैस का वितरण नहीं किया जाएगा। गैस का वितरण केवल होम डिलीवरी के माध्यम से प्रतीक्षा सूची के आधार पर पारदर्शी तरीके से सुनिश्चित किया जाएगा। इस संबंध में किसी प्रकार की शिथिलता पाए जाने पर संबंधित एजेंसी के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। उपभोक्ताओं को सुगमता से होम डिलीवरी के माध्यम से गैस उपलब्ध कराने तथा भीड़-भाड़ की स्थिति को नियंत्रित करने हेतु औरंगाबाद प्रखंड के सवेरा एचपी गैस, लिंगराज गैस एजेंसी एवं मगध गैस एजेंसी, नवीनगर प्रखंड के तान्या गैस एजेंसी तथा रफीगंज प्रखंड के बालाजी एचपी गैस एवं कारगिल गैस एजेंसी के गोदामों पर दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति की गई है। साथ ही, इन एजेंसियों के वितरण वाहनों के साथ प्रत्येक वाहन पर दो-दो पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति कर निगरानी सुनिश्चित की जा रही है, ताकि गैस का वितरण सुचारू, पारदर्शी एवं व्यवस्थित ढंग से किया जा सके। सभी गैस कंपनियों यथा एचपीसीएल, आईओसीएल एवं बीपीसीएल के एरिया मैनेजरों को भी निर्देशित किया गया है कि वे अपने अधीनस्थ गैस एजेंसियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित करें कि गैस का वितरण केवल होम डिलीवरी के माध्यम से ही किया जाए तथा इसकी नियमित निगरानी सुनिश्चित करें। जिला प्रशासन द्वारा आम नागरिकों से अपील की गई है कि गैस एजेंसियों अथवा गोदामों पर अनावश्यक भीड़ न लगाएं। सभी उपभोक्ताओं को क्रमवार ओटीपी के माध्यम से पारदर्शी तरीके से गैस की होम डिलीवरी सुनिश्चित की जा रही है। जिले में गैस की पर्याप्त उपलब्धता है, अतः किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें।

# दो चरणों में संपन्न होगी जनगणना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**औरंगाबाद।** भारत की जनगणना 2027 को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार चार्ज स्तर पर नामित फील्ड ट्रेनरों का सघन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। उल्लेखनीय है कि भारत की जनगणना 2027 का कार्य दो चरणों में सम्पन्न किया जाएगा। प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना (एचएलओ) तथा द्वितीय चरण में जनसंख्या गणना (पीई) का कार्य किया जाना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम 28 मार्च से 30 मार्च तक तीन बैचों में आयोजित किया गया। इस दौरान औरंगाबाद, दाउदनगर, ओबरा, गोह, हसपुरा, रफीगंज, बारूण, नवीनगर, देव, कुटुम्बा एवं मदनपुर सहित विभिन्न नगर निकायों से नामित कुल 96 फील्ड ट्रेनरों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण का आयोजन योजना भवन सभागार, औरंगाबाद, जिला परिषद सभागार, औरंगाबाद तथा जिला पंचायत संसाधन केन्द्र, औरंगाबाद में प्रतिदिन प्रातः 09:30 बजे से सायं 06:00 बजे तक किया जा रहा था। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर प्रशिक्षकों द्वारा जनगणना से संबंधित सभी आवश्यक बिंदुओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई, जिससे कार्य का सुचारु एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अपर समाहर्ता विशेष कार्य, श्री शार्दुल हसन खां, योजना पदाधिकारी, अविनाश प्रकाश एवं फील्ड ट्रेनर उपस्थित थे। जिला प्रशासन द्वारा भारत की जनगणना 2027 को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने हेतु सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं।

# मामूली विवाद में पति ने धारदार हथियार से की पत्नी की हत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** फेसर थाना क्षेत्र के आलमपुर गांव में घरेलू विवाद में सनकी पति ने पत्नी को धारदार हथियार से काटकर हत्या कर दी। मृतका की पहचान उस गांव निवासी मंटू कुमार की 30 वर्षीय पत्नी बेबी कुमारी के रूप में की गई। घटना के बाद से पति फरार है। सूचना पर पहुंची पुलिस आरोपी पति की तलाश में जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार मंटू कुमार कहीं प्राइवेट नौकरी करता है। आज सुबह वह घर पहुंचा था। किसी बात को लेकर पति-पत्नी में विवाद हो गया। इसके बाद पति ने आवेश में आकर पत्नी के उपर धारदार हथियार से शरीर के कई हिस्सों पर वार किया जिसमें पत्नी बुरी तरह जख्मी हो गई। शोर सुनकर पड़ोसी दौड़े तब तक पति मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से जख्मी महिला को आनन-फानन में सदर अस्पताल लाया जहां जांच के उपरांत चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई के उपरांत पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले में एसआई राजकुजार यादव ने बताया कि घरेलू विवाद में गंभीर रूप से जख्मी एक महिला की मौत हुई है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। वहीं मामले में आरोपी पति की तलाश की जा रही है।

# महावीर जयंती पर निकली प्रभात फ़ेरी, 'जियो और जीने दो' का दिया संदेश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर की जयंती के अवसर पर सोमवार को औरंगाबाद शहर में आस्था, श्रद्धा और सेवा का अद्भुत संगम देखने को मिला। सुबह से ही धार्मिक वातावरण के बीच जैन समाज द्वारा भव्य प्रभात फ़ेरी निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। प्रभात फ़ेरी की शुरुआत जैन समाज के अध्यक्ष कन्हैयालाल जैन के नेतृत्व में जैन मंदिर परिसर से हुई। फ़ेरी शहर के प्रमुख मार्गों मुख्य बाजार, धर्मशाला चौक होते हुए पिपरडीह मोड़ तक पहुंची और पुनः जैन मंदिर में आकर संपन्न हुई। पूरे मार्ग में





श्रद्धालु भगवान महावीर के जयकारे लगाते हुए अहिंसा, सत्य और करुणा के संदेश का प्रसार कर रहे थे, जिससे शहर का माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो गया। इस दौरान कन्हैयालाल जैन ने कहा कि भगवान महावीर का संदेश 'जियो और जीने दो'आज के समय में और भी प्रासंगिक हो गया है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने जीवन में अहिंसा, सहिष्णुता और सेवा भाव को अपनाएं, ताकि समाज में शांति और सद्भाव कायम रह सके। प्रभात फ़ेरी के उपरांत जैन समाज द्वारा सेवा कार्यों का आयोजन किया गया। शहर के सरकारी एवं निजी अस्पतालों में भर्ती मरीजों के बीच फल वितरित किए गए, वहीं गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को भोजन कराया गया। इस सेवा कार्यक्रम ने महावीर भगवान के करुणा और परोपकार के सिद्धांतों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। शाम के समय जैन मंदिर में विशेष आरती और पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। आरती से पूरा वातावरण गूंजता रहा। श्रद्धालुओं ने कहा कि महावीर जयंती केवल एक पर्व नहीं बल्कि मानवता को सही दिशा दिखाने वाला एक संदेश है। यह दिन हमें सत्य, संयम, अहिंसा और सेवा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। प्रभात फेरी में कुंदन माथुर, लखन गुप्ता, परमेश्वर प्रसाद (अमन कुक), नगर परिषद के अध्यक्ष उदय गुप्ता, रेडक्रास सोसायटी के चेयरमैन सतीश कुमार सिंह, कांग्रेस नेता चुलबुल सिंह समेत जैन समाज के सैकड़ों लोग शामिल थे। वहीं प्रसाद वितरण कार्यक्रम में पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह, वरीय भाजपा नेता सुनील कुमार सिंह, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्णबल्लभ सिंह बबुआ जी, डॉ. रवि रंजन, डॉ. शोभा रानी, डॉ. पीयुष रंजन, डॉ. चंद्रशेखर प्रसाद आदि उपस्थित थे।

# अभिभावक-शिक्षक गोष्ठी में बच्चों की प्रगति पर हुई चर्चा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** वार्षिक मूल्यांकन परीक्षा 2026 के अंतर्गत पीएम श्री मध्य विद्यालय, कुटुंबा में सोमवार को 'प्रवेश से प्रगति तक' थीम पर अभिभावक-शिक्षक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अभिभावकों की उपस्थिति में बच्चों का परिणाम पत्रक साझा किया गया और उनकी शैक्षणिक प्रगति पर विस्तृत चर्चा की गई। गोष्ठी की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक चंद्रशेखर प्रसाद साहू ने की। कार्यक्रम में कक्षा एक से आठवीं तक के कुल 465 विद्यार्थियों को कक्षावार परिणाम पत्रक वितरित किया गया। साथ ही अभिभावकों को बच्चों की उत्तर पुस्तिकाएं भी दिखाईं गईं, जिससे वे अपने बच्चों की पढ़ाई की स्थिति को बेहतर तरीके से समझ सकें। इस दौरान आठवीं कक्षा में उत्तीर्ण 140 विद्यार्थियों को विद्यालय स्थानांतरण प्रमाण पत्र (टीसी) भी प्रदान किया गया। प्रधानाध्यापक ने सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए



कहा कि नौवीं कक्षा में नामांकन कराना अनिवार्य है और सफलता के लिए निरंतर मेहनत जरूरी है। उन्होंने छात्रों को लक्ष्य निर्धारित कर पूरी लगन से पढ़ाई करने की प्रेरणा दी। प्रधानाध्यापक ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने आसपास के अनामांकित बच्चों का भी विद्यालय में नामांकन कराएं, ताकि शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित किया जा सके। वर्ग शिक्षक सतीश कुमार सिंह और मोहम्मद यूसुफ आलम ने भी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए विषय चयन, ईमानदारी से अध्ययन और समय प्रबंधन के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने छात्रों को बेहतर इंसान बनने के लिए अनुशासन और परिश्रम को अपनाने की सलाह दी। कार्यक्रम में शिक्षिका रीता कुमारी, पूनम उपाध्याय, सत्येंद्र सिंह, कमाल फातमा, कुमारी नंदिनी, संगीता कुमारी एवं बिमल चौहान ने अपने-अपने कक्षाओं में छात्रों को प्रगति पत्रक प्रदान किया। इस अवसर पर शिक्षा सेवक गोपाल चौधरी सहित बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

# अलग-अलग मामलों में 62 लोग गिरफ्तार

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में रविवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई। कार्रवाई में कुल 62 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 18 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार हत्या के शीर्ष में 2, हत्या के प्रयास में 4, मद्यनिषेध अधिनियम के तहत 5 तथा अन्य मामलों में 51 लोगों की गिरफ्तारी की गई। 42.50 लीटर देसी, विदेशी 4.875 लीटर विदेशी दो बाइक, एक ट्रैक्टर एवं 100 सीएफटी बालू बरामद किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 1010 वाहनों की जांच की गई जिसमें 113000 रूपये शमन की राशि वसूल की गई।

# इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट का सफल आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** बाल भारती पब्लिक स्कूल, नबीनगर द्वारा रोमांचक इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में श्री श्री एकेडमी (बीआरबीसीएल, नबीनगर) एवं बाल भारती पब्लिक स्कूल (एनटीपीसी, नबीनगर) ने भाग लिया। कक्षा पांचवीं-छठी (जूनियर श्रेणी) तथा सातवीं से दसवीं (सीनियर श्रेणी) के विद्यार्थियों ने अपने कौशल, खेल भावना और टीम वर्क का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। टूर्नामेंट अत्यंत रोमांचक रहा और सभी मैचों ने अंत तक दर्शकों को बांधे रखा। जूनियर श्रेणी (कक्षा पांचवीं और छठी) में बाल भारती पब्लिक स्कूल, एनटीपीसी नबीनगर विजेता रहा। कक्षा पांचवीं के आर्य पांडेय को जूनियर श्रेणी में 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया। सीनियर श्रेणी में श्री श्री एकेडमी, बीआरबीसीएल, नबीनगर ने विजय प्राप्त की। सीनियर श्रेणी में 'मैन ऑफ द मैच' का खिताब कक्षा दसवीं के सत्यम सिंह को मिला। विनीत झा (अतिरिक्त महाप्रबंधक, आई.टी, एनटीपीसी नबीनगर) ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। उन्होंने खिलाड़ियों एवं आयोजन समिति की सराहना करते हुए उन्हें आगे भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्या सारिका कुटे ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा, कि यह एक शानदार पहल है और आने वाले वर्षों में भी इसे इसी उत्साह के साथ जारी रखा जाएगा। श्री श्री एकेडमी के प्रधानाचार्य बपन दास ने भी अपने प्रेरणादायी शब्दों से प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाया। इस अवसर पर सारिका कुटे ने कहा कि हम एनटीपीसी अधिकारियों द्वारा प्राप्त निरंतर सहयोग और समर्थन के लिए आभारी हैं। इस कार्यक्रम को भव्य रूप से सफल बनाने में एनटीपीसी के कार्यकारी निदेशक एलके बेहरा, अतिरिक्त महाप्रबंधक (मानव संसाधन विभाग) ओंकार नाथ और वरिष्ठ प्रबंधक (मानव संसाधन विभाग) नागेंद्र कुमार शर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। हम 'चाइल्ड एजुकेशन सोसाइटी, नई दिल्ली द्वारा प्राप्त निरंतर मार्गदर्शन के लिए के भी कृतज्ञ रहेंगे। छात्र, अभिभावक और सभी कर्मचारी इस आयोजन से जुड़ी यादों को लंबे समय तक संजोकर रखेंगे। इस आयोजन ने छात्रों एवं शिक्षकों के बीच भाईचारे, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और उत्कृष्टता की भावना को और सुदृढ़ किया।

# एनडीपीएस एक्ट में दो अभियुक्तों को सश्रम कारावास, लगाया अर्थदंड

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** एनडीपीएस एक्ट में व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद ने दो अभियुक्तों को सश्रम कारावास एवं अर्थदंड की सजा सुनाई है। स्पेशल पीपी प्रवेज अख्तर ने बताया कि अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय आनंदिता सिंह ने मामले में सुनवाई करते हुए बरूणा गांव निवासी मुन्ना सिंह एवं बारूण थाना क्षेत्र के सोनाही गांव निवासी अमित सिंह को दोषी करार करते हुए एनडीपीएस एक्ट में में 30-30 दिनों का सश्रम कारावास एवं 5000-5000 रूपया अर्थदंड की सजा सुनाई है। विदित हो कि 29 जनवरी 2016 को सूचना के आधार पर रफीगंज थाना क्षेत्र के बरूणा में मुन्ना सिंह के घर पर छापेमारी की गई। इसी क्रम में करीब एक किलोग्राम गांजा का बीज बरामद किया गया था। इसके बाद गांजा के पौधों को विनष्ट कर मामले में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार करने के साथ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इसी मामले में सोमवार को सजा सुनायी गयी है।

# जिलाधिकारी ने 70 परिवादियों की सुनी समस्याएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के अंतर्गत संचालित ल्लसबका सम्मान ऽ जीवन आसानङ्क पहल के तहत जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए आम नागरिकों ने अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को जिलाधिकारी के समक्ष रखा।जनता दरबार के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित परिवादियों से एक-एक कर संवाद स्थापित करते हुए उनकी समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान कुल 70 परिवादियों ने अपने-अपने आवेदन प्रस्तुत किए।प्राप्त परिवादों में मुख्य रूप



से दाखिल-खारिज, अतिक्रमण, राशन कार्ड, नाली-गली निर्माण, भूमि विवाद, आंगनबाड़ी सेविका बहाली, जमाबंदी, इंदिरा आवास, भूमि मापी, जमीन पर अवैध कब्जा, परिमार्जन, एलपीसी निर्गत करने, पैक्स से संबंधित मामले, मानदेय भुगतान, आंगनबाड़ी बहाली में अनियमितता, अनुग्रह अनुदान सहित अन्य जनहित से जुड़े विषय शामिल रहे। जनता दरबार में प्राप्त सभी परिवादों को विधिवत पंजी में दर्ज कर संबंधित विभागों को अग्रसारित किया गया तथा संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित एवं आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिला प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी मामलों का निष्पादन निर्धारित समय-सीमा के भीतर किया जाए ताकि आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक विलंब न हो। जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी संबंधित पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक परिवाद का गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं न्यायसंगत निष्पादन सुनिश्चित किया जाए।







स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# संभावित अग्नि दुर्घटनाओं की रोकथाम को लेकर कार्यशाला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार अग्निशमन सेवा, औरंगाबाद द्वारा जिले के विभिन्न संस्थानों में किए जा रहे अग्नि अंकेक्षण के अनुपालन एवं अग्नि सुरक्षा मानकों के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निदेशानुसार जिला अग्निशमन पदाधिकारी प्रभा कुमारी की अध्यक्षता में टाउन हॉल में एक कार्यशाला (बैठक) का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जिले के प्रमुख औद्योगिक एवं वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जिनमें एनपीजीसीएल नबीनगर, बीआरबीसीएल नबीनगर, श्री सीमेंट औद्योगिक संस्थान,



औरंगाबाद सहित विभिन्न पेट्रोल पम्प, गैस गोदाम, सिनेमाघर, शॉपिंग मॉल, बड़े अस्पताल, स्कूल एवं कॉलेज के लगभग 150 प्रबंधक एवं मालिक उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिला अग्निशमन पदाधिकारी द्वारा अग्नि सुरक्षा से संबंधित आवश्यक मानकों, संस्थानों में अग्निशमन यंत्रों की उपलब्धता, आपात स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया, नियमित अग्नि अंकेक्षण के महत्व तथा सुरक्षा उपायों के प्रभावी अनुपालन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने सभी संस्थानों को निर्देशित किया कि अग्नि सुरक्षा मानकों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करें, ताकि संभावित अग्नि दुर्घटनाओं की रोकथाम की जा सके एवं जन-धन की क्षति से बचाव हो सके। कार्यशाला के माध्यम से संबंधित संस्थानों को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए, ताकि जिले में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सके। कार्यक्रम में सहायक आपदा प्रबंधन पदाधिकारी, अंतरा कुमारी, सहायक जिला अग्निशमन पदाधिकारी जयराम सिंह, अनुमंडल अग्निशामालय पदाधिकारी लालकेश्वर प्रसाद, दाउदनगर अनुमंडल अग्निशामालय रामाकांत सिंह, सोनाली कुमारी सहित अन्य अग्निक एवं अग्निक चालक उपस्थित रहे।

